WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, बुधवार, 4 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- तृतीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 231 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव निपटने के बाद अब सभी राजनीतिक दलों का ध्यान नई दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव पर केन्द्रीत हो गई है। इसके लिए राजनीतिक बिसात बिछ चुकी है। शह और मात का खेल शुरू हो गया है। एक दशक से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है। इससे नाराज कांग्रेस ने वहां एकला चलो रे की नीति पर चलने के संकेत दिए हैं। यदि ऐसा हुआ तो भाजपा के लिए दो की लड़ाई में तीसरे को फायदा वाली कहावत चरितार्थ हो सकती है।

बेगुनाहों को मौत की नींद सुलाने वालों पर पुलिसिया कार्रवाई शून्य

पूरे प्रदेश में 1211 हिट एंड रन केस में लोगों की गईं जानें, सिर्फ कोरबा में हिट एंड रन के 129 केस, ढाई साल में 50 से ज्यादा की मौत

ईश्वर चंद्रा

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लाख कवायदों के बावजूद सड़क हादसों पर कोई नियंत्रण नहीं लग पा रहा है। एक चौंकाने वाली रिपोर्ट में दो साल पांच महीने में हिट एंड रन के एक हजार 211 केस में लोगों की जानें चली गईं है। राजधानी रायपुर में 318 हिट एंड रन केस लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। जबकि कोरबा जिले में हिट एंड रन के 129 केस में कुल 50 से अधिक लोगों की मौत हुई हैं। यही हाल कमोवेश बिलासपुर सहित अन्य जिलों के हालात हैं। उदाहरण के तौर पर कोरबा जिले में दो साल पांच महीने में हिट एंड रन के 129 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें 50 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कई लोग घायल हुए हैं। टक्कर किसने मारा, आरोपी कौन था, कहां से आ रहा था, गाड़ी कौन सी यह राज ही रह गया। अपनों की मौत के आरोपियों को सजा नहीं दिला पाने का अफसोस आज भी उन परिजनों को है। जिन आरोपियों ने हादसों को अंजाम दिया उनके दामन पाक साफ हैं। ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

जटिल कागजी प्रक्रिया भी मुआवजे में बाधा

मुआवजा मिलने में जटिल कागजी प्रक्रिया से गुजरना होता है। एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, आश्रित का पासबुक, आधार कार्ड और संबंध प्रमाण पत्र के रूप में पारिवारिक सूची आवेदन के साथ देनी होती है। पारिवारिक सूची मुखिया की अनुशंसा फिर सीओ द्वारा निर्गत किया जाता है। दूसरी ओर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए भी लोगों को थाने का चक्कर काटना पड़ता है। पुलिस भी काम के बोझ से इतनी दबी रहती है कि उनके लिए एक-एक मामलों की जांच मुश्किल होती है।

जानें हिट एंड रन के कहां कितने मामले

रायपुर	318	कोरिया	32
बिलासपुर	187	मुंगेली	10
कोरबा	129	सूरजपुर	64
जांजगीर-चांपा	94	गोरेला-पेंड्रा-मरवाही	18
रायगढ़	185	सक्ती	38
सरगुजा	117	एमसीबी	19

यौन उत्पीड़न अधिनियम के क्रियान्वयन सुको का निर्देश

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं को उत्पीडऩ से बचाने के लिए बनाए गये महिला यौन उत्पीडऩ (रोकथाम, संरक्षण और निवारण) अधिनियम-2013 को पूरे देश में एक समान रूप से लागू करने में चुनौतियों के मद्देनजर इस कानून को मजबूत बनाने के लिए मंगलवार को कई दिशानिर्देश जारी किये। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अधिनियम के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए हर जिले में जिला अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। धारा पांच के प्रावधानों के तहत इन अधिकारियों को आंतरिक शिकायत समितियों के बिना जिलों में कार्यस्थल उत्पीडऩ की शिकायतों को दूर करने के लिए धारा छह में निर्धारित स्थानीय समितियों का गठन करना आवश्यक है।

ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी

आगरा (ए.)। आगरा के ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. यह धमकी आज यानी मंगलवार को ईमेल के जरिए आई है. धमकी को लेकर एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने कहा कि मंगलवार को पर्यटन विभाग को ईमेल मिला है, जिसमें इसे बम से उड़ाने की बात कही गई है. उन्होंने कहा कि पुलिस ने ताजगंज थाने में एक मामला दर्ज कर लिया है. आगे की जांच की जा रही है. फिलहाल ताजमहल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पूर्व सीएम मुंडा के भाई का निधन

रांची/नवप्रदेश। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार तड़के जमशेदपुर टाटा मोटर्स अस्पताल में निधन हो गया. वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे. उनके निधन की खबर सुनकर सीएम हेमंत सोरेन, ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शोक व्यक्त किया है।

पूर्व सीबीआई डायरेक्टर विजय शंकर का निधन

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के पूर्व डायरेक्टर विजय शंकर का मंगलवार सुबह निधन हो गया है। उनकी अगुआई में सीबीआई ने आरुषी-हेमराज हत्याकांड, मालेगांव धमाका और मक्का मस्जिद जैसे मामलों की जांच की। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएड़ा के अस्पातल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार के सदस्य ने कहा, यह बहुत ही दुख की घड़ी है। यथार्थ अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।
उनके परिवार ने बताया कि विजय शंकर की आखिरी इच्छा थी कि उनके अंग एम्स को दान कर दिए जाएं। वह पैंक्रियाटिक कैंसर से पीड़ित थे और लंबे समय से इलाज चल रहा था।

लोकसभा में संभल मुद्दे पर विपक्ष का वॉकआउट, फिर वापस लौटे

लोकसभा में रार, बरकरार

● बार-बार वॉकआउट के चलते प्रश्नकाल में जनहित के मुद्दों पर चर्चा अधूरी

दिल्ल्ली (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत लोकसभा में लगभग पूरा विपक्ष मंगलवार को कुछ देर के लिए वॉकआउट कर गया। सदन जैसे ही प्रश्नकाल के लिए बैठा, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव खड़े हो गए और उन्होंने इस मुद्दे पर स्पीकर ओम बिरला से बोलने की अनुमति मांगी।

यादव ने कहा, 'यह बहुत गंभीर मामला है। पांच लोगों की जान चली गई है। स्पीकर ने कहा कि सदस्य इस मुद्दे को शून्यकाल में उठा सकते हैं, जिसके बाद यादव और उनके सहयोगियों ने वॉकआउट करना शुरू कर दिया। कुछ सपा सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में चले गए।

सपा के सदस्य जब वेल में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तब डीएमके सदस्य ए राजा कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी सदस्यों से अपनी सीटों से उठकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह करते देखे गए। सपा सांसदों के समर्थन में एनसीपी और शिवसेना-यूबीटी के सदस्य खड़े हो गए। कांग्रेस के कुछ सदस्य भी खड़े हो गए और गांधी विरोध प्रदर्शन के समर्थन में गलियारे में आ गए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू यादव के पास पहुंचे। कुछ देर बाद यादव ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

हंगामे के बीच अडाणी और संभल हिंसा मुद्दे पर विपक्ष प्रदर्शन

सपा-टीएमसी ने किया प्रदर्शन से किनारा

अखिलेश बोले- चुनाव था, इसलिए संभल में हुई हिंसा

संसद के शीतकालीन सत्र का मंगलवार को छठवें दिन सदन शुरू होने से पहले विपक्षी इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने अडाणी और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हुए। सपा और टीएमसी के सांसद नहीं आए। लोकसभा में उत्तर प्रदेश में संभल हिंसा पर बोलते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में जो घटना हुई है, वह एक सोची समझी साजिश है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उत्तर प्रदेश में चुनाव था। संभल में भाईचारे को गोली मारने का काम हुआ है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों द्वारा पूरे देश में खुदाई की बातें देश के भाईचारे को खो देगी।

राज्यसभा : इस सत्र में पहली बार चली सुचारू कार्यवाही

अडानी समूह की कथित अनियमितताओं, संभल तथा मणिपुर की स्थिति , वायनाड और फेंगल के कारण आयी आपदा जैसे मुद्दों पर नियम 267 के अंतर्गत चर्चा कराने की मांग पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बना गतिरोध मंगलवार को राज्यसभा में दूर हो गया और सभापति ने सदस्यों को इनमें से कुछ विषयों पर शून्यकाल के दौरान अपनी बात रखने की अनुमति दे दी, जिससे शीतकालीन सत्र में पांच दिन के बाद पहली बार सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चली।

विपक्षी सदस्यों के इन मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग पर अड़े रहने के कारण सत्र के पहले पांच दिन हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी जिससे सदन में विधायी कामकाज नहीं हो सका।

सभापति जगदीप धनखड़ ने आज जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद विधायी कामकाज शुरू करते हुए बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के 42 नोटिस मिले हैं। इनमें अजमेर शरीफ , संभल की स्थिति, मणिपुर की स्थिति, ओडिशा को विशेष दर्जा देने , ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

कानून की नजर में सब बराबर होते हैं : मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब के चंडीगढ़ पहुंचे। यहां पर तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन के लोकार्पण के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक ऐसे वक्त में जब देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित 'भारतीय न्याय संहिता के प्रभाव का प्रारंभ होना, बहुत बड़ी बात है।

पीएम मोदी ने कहा, पहले अपराधियों से ज्यादा डर निर्दोषों में रहता था। कई अहम कानून चर्चा से दूर हैं। अनुच्छेद 370, ट्रिपल तलाक पर खूब चर्चा हुई और आजकल वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा हो ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सबसे आगे बैठेंगे पीएम मोदी, प्रियंका गांधी वाड्रा को मिली सीट नंबर 517

लोकसभा में सांसदों के लिए सीटों का आवंटन पूरा हो चुका है। ताजा व्यवस्था के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहले की तरह 1 नंबर सीट आवंटित की गई है। जबकि, संसद की नई सदस्य वायनाड से उपचुनाव जीतने वाली प्रियंका गांधी वाड्रा को 517 नंबर की सीट आवंटित की गई है। विपक्षी दलों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सबसे पहली पंक्ति में होंगे।

गडकरी की बदली सीट

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

10 हजार के इनामी कमांडर सहित तीन नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना मिरतुर एवं नेलसनार की अलग-अलग कार्रवाई में 10 हजार के ईनामी नक्सली जनताना सरकार सदस्य एवं सीएनएम कमांडर सहित तीन नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एक दिसंबर को थाना मिरतुर एवं 15/ई कंपनी छसबल चेरली की संयुक्त टीम साप्ताहिक बाजार प्रबंध पिनकोण्डा, एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी और वापस लौटते समय पाटलीगुड़ा पुलिया के पास उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। उन्हें पकड़ लिया गया और जांच में, उनके पास से पांच किग्रा का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही विस्फोटक के साथ दो माओवादी जन मिलिशया सदस्य सुरेश कारम, राजेश माड़वी को गिरफ्तार किया और एक अन्य माओवादी ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों के नापाक मंसूबे नाकाम, सुरक्षाबलों को मिले 3 आईईडी

फरसगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोड़ागांव जिले में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। कोण्डागांव जिले और कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में गस्त दौरान 2. 2 किग्रा. के 3 नग आईईडी बरामद किया। बताया जा रहा है कि, नक्सलियों ने सुरक्षाबलों नुकसान पहुंचाने के नियत से आईईडी लगाया था। बीडीएस की टीम ने मंगलवार को नष्ट कर दिया। ग्राम माडग़ांव के पहाड़ी क्षेत्र में आईईडी लगाया गया था। एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा के नेतृत्व में जवान गस्त में निकले थे। मामला धनोरा थाना क्षेत्र का है।

जवानों को मिली बड़ी सफलता : *वहीं रविवार को छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर* ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्घटना में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत

अलपुझा (वार्ता) केरल के अलपुझा जिले में सोमवार रात एक कार और राज्य परिवहन की बस की भिडंत में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के पांच छात्रों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में सवार 15 यात्री और कार में सवार छह छात्र भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कल रात उस समय हुई जब यहां भारी बारिश हो रही थी। गुरुवायुर-कायमकुलम फास्ट पैसेंजर बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें 11 लोगों में से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। उन्हें वंदनम के टीडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो और लोगों की मौत हो गयी। इस घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मौके से हटवाया। उन्होंने बताया कि मृतकों में मलप्पुरम के कोट्टाकल निवासी देवनाथन (19), पलक्कड़ के शेखरीपुरम निवासी श्रीदेव वाल्सन (19), ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

अभी टला नहीं चक्रवात 'फेंगल' का खतरा

नई दिल्ली। उत्तर भारत में सर्दियां दस्तक दे चुकी हैं। लोग गर्म कपड़ों, रजाई और कंबल पर आश्रित हो रहे हैं। वहीं दक्षिण भारत में चक्रवात और भारी बारिश ने लोगों को परेशान किया है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने केरल के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। विभाग ने खासकर केरल और माहे में बहुत भारी बारिश का अनुमान लगाया है, जबकि तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

इस बार कम पड़ेगी सर्दीः वहीं मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक सर्दी का मौसम कुछ नरम रहने की उम्मीद है। देश के ज्यादातर हिस्सों में ठंड की तीव्रता कम होगी और न्यूनतम तापमान औसत से ज्यादा रहेगा। जहां आमतौर पर सर्दियों में 5-6 दिन शीतलहर चलती है, इस बार यह संख्या घटकर 2-4 दिनों तक सीमित रह सकती है। दक्षिण प्रायद्वीपीय इलाकों में हालांकि सामान्य या उससे कम तापमान रहने की संभावना है।

राहुल ने चक्रवात फेंगल से उपजी त्रासदी पर जताया शोक

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान के कारण लोगों को हुई जान-माल की हानि पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि तमिलनाडु में चक्रवात फेंगल की विनाशकारी खबर। इस त्रासदी के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ भी हैं जिनके घर और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

मोदी ने तमिलनाडु में बाढ़ की स्थिति पर स्टालिन से की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु में बाढ़ की स्थिति पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से बातचीत की है। यह जानकारी यहां अधिकारी सूत्रों ने दी। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मोदी ने स्टालिन को बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए केन्द्र की ओर से हर संभव सहायता और सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

गरमा-गरम

ईवीएम को चुनौती | यह वोटिंग चुनाव आयोग नहीं करवा रहा , गांव के लोगों ने खुद ही लिया फैसला

महाराष्ट्र की इस सीट पर बैलेट पेपर से होगा मतदान

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद भी विपक्ष ने ईवीएम पर निशाना साधा। शिवसेना सांसद संजय राउत कई बार कह चुके हैं कि परिणाम चौकाने वाले हैं और पूरी प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। अब सोलापुर के एक गांव में बैलेट पेपर से चुनाव होने जा रहे हैं। यह वोटिंग चुनाव आयोग नहीं करवा रहा है बल्कि गांव के लोगों ने खुद ही वोटिंग करने का फैसला किया है और पूरी व्यवस्था भी की है। गांव के लोगों का कहना है कि पूरा गांव महाविकास अघाड़ी का समर्थक है। बावजूद इसके गांव से बीजेपी के प्रत्याशी को ज्यादा वोट मिले हैं।

मारकावाडी गांव मालशिराज विधासभा क्षेत्र में आता हैः सोलापुर जिले का मारकावाडी गांव मालशिराज विधासभा क्षेत्र में आता है। इस सीट पर एनसीपी प्रत्याशी उत्तमराव जांकर ने बीजेपी के पूर्व विधायक राम सतपुते को हराया है। हालांकि गांव के लोगों का कहना है कि इस गांव के आंकड़ों में बीजेपी प्रत्याशी आगे थे। सोलापुर प्रशासन ने कुछ गांव के लोगों को नोयिस जारी कर इस रीपोलिंग को रुकवाने की भी बात कही है। प्रशासन का कहना है कि इससे तनाव का माहौल बन सकता है। सोमवार को ही गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

सोलापुर के एसपी अतुल कुलकर्णी ने कहा, हमने सावधानी की लिहाज से पुलिस फोर्स तैनात कर दी है। इसके अलावा प्रशासन गांव के लोगों से बात कर रहा है कि इस तरह का कदम ना उठाया जाए। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक एक ग्रामीण ने कहा कि गांव में 2000 वोट्स थीं। इनमें से 1900 पोल हुई थीं। गांव हमेशा से ही जांकर का समर्थक रहा है। लेकिन इस चुनाव में जांकर को 843 ही वोट मिले और सतपुते को 1003 वोट मिल गए।

चंदा लगाकर बैलेट पेपर तैयार किया

एमवीए के समर्थकों का कहना है कि चंदा लगाकर बैलेट पेपर तैयार करवाया गया है जिसपर प्रत्याशियों का फोटो और नाम है। इसके अलावा सभी ग्रामीणों को वोट के लिए आमंत्रित करने के लिए बैनर लगाए गए हैं। हम चुनाव जैसी पूरी प्रक्रिया का पालन करेंगे। इसके अलावा तहसीलदार से भी अपील की गई है कि कुछ सरकारी अधिकारियों को प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए भेजा जाए। वहीं मालशिरा सीट के रिटर्निंग ऑफिसर का कहना है कि यहां चुनाव की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी थी। मरकावाडी में तीन बूथ थे और आंकड़ों में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं है।

जाते-जाते बाइडेन यूक्रेन को दे गए घातक हथियार

● भड़क उठे मानवाधिकार संगठन

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अगले महीने खत्म हो रहे अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में यूक्रेन को 725 मिलियन डॉलर यानी करीब 6139 करोड़ रुपए की बड़ी सैन्य मदद देने जा रहे हैं। इसका उद्देश्य युद्ध के मैदान में न केवल रूस का मुकाबला करना है बल्कि कीव को रणक्षेत्र में आगे बढ़ाना है। इस सहायता पैकेज के साथ अमेरिका यूक्रेन को कई किस्म के हथियार भी उपलब्ध करा रहा है, जिसमें कई ड्रोन रोधी सिस्टम, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम और एंटी पर्सनल लैंड माइंस भी शामिल है।

राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा HIMARS जैसे घातक हथियार सौंपने के बाद चर्चा का बाजार गर्म है और आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम को लेकर कई किस्म की अटकलें लगाई जा रही है, जिसकी लंबी दूरी की मारक क्षमता है। यूक्रेन लंबे समय से इसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ 186 मील अंदर तक करना चाह रहा है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यूक्रेन को भेजे जा रहे इस सैन्य खेप में ATACMS को शामिल किया जा रहा है या नहीं।

फेंगल से तमिलनाडु-पुडुचेरी में बाढ़ का कहर, 5 की मौत,केरल-कर्नाटक में भी चेतावनी

चेन्नई/तिरुअनंतपुरम। चक्रवाती तूफान फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी तबाही मचाई है। इसके प्रभाव से पिछले दो-तीनों में हुई मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। उत्तरी तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले में सड़कों और घरों में पानी भर गया है। तिरुवन्नामलाई जिले में एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग अभी लापता हैं, जिनकी तलाश में एनडीआरएफ की टीम जुटी है। मुख्यमंत्री एमकी स्टालिन ने कहा है कि इस प्राकृतिक आपदा से 69 लाख परिवार और 1.5 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से 2000 करोड़ रुपये जारी करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में स्टालिन ने कहा कि उक्त धनराशि से राज्य को क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे और आजीविका की अस्थायी बहाली में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा है कि चक्रवाती तूफान सेस राज्य के 14 जिलों में भारी तबाही हुई है। शुरुआत में इससे तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम और मायीलदुथुरई जिलों में भारी बारिश हुई। इसके बाद चेन्नई, थिरुवल्लुर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और विल्लुपुरम में अत्यधिक बारिश हुई। 1 दिसंबर को जब फेंगल तट से टकराया तो उसके बाद विल्लुपुरम, कलाकुरिची, कुड्डालोर और तिरुवन्नामलाई जिलों में सड़कों के साथ ही बिजली लाइनों को भारी नुकसान पहुंचा क्योंकि हवा की रफ्तार 90 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई थी। भूस्खलन के बारे में तिरुवन्नामलाई के जिला कलेक्टर डी भास्कर पांडियन ने बताया था कि स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे घर में पांच बच्चों समेत सात लोगों के होने की आशंका जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि घर पहाड़ी की तलहटी में था और 1 दिसंबर को भारी बरसात के कारण ऊपर से गिरे बड़े-बड़े पत्थरों की चपेट में आ गया।

पश्चिम तमिलनाडु में दो दशक भी भीषण बाढ़

पश्चिम तमिलनाडु में कृष्णागिरी और धर्मपुरी जिलों के कुछ हिस्सों में भी पिछले दो दशकों में अभूतपूर्व बाढ़ देखी गई। 2 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे से पहले 24 घंटे के दौरान कृष्णागिरि जिले के उथंगराई में 50 सेमी, विल्लुपुरम जिले में 42 सेमी और धर्मपुरी के हरुर में 33 सेमी बारिश हुई है। कुड्डालोर और तिरुवन्नामलाई में 16 सेमी वर्षा दर्ज किया गया।

न्यूज गैलरी

लापता मैतेई शख्स की सेना के 2000 जवान कर रहे तलाश

इंफाल। मणिपुर में लापता मैतेई शख्स की तलाश बड़े पैमाने पर की जा रही है, इसमें सेना के करीब 2000 जवान, शिकारी कुत्ते और ड्रोन की मदद से खोजबीन जारी है। सेना के अनुसार, असम के कछार जिले के मूल निवासी लैशराम कमलबाबू सिंह, जो इंफाल पश्चिम के खुखरुल में रहते थे, 57वें माउंटेन डिवीजन के लेइमाखोंग सैन्य स्टेशन में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (एमईएस) के साथ काम करने वाले एक ठेकेदार के लिए कार्य पर्यवेक्षक थे। इस मामले में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा था कि वह सैन्य स्टेशन से लापता हो गए थे, उन्होंने अधिकारियों से उन्हें खोजने की जिम्मेदारी लेने को कहा था। इस मामले में मणिपुर पुलिस ने सोमवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, '25 नवंबर 2024 से लापता लैशराम कमलबाबू सिंह का पता लगाने के लिए मणिपुर पुलिस की तरफसे भारतीय सेना की सहायता से बड़े पैमाने पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

ममता को शायद मालूम न हो कि...

बंगाल। एक दिन पहले पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से अपील की थी कि वे संयुक्त राष्ट्र से अनुरोध करें और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए शांति सेना भिजवाएं। ममता बनर्जी की इस मांग पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का बयान आया है। थरूर ने कहा कि शायद ममता बनर्जी को संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन की भूमिका और उनकी शक्तियों के बारे में जानकारी नहीं है। मैंने कई साल शांति सेना के साथ काम किया है, इसलिए मैं बता सकता हूं कि शांति सेना यूं ही किसी देश के अंदर प्रवेश नहीं कर सकती या तैनात नहीं हो सकती है।

बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में कथित तौर पर कुछ लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ की

बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त तलब, अगरतला मामले पर जताया विरोध, काउंसलर सर्विस भी बंद

ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बीच त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में पड़ोसी मुल्क के राजनयिक मिशन में हुई तोड़फोड़ मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है. वहीं परिसर में घुसपैठ के मामले में चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. इस बीच बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर घटना का विरोध जताया गया है. साथ ही बांग्लादेश ने अगरतला में अपनी काउंसलर सर्विस भी बंद करने का ऐलान किया है। दरअसल, सोमवार को अगरतला में स्थित बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में कथित तौर पर कुछ लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ की और हंगामा मचाया. इस घटना को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने निंदा की और कार्रवाई करने के आदेश दिए. घटना पर पश्चिम त्रिपुरा के एसपी किरण कुमार के ने पीटीआई को बताया कि ड्यूटी में कथित लापरवाही के लिए पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

इस घटना को लेकर न्यू कैपिटल कॉम्प्लेक्स (एनसीसी) पुलिस स्टेशन में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया है. घटना में कथित संलिप्तता के लिए अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और कानून के अनुसार कदम उठाएगी।

एसपी ने बताया कि घटना के बाद वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सीआरपीएफ तथा त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों को तैनात किया गया है. यह घटना सोमवार को उस समय हुई जब हिंदू संघर्ष समिति के कार्यकर्ता हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का विरोध कर रहे थे। घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा, विरोध रैली के दौरान युवाओं के एक समूह ने अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग कार्यालय में घुसने की कोशिश की. मैं घटना की निंदा करता हूं. शांतिपूर्ण विरोध की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है. वर्मा को कल सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में हुई घटना पर बांग्लादेश का विरोध दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है. सूत्रों का कहना है कि वर्मा ने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के कार्यालय में कार्यवाहक विदेश सचिव रियाज हमीदुल्लाह से मुलाकात की। उधर, बांग्लादेश ने अगरतला की घटना को अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने मंगलवार को भारत से शेख हसीना शासन के पतन के बाद अपने पड़ोसी का नए सिरे से मूल्यांकन करने को कहा. विधि मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, ÷हम समानता और आपसी सम्मान पर आधारित मित्रता में विश्वास करते हैं. जबकि शेख हसीना की सरकार ने बिना चुनाव के सत्ता में बने रहने की भारत समर्थक नीति अपनाई।

दिल्ली में बढ़ाई गई बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा

वहीं दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायोग की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. चाणक्यपुरी में बांग्लादेश उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आयोग के चारों ओर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि इसके परिसर के आसपास कोई भीड़ न हो।

टैरिफ की बात पर घबराएं ट्रुडो को ट्रंप की सलाह

कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना दो...

वाशिंगटन। अमेरिका के भावी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों से आने वाले सामानों पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इसके बाद इन देशों में हलचल तेज है। इस बीच बीते शुक्रवार कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो ने फ्लोरिया में डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी। मार-ए-लागो में लगभग तीन घंटे की मीटिंग में माहौल हल्का फुल्का रहा और ट्रंप ने ट्रूडो को एक अनोखी सलाह भी दी है। डिनर मीट के दौरान ट्रूडो ने कथित तौर पर ट्रंप से कहा कि नए टैरिफ कनाडाई अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकते हैं। इस पर ट्रंप ने जवाब देते हुए कहा कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए।

अमेरिकी समाचार चैनल के अनुसार दोनों नेताओं के बीच चर्चा का मुख्य फोकस टैरिफ और सीमा पर था। कनाडा के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे के बारे में बोलते हुए ट्रंप ने दावा किया कि यह 100 बिलियन डॉलर से अधिक है। ट्रंप ने ट्रूडो को साफ शब्दों में कहा कि अगर कनाडा सीमा विवाद और व्यापार घाटे को ठीक नहीं कर सकता है, तो वह अपने पद ग्रहण करने के पहले दिन ही सभी कनाडाई उत्पादों पर 25त्न टैरिफ लगा देंगे। जवाब में ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप टैरिफ नहीं लगा सकते क्योंकि इससे कनाडा की अर्थव्यवस्था खत्म हो जाएगी। फॉक्स न्यूज के अनुसार ट्रंप ने जवाब दिया, ÷तो आपका देश तब तक जीवित नहीं रह सकता जब तक कि वह अमेरिका को 100 बिलियन डॉलर का चूना न लगा दे?÷ ट्रंप ने ट्रूडो को सुझाव दिया, ÷कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बन जाए। ट्रंप ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री एक बेहतर पद है, हालांकि वे 51वें राज्य के गवर्नर भी हो सकते हैं। खबरों के मुताबिक ट्रंप ने ट्रूडो और अन्य मेहमानों का स्वागत अच्छे से किया।

एलएसी पर शांति बहाली के बाद सीमा विवाद सुलझाने पर जोर : विदेशमंत्री एस जयशंकर

नई दिल्ली। लोकसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत-चीन सीमा विवाद पर जानकारी देते हुए कहा कि, एलएसी पर हालात सामान्य है। फिलहाल शांति बहाली की कोशिश जारी है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि, सीमा पर हालात सुधारने के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि, कोई भी पक्ष स्थिति से छेड़छाड़ नहीं करेगा और सहमति से ही सभी मसलों का समाधान किया जाएगा। चीन से बातचीत के बारे में जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि, सीमा पर हालात सामान्य होने के बाद ही चीन से बातचीत की गई है। विदेश मंत्री ने कहा कि, एलएसी पर बहाली का पूरा श्रेय सेना को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि, कूटनीतिक पहल से सीमा पर हालात सामान्य हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच सहमति बनी है कि यथास्थिति में एकतरफा बदलाव नहीं किया जाएगा और साथ ही दोनों देशों के बीच पुराने समझौतों

एलएसी पर बहाली के लिए सेना को श्रेय

का पालन किया जाएगा। सीमा पर शांति के बिना भारत-चीन के संबंध सामान्य नहीं रह सकते।

'सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए दशकों तक बातचीत'

लोकसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, मैं सदन को भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल के कुछ घटनाक्रमों और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूं। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था। हाल के घटनाक्रम जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाते हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दशकों तक बातचीत की है। सीमा विवाद के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य रूपरेखा पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चा की गई। सदस्यों को याद होगा कि अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन की तरफसे बड़ी संख्या में सैनिकों को एकत्र करने के बाद कई बिंदुओं पर हमारी सेनाओं के साथ आमना-सामना हुआ। इस स्थिति के कारण गश्ती गतिविधियों में भी बाधा पैदा हुई। यह हमारे सशस्त्र बलों के लिए श्रेय की बात है कि रसद संबंधी चुनौतियों और तत्कालीन कोविड स्थिति के बावजूद, वे तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी तैनाती करने में सक्षम थे।

पत्रकारिता के अजातशत्रु , अच्युतानंद मिश्रा

वरिष्ठ संपादक पर केंद्रित पुस्तक का लोकार्पण समारोह में जुटे मीडिया दिग्गज

नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार व संपादक और लेखक अच्युतानंद मिश्र के जन्मदिन पर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व पर केन्द्रित पुस्तक 'अच्युतानंद मिश्रः समावेशी शब्द साधक' का लोकार्पण सोमवार को किया गया।

पुस्तक के संपादक डॉ. मनीषचंद्र शुक्ल हैं और इसका प्रकाशन प्रलेक प्रकाशन, मुंबई ने किया है। पुस्तक का लोकार्पण आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय, सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, कलानिधि प्रभाग के अध्यक्ष व डीन (प्रशासन) प्रो. रमेश चंद्र गौड़, माधवराव सप्रे संग्रहालय, भोपाल के संस्थापक-संयोजक विजयदत्त श्रीधर, मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, भोपाल के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत और प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. चंद्रकला त्रिपाठी और प्रो. कृपाशंकर चौबे ने किया। इस अवसर पर अच्युतानंद की भी गरिमामय उपस्थिति रही। लोकर्पण में पुस्तक के संपादक डॉ. मनीषचंद्र शुक्ल और प्रकाशक

जितेंद्र पात्रो भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान अच्युतानंद मिश्र के सहयोगी रहे साहित्यकारों और पत्रकारों ने अपने संस्मरण साझा किए। सबके संस्मरण भिन्न-भिन्न थे, लेकिन सबके संस्मरण से यह बात समान रूप से उभरी कि अच्युतानंद जी परिवार के बड़े की तरह सबकी बहुत चिंता करते हैं और अत्यंत समावेशी हैं। कोई भी उनसे अपना दुख-सुख निःसंकोच कह सकता है। उनके अंदर ममत्व और अपनत्व का भाव अद्भुत है। हिन्दी के प्राध्यापक रहे प्रो. रामाश्रय रत्नेश कहा कि उनमें निर्णय लेने की गजब की क्षमता है। उनका व्यक्तित्व चुंबकीय था। वरिष्ठ पत्रकार अरुण त्रिपाठी ने कहा कि अच्युता जी पत्रकारिता के अजातशत्रु हैं। ट्रिब्यून, चंडीगढ़ के संपादक राजकुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार और पत्रकारिता के अध्यापक प्रो. गोविंद सिंह, माइक्रोसॉफ्ट के निदेशक बालेंदु शर्मा दाधीच, वरिष्ठ पत्रकार श्री संत समीर, भारतीय जनसंचार संस्थान के प्रो. प्रमोद कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती नीरजा माधव, श्री आचार्य कृपलानी मेमोरियल ट्रस्ट के श्री अभय प्रताप, वरिष्ठ पत्रकार श्री उमेश चतुर्वेदी, प्रसिद्ध साहित्यकार श्री ज्योतिष जोशी ने अपने संस्मरण साझा किए। सबने उनके शतायु होने की कामना की। श्री अच्युतानंद मिश्र जी ने सभी वक्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके प्रति जितने अच्छे-अच्छे विशेषणों का प्रयोग वक्ताओं ने किया, वह उनका प्रेम है। उन्होंने कहा, ÷मैंने कोई नया काम नहीं किया है, कोई अनोखा काम नहीं किया है।

हिजबुल्लाह के इस कदम से इजरायल का खौला खून, 11 की मौत

जेरूसलम। पिछले सप्ताह संघर्ष विराम पर सहमति जताने के बाद भी लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष जारी है। सोमवार को इजरायल ने लेबनान पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। सीजफायर के बाद से सबसे बड़े हमलों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है। वहीं हिजबुल्लाह ने भी संघर्ष विराम को ताक पर रखते हुए कई रॉकेट दागे हैं। बीते बुधवार दोनों पक्षों के बीच 60 दिनों का संघर्ष विराम लागू होने के बाद हिजबुल्लाह ने पहली बार इजरायली सेना पर निशाना साधा जिससे इजरायल का पारा सातवें आसमान पर है। ताजा हमलों के बाद लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण के एक गांव में इजरायली हवाई हमले में पांच लोग मारे गए और दो घायल हो गए। वहीं पर एक और हवाई हमले में चार लोग मारे गए और दो घायल हो गए हैं।

बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम के मास्टरमाइंड हैं मोहम्मद यूनुस

नई दिल्ली। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर जारी है। दुनिया भर में कृष्ण भक्ति का प्रचार-प्रसार करने वाली संस्था ISKCON से जुड़े संत चिन्मय कृष्णदास को जेल भेजा गया है। उन पर हिंसा भड़काने के आरोप लगाए गए हैं। इसके खिलाफ भी बांग्लादेश में हिंदुओं के बीच गुस्सा है। इस बीच पूर्व पीएम शेख हसीना ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार के जिम्मेदार अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस हैं। शेख हसीना ने तो मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा का मास्टरमाइंड बताया है। शेख हसीना ने अवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मंदिरों, चर्चों पर हमले के पीछे मोहम्मद युनूस का हाथ है।

गतिरोध से विकास तक... आईआईएम बैंगलोर में जारी अपनी केस स्टडी

प्रगति प्लेटफॉर्म और भारत के डिजिटल गवर्नेंस पर ऑक्सफोर्ड बिजनेस स्कूल केस स्टडी के मुख्य निष्कर्ष

बेंगलुरु। ऑक्सफोर्ड के सैद बिजनेस स्कूल ने आज आईआईएम बैंगलोर में जारी अपनी केस स्टडी में बताया है कि किस तरह से भारत का प्रगति प्लेटफॉर्म (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) बड़े बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास परियोजनाओं को लागू करने के तरीके को बदल रहा है। गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से किया गया शोध बताता है कि कैसे डिजिटल गवर्नेंस में इस नवाचार ने 205 बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को गति देने में मदद की है।

इस केस स्टडी के मुख्य निष्कर्ष निम्न प्रकार से हैं:

बुनियादी ढांचे में प्रगति का योगदान

2015 में अपनी शुरुआत के बाद से, प्रगति ने 205 बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को गति देने में मदद की है। इसने बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व सहायता की है जिसमें 50,000 किलोमीटर के नए राष्ट्रीय राजमार्ग और हवाई अड्डों का दोहरीकरण शामिल है। अध्ययनों से पता चलता है कि बुनियादी ढांचे पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये से सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 से 3.5 रुपये का लाभ होता है।

शीर्ष नेतृत्व की भूमिका

प्रगति के मूल में प्रधानमंत्री मोदी की सीधी भागीदारी है । वे आमतौर पर महीने में एक बार राज्य के मुख्य सचिवों और केन्द्रीय मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठकों के माध्यम से समीक्षा करते हैं। डिजिटल निगरानी उपकरणों के साथ मिलकर इस व्यावहारिक नेतृत्व ने जवाबदेही की एक नई संस्कृति बनाई है। विशिष्ट परियोजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री की सक्रिय भागीदारी नौकरशाही के गतिरोध को तोड़ने और कार्यान्वयन में तेजी लाने में मदद करती है।

समस्या की निगरानी और समाधान

प्रगति प्लेटफॉर्म बुनियादी ढांचे में आने वाली बाधाओं का समाधान करने में प्रमुख भूमिका में सामने आया है। इसका अस्तित्व ही समाधान के लिए प्रेरित करता है। अधिकारी अक्सर प्रधानमंत्री की समीक्षा तक पहुंचने से पहले समस्याओं का समाधान कर देते हैं। उसके बाद भी समीक्षा के लिए आने वाली परियोजनाओं में प्रगति का एकीकृत दृष्टिकोण भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी जैसे क्षेत्रों में लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने में मदद करता है।

डिजिटल गवर्नेंस इकोसिस्टम

प्रगति प्लेटफॉर्म एक व्यापक इको सिस्टम के भीतर काम करता है जिसमें बुनियादी ढांचे की योजना के लिए पीएम गति शक्ति और पर्यावरण संबंधी मंजूरी के लिए ÷परिवेश÷ शामिल है। इस एकीकृत स्वरूप ने अनुमोदन की समय-सीमा को बहुत ही नाटकीय ढंग से कम कर दिया है। पर्यावरण संबंधी मंजूरी जिसमें पहले 600 दिन लगते थे, अब 70-75 दिनों में प्राप्त की जा सकती है। यह इको सिस्टम ड्रोन निगरानी और जीआईएस-आधारित मैपिंग सहित आधुनिकतम उपकरणों का उपयोग करता है।

वैश्विक नेताओं के लिए डिजिटल गवर्नेंस के सबक

केस स्टडी में अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण सबक हैं जैसे कि: डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने में उच्च स्तरीय नेतृत्व का महत्व, नियमित समीक्षा तंत्र की अहमियत और विकास को गति देने में एकीकृत प्लेटफार्मों की ताकत। शोध बताता है कि प्रगति का दृष्टिकोण अन्य विकासशील और गरीब देशों को बुनियादी ढांचे और शासन की इसी तरह की चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है।

राज्यों में परस्पर सहयोग

प्रगति ने एक तटस्थ प्लेटफॉर्म बनाया है जहां केन्द्र और राज्य सरकारें राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना प्रभावी ढंग से एक साथ काम करती हैं। यह प्लेटफॉर्म ÷टीम इंडिया÷ का प्रतीक है - जो पारंपरिक नौकरशाही और राजनीतिक बाधाओं को पार कर भारत के संघीय ढांचे में सहयोग को बढ़ावा देता है। कई राज्यों ने अब प्रगति का अपना संस्करण बना लिया है।

आयुष्मान से इलाज नहीं करने से, नाराज विधायक ने जमीन खाली कराने की दी चेतावनी

अपोलो स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं दे सकता तो सरकारी सुविधाओं का भी उसे अधिकार नहीं: सुशांत

■ पंजीयन कराने सीएमएचओ ने जारी किया नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। *संभाग के सबसे बड़े मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल अपोलो में आयुष्मान योजना से इलाज बंद कर दिया गया है। डायलिसिस जैसी अति महत्वपूर्ण सेवाओं से इलाज बंद होने के कारण मरीज और परिजनों को भारी आर्थिक और मानसिक परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। शिकायत के बाद स्थानीय विधायक ने प्रबंधन के साथ बातचीत किया।*

पत्रकारों से विधायक सुशांत शुक्ला ने नाराजगी जाहिर किया प्रबंधन से दो टूक कहा कि जब शासकीय योजनाओं का फायदा जनता को नहीं दिया जा रहा है। तो अपोलो को शासकीय जमीन और सरकारी सुविधाओं को भी लेने का अधिकार नहीं है। आयुष्मान कार्ड सुविधा नहीं दिये जाने से नाराज बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने आपत्ति जाहिर किया है। अपोलो प्रबंधन के साथ बैठक कर विधायक सुशान्त शुक्ला ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर किया है। सीएमएचओ डा. अनिल श्रीवास्तव ने अपोलो प्रबंधन को नोटिस जारी कर कहा है कि शासन की दो महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान और शहीद वीरनारायण सिंह योजना के तहत इलाज के लिए पंजीयन कराएं और मरीजों का उपचार शुरु करें।

अपोलो ने क्यों नहीं किया प्रयास

विधायक ने अपोलो प्रबंधन पर जमकर नाराजगी जाहिर किया। सुशांत शुक्ला ने कहा कि तत्काल आयुष्मान से ईलाज शुरू किया जए। इस दौरान अपोलो प्रबंधन ने बताया कि वर्ष 2019 से आयुष्मान योजना के तहत किए गए ईलाज का फंड उन्हें नहीं मिला है। जिसके चलते आगे इलाज करना संभव नहीं है। नाराज विधायक ने कहा कि इस बात के लिए आप लोगों ने प्रशासनिक और राजनैतिक स्तर परअब तक पहल क्यों नहीं हुई है। मुझसे पहले भी यहां विधायक रहे हैं, सांसद रहे हैं, यहां के सांसद अब डिप्टी सीएम बन चुके हैं। केंद्रीय मंत्री भी बिलासपुर जिले से हैं आप लोगों को पत्राचार कर या व्यक्तिगत मुलाकात कर अवगत कराना था। समय रहते हम भी यथोचित प्रयास करते। मरीज का कोई अहित न हो इस दिशा में सार्थक पहल कर सके।

खाली करें जमीन

बैठक के बाद विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि डायलिसिस समेत अन्य सुविधाएं बंद करने की जानकारी मिलने पर आए है। आयुष्मान की अधीन रहते हुए इलाज में विसंगतियों की जानकारी उन्हें प्राप्त हो रही थी।आयुष्मान योजना लागू करने की बात कही है। ऐसा नहीं होने पर शासकीय जमीन और शासकीय बिल्डिंग छोड़ने की बात अपोलो प्रबंधन को कही है। डायलिसिस,आयुष्मान समेत शासकीय योजनाएं लागू नहीं होने पर मैं प्रशासन से अपोलो के खिलाफ कार्यवाही करने की अपील करूंगा।

■ न्यूज गैलरी

नकाबपोश युवकों ने बिल्डर पर किया हमला, ऑफिस में की तोड़फोड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक बिल्डर के ऑफिस में तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की थी। पीड़ित बिल्डर जब सीसीटीवी वीडियो लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा, तो पुलिस हरकत में आई। घटना के 20 दिन बाद केस दर्ज किया गया। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। विनायक होम्स निवासी राजेश सेठ बिल्डर पिछले 9 नवंबर की रात करीब 10 बजे अपने दोस्त सतीश पांडेय और कर्मचारी रंजीत के साथ आफिस में बैठे थे। इसी दौरान दो नकाबपोश बदमाश उनके ऑफिस में आए। नकाबपोश युवकों ने ईंट और रॉड से उनके ऑफिस में तोड़फोड़ की। साथ ही बिल्डर को जान से मारने की धमकी भी दी। बिल्डर ने इस घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की। लेकिन, पुलिस ने उसकी शिकायत पर कार्रवाई करना तो दूर मौके की जांच करने भी नहीं गई। राजेश सेठ ने बताया कि, हमलावर बदमाश नकाब लगाकर पहुंचे थे। जिसके चलते वो उन्हें पहचान नहीं पाए। उन्होंने इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी पुलिस को दिया। जिसमें युवक ऑफिस में ईंट से हमला कर तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। लेकिन, इसके बाद भी पुलिस ने उनकी शिकायत पर एक्शन नहीं लिया। बिल्डर ने कुछ लोगों पर बाहरी लोगों को भेजकर हमला कराने की आशंका व्यक्त की है। थाने का चक्कर लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने एसपी रजनेश सिह से मामले की शिकायत की।

प्रशिक्षु आईएफएस अभिनव कुमार ने की बड़ी कार्रवाई

जंगल में अवैध उत्खनन करते पकड़े गए 10 हाइवा, पोकलेन राजसात

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर वन मंडल ने जंगल के अंदर अवैध उत्खनन करने वाले खनन माफियाओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन में लगी 10 बड़ी गाड़ियों को राजसात कर लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन कायम करने के और माफियाओं के खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई के निर्देश के तहत यह अब तक की बड़ी कार्रवाई है,जिसमें किसी भी राजनीतिक दबाव में आए बगैर समस्त कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जब्ती और राजसात करने की कार्रवाई की गई है। प्रशिक्षु आईएफएस और प्रभारी डीएफओ अभिनव कुमार ने यह कार्रवाई की है।

30 सितंबर को रतनपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत गश्त में निकली टीम को धोबघाट में अरपा नदी के किनारे पोकलेन से अवैध रूप से उत्खनन और हाइवा द्वारा अवैध परिवहन की सूचना मिली। सूचना पर प्रभारी डीएफओ अभिनव कुमार के निर्देश पर टीम ने छापा मारा,तब मौके पर पोकलेन और रास्ते में रेत से भरी हाइवा गाड़ियां मिली। बता दें की यें पूरा क्षेत्र संरक्षित वनों से घिरा हुआ है,जहां अवैध खनन या परिवहन प्रतिबंधित है और कानूनन जुर्म है।टीम द्वारा वाहन चालकों से खनन के वैध दस्तावेज मांगे जाने पर चालकों द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जिसके बाद वाहनों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई,जिसमें वाहनों के कागजात की जांच, वाहन मालिकों को नोटिस और सुनवाई भी,जिसमें आरोपी पक्ष का बयान भी दर्ज किया गया। वाहन मालिकों द्वारा अवैध खनन और परिवहन की बात लिखित में स्वीकार की गई साथ ही जांच में भी सरंक्षित वन के भीतर अवैध खनन और परिवहन स्पष्ट था। से पूरे सवा महीने चली कानूनी प्रक्रियाओं के बाद प्रभारी डीएफओ अभिनव कुमार ने भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 के तहत सभी 10 वाहनों को राजसात कर शासकीय संपत्ति घोषित करने का आदेश पारित किया।

इन वाहनों को किया गया राजसात

हाइवा क्रमांक सीजी 10-एई 9073 मालिक प्रतीक गुप्ता,धनेश्वर कोटा। हाइवा क्रमांक सीजी-10 बीजी 9028 मालिक चित्रांशु वर्मा, सुशील बिलासपुर। हाइवा क्रमांक सीजी-10 बीटी 7814 मालिक चित्रांशु वर्मा, सुशील बिलासपुर। हाइवा क्रमांक सीजी-10 एडी 8456 मालिक शिवम दुबे,रंजन दुबे कोटा। हाइवा क्रमांक सीजी-10 बीटी 6694 मालिक सतीश साहू नंगोई। हाइवा क्रमांक सीजी-28 एन 7924 मालिक रवि गुप्ता। ट्रेक्टर क्रमांक सीजी-10 बीटी 1627 मालिक मोनू जायसवाल,रोहित। ट्रेक्टर क्रमांक सीजी -10 बीएच 3157 मालिक सावन कुमार,रमेश। एक पोकलेन क्रमांक एसएएनवाय 140 क्यू 000/51 मालिक पिंटू केशरवानी बेलगहना और एक बाइक क्रमांक सीजी 10 बीओ 0764 मोनू जायसवाल। इन सभी दस वाहनों को जब्त कर राजसात कर लिया गया है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

■ आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोंधरा में सोमवार रात 8 बजे के आसपास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत हो गई । वही आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर तैनात है।मिली जानकारी के मुताबिक पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम जोंधरा बस स्टैंड के पास निवास करने वाले विजय चंदेल पिता डेरहा चंदेल उम्र 46 वर्ष गांव के ही पंचायत भवन तरफ से पैदल अपने घर की ओर आ रहे थे, तभी पचपेड़ी तरफ से आ रहे अज्ञात भारी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे विजय गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आसपास के लोगो ने आनन फानन में तत्काल मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने परीक्षण उपरांत विजय चंदेल को मृत घोषित कर दिया । जिसकी जानकारी गांव में परिजनों और ग्रामीणों को हुई उन्होंने अपनी मांगो को लेकर मस्तूरी - लवन मार्ग में ट्रैक्टर को बीच रोड में रखकर चक्काजाम कर दिया। वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पचपेड़ी पुलिस की समझाइश और प्रशासन द्वारा तत्काल सरपंच के माध्यम से 25 हजार की सहायता राशि प्रदान की तब कही 1 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ वही पचपेड़ी पुलिस शव को मरच्यूरी भेज अज्ञात वाहन की पता तलाश में जुट गई है।

शहर में बच्चों के लिए खुलेगी सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी, कैफे व गार्डन की भी सुविधा

■ बच्चों और बुजुर्गों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बच्चों और बुजुर्गों के लिए सर्व सुविधायुक्त 300 सीटर लाइब्रेरी जवाली पुल के पास जिला पशु चिकित्सालय के पीछे की रिक्त जमीन पर बनाई जाएगी। यहां कैफे की सुविधा होगी। साथ ही एक बड़ा गार्डन होगा। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मैनेजर एसपी साहू ने मीडिया को बताया कि लाइब्रेरी बिल्डिंग के निर्माण के लिए टेंडर प्रोसेस जारी है और वर्क आर्डर शीघ्र जारी होगा। निर्माण अवधि 4 महीने निर्धारित की गई है। इसके लिए एसईसीएल के सीएसआर मद से 5.87 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

दो मंजिला बिल्डिंग में होंगी कई सुविधाएं

लाइब्रेरी छोटे बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों की जरूरत को ध्यान में रख कर तैयार की जा रही है। लाइब्रेरी में बुजुर्गों के लिए पुस्तकें, न्यूज पेपर, काफी टेबल बुक जैसी सुविधाएं मिलेंगी। बच्चों के लिए भी पुस्तक और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लाइब्रेरी की बिल्डिंग दो मंजिला होगी। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर में बैठने के लिए कुर्सी टेबल, एसी, बाथरूम समेत सभी अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लाइब्रेरी बिल्डिंग में रेन हार्वेस्टिंग और फायर फायटिग सिस्टम भी इंस्टाल किया जाएगा।

पढ़ाई के लिए बच्चों को मिलेगी प्रेरणा

शहर के बीचों बीच होने से इस लाइब्रेरी का उपयोग सभी क्षेत्र के बुजुर्ग और बच्चे कर सकेंगे। लाइब्रेरी छोटे बच्चों की सुविधा को ध्यान में रख कर कुछ इस तरह डिजाइन की गई है कि वहां बच्चों को पढ़ाई और अन्य चीजों के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा स्पोर्ट्स मटेरियल भी लाइब्रेरी में होगी। पार्किग की व्यवस्था लाइब्रेरी निर्माण के साथ ही जिला पशु औषधालय का उन्नयन भी किया जाएगा। अभी पशु औषधालय में बेहतर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। इसे बेहतर बनाया जाएगा। डाक्टरों के बैठने और इलाज के लिए कैबिन समेत इलेक्ट्रिफिकेशन, पानी की सुविधा व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाएंगे।

बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 6 दिनों तक कैंसिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। यदि आप इस हफ्ते ट्रेन से भोपाल जाने की योजना बना रहे हैं, तो आपको ट्रेन की टिकट बुक कराने से पहले कैंसिल होने वाली ट्रेन की जानकारी लेना जरूरी होगा। रेल प्रशासन ने बिलासपुर-भोपाल एवं भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 6 दिनों तक कैंसिल रहने की सूचना दी है। ऐसा पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के पथरिया रेलवे स्टेशन में नॉन इंटरलॉकिग कार्य के चलते किया जा रहा है।रेल प्रशासन ने यात्रियों को इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए दावा किया कि कार्य के पूर्ण होते ही ट्रेनों की समयबद्धता और गति में तेजी आएगी।

रिकव्हरी के लिए भेजने से पहले कर्मियों का कराएं वेरिफिकेशन

■ फाइनेंस कंपनियों को एएसपी की दो टूक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एएसपी शहर राजेंद्र जायसवाल ने गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों के डायरेक्टर और मैनेजरों को दो टूक शब्दों में कहा है कि सोना जमा करने से पहले उसका सत्यापन कराया जाए। यही नहीं, उन कर्मचारियों का भी पुलिस वेरीफिकेशन कराया जाए, जिन्हें वसूली के लिए भेजा जाता है। सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार ने शहर के फाइनेंस कंपनियों की बैठक ली। बैठक का मुख्य एजेंडा फाईनेंस किये गये वाहनों की सीजिग प्रक्रिया थी। कंपनियों के प्रबंधकों को उचित प्रक्रिया के तहत ही सिजिग की कार्यवाही करने की हिदायत दी गई है। किसी फाईनेंस कपंनी द्वारा उचित प्रक्रिया के तहत सिजिग कार्यवाही नहीं करने पर प्रबंधकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही निर्देश दिया गया कि फाईनेंस में वाहन आदि लिये व्यक्ति को नोटिस देने ऐसे व्यक्ति को ना भेजें जो दुर्व्यवहार करें। ऐसे लोग व्यक्ति को डराते-धमकाते हैं जो कि गलत है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गोल्ड लोन देने वाली फाइनेंस कंपनियों को लोन देने के पूर्व लिए जा रहे सोने को वेरिफाई करने एवं संदेह होने पर पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। फाइनेंस कंपनियों में जो कर्मचारी कार्य करते हैं, उनका चरित्र सत्यापन नहीं हुआ है तो उनकी जानकारी थाने में देने को कहा गया है। ताकि उनका चरित्र सत्यापन किया जा सके। फाइनेंस कंपनियों के डायरेक्टर, मैनेजरों से भी सुझाव मांगा गया।

अरपा के उद्गम स्थल के संरक्षण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। अरपा के उद्गम स्थल के संरक्षण को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आज शासन ने अपने जवाब में बताया कि जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और अधिग्रहण पूरा होने में करीब 16 माह का समय लगेगा। हालांकि, गंदे पानी की निकासी के बारे में नगर निगम का शपथपत्र आज कोर्ट में पेश नहीं हो सका। अब अगली सुनवाई गुरुवार, 5 दिसंबर को होगी।पहली सुनवाई में नगर निगम यह स्पष्ट नहीं कर सका था कि गंदे पानी को नदी में बिना ट्रीटमेंट किए जाने से कैसे रोका जाएगा। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर नगर निगम से एक नए शपथपत्र में विस्तृत कार्ययोजना पेश करने को कहा था।आज सोमवार को जस्टिस संजय के अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के कलेक्टर ने एक शपथपत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि उद्गम स्थल को संवारने के लिए निजी 5 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसके अलावा वन विभाग की 5 एकड़ जमीन भी ली जा रही है। इस प्रक्रिया में करीब 16 माह का समय लगेगा, जिसमें दावा-आपत्ति जैसी अन्य प्रक्रियाएं भी चलेंगी।दूसरी ओर, गंदे पानी की निकासी को रोकने के बारे में नगर निगम का शपथपत्र कोर्ट के निर्धारित समय पर पेश नहीं हो सका, जिसके कारण कोर्ट ने 5 दिसंबर को पुनः सुनवाई नियत की है।

कोर्ट ने शासन को शपथ पत्र पेश करने दिए निर्देश

भरत बने प्रदेश युवा प्रभाग मंत्री



बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति पंजीयन क्रमांक 2577 प्रदेश अध्यक्ष एम आर निषाद के नेतृत्व में बिलासपुर के भरत केवट को प्रदेश युवा प्रभाग मंत्री के पद पर नियुक्त किया है। इनके नियुक्त की खुशी में बिलासा छात्रावास लिंगियाडीह बिलासपुर में 1 दिसंबर रविवार को मछुआ महासंघ के सदस्यों ने भरत केवट को फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। भरत केवट प्रदेश युवा प्रभाग मंत्री ने कहा कि समाज ने कार्यभार मुझे सौंपा है तो मैं समाज हित के लिए कार्य करुंगा। स्वागत कार्यक्रम धनेश कैवर्त संभागीय अध्यक्ष निषाद समाज, गजेन्द्र कैवर्त अध्यक्ष बिलासा सेवा समिति, शत्रुहन कैवर्त सचिव निषाद समाज बिलासपुर परिक्षेत्र, हीरालाल कैवर्त पूर्व सरपंच भोथीडीह,करन कैवर्त व मछुआ महासंघ के लोगों ने जोर शोर के साथ स्वागत किया।

शिक्षा

दोनों विवि के बीच अकादमिक उन्नयन और रिचर्स सहित कई क्षेत्रों में होंगें कार्य

सीवीआरयू और एमपीआरओयू के बीच महत्वपूर्ण विषयों पर हुआ अनुबंध

■ प्राध्यापकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। *डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश भोज ओपन विश्वविद्यालय भोपाल से एमओयू किया है. दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक एवं प्रशासनिक कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अनुबंध किया गया है. दोनों विष्वविद्यालयों के कुलसचिव ने भोपाल में अनुबंध पत्र में हस्ताक्षर किया।*

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया कि यह अनुबंध अकादमिक उन्नयन, रिसर्च को बढ़ावा देने, फैकल्टी एक्सचेंज, एसएलएम निर्माण, ओपन एजुकेशन रिसोर्स, ओपन ऑनलाइन कार्यक्रम के विकास, प्रभावी ई-लर्निंग,स्टूडेंट सपोर्ट सर्विस की दिशा में तकनीकी का आदान-प्रदान, कौशल विकास ,रोजगार को बढ़ावा देने, फैकेल्टी डेवलपमेंट मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा, बेस्ट प्रैक्टिस को शेयर करना विषय विशेषज्ञ एक्सचेंज करना और उनके अनुभव का लाभ लेना, सहित अनेक विषयों के उद्देश्य से किया गया है. इसके साथ-साथ महत्वपूर्ण बात यह भी है, कि अभावग्रस्त विद्यार्थियों को शिक्षा का अवसर प्रदान करने और उन्हें रोजगार सुनिश्चित करने के लिए भी दोनों विश्वविद्यालय कार्य करेंगे। डॉ सी वी रमन कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया कि इस अनुबंध से विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समग्र पाठ्यक्रम, दूरवर्ती शिक्षा के विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम समन्वयक को लाभ होगा। हमारा विश्वविद्यालय नए पाठ्यक्रमों के साथ महत्वपूण पाठ्यक्रम के सिलेबस तैयार करने और लर्निंग मटेरियल हेतु आवश्यक विषय विषेशज्ञ एवं तकनीक सहयोग करेगा. इस अवसर पर मध्य प्रदेश भोज ओपन विश्वविद्यालय भोपाल के कुल सचिव डॉ सुशील मंदरिया उपस्थित रहे।

सुविचार

पैर पर चोट लगे तो आदमी संभलकर चलना सीख जाता है और दिल पर चोट लगे तो समझदारी से जीना सीख जाता है। - अज्ञात

बांग्लादेश को सबक सिखाना जरूरी

पाकिस्तान की राह पर चले बांग्लादेश को सबक सिखाना निहायत जरूरी हो गया है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा का दौर थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब तो वहां सर तन से जुदा के नारे भी खुलेआम लगाये जा रहे है। वहां के हिन्दुओं के सामने जीवन मरण का प्रश्न उठ गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार स्थिति को सुधारने में कोई पहल नहीं कर रही है। उल्टे बांग्लादेश की पुलिस और सेना भी कटटरपंथी ताकतों की मदद कर रही है। बांग्लादेश के हिन्दु अपनी रक्षा की गुहार लगा रहे है लेकिन भारत सरकार भी उनकी आवाज नहीं सुन रही है। भारत अभी भी सदासैयता का परिचय दे रहा है। और बांग्लादेश सरकार से हिन्दुओं की रक्षा के लिए कदम उठाने की मांग कर अपने कर्त्वय की इतिश्री कर रहा है। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने में उसे नहीं हिचकना चाहिए। संसद में भी अन्य तमाम मुद्दो की चर्चा हो रही है। लेकिन बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले में हमारे माननीय मौन धारण किये हुए है। तभी विपक्षी पार्टियां इस मामले में चुप्पी साधी हुई है जो हैरत की बात है। अलबत्ता बांगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने जरूर इस मामले को लेकर तिखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की है कि वह बांग्लादेश के खिलाफ तत्काल कड़े कदम उठाये। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार का मामला संयुक्त राष्ट्र में उठाये और वहां शांति सेना भेने की मांग करे। ममता बनर्जी ने कहा है कि यह दो देशो के बीच का मामला है इसलिए वे बंगाल की मुख्यमंत्री होने के नाते कुछ नहीं कर सकती। लेंकिन केन्द्र सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। और बांग्लादेश में रहने वाले लगभग डेढ़ करोड़ हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए। ममता बनर्जी की यह मांग वाजिब है और इससे प्रेरणा लेकर सभी विपक्षी पार्टियों को सरकार पर दबाव बनानाचाहिए कि वह बांग्लादेश के मामले में धूलमूल रवैया छोड़े और कारगर कदम उठाये। सोशल मीडिया पर भी लोगों का ओक्रोश अब फूटने लगा है। साधु संतो ने भी इस पर गंभीर चिन्ता जताते हुए भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के हिन्दुओं की रक्षा के लिए यथासिद्ध प्रभावी पहल करे। किन्तु अभी तक भारत सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। लोग समझ नही पा रहे है कि बांग्लादेश जैसा एक छुटभैया देश वहां रह रहे हिन्दुओं पर अत्याचार करने का दुहसाहस दिखा रहा है और भारत जैसा शक्तिशाली देश उसके खिलाफ क्यों कोई कड़े कदम नहीं उठा पा रहा है। भाारत को इजरायले सब सिखला चाहिए जो अपने नागररिकों की रक्षा के लिए लगातार जंग लड़ रहा है। यह ठीक है कि भारत बांग्लादेश के ख्रिलाफ सैन्य कार्यवाहअी करने से पहले कई बार सोचने पर बाध्य होगा लेकिन भारत सरकार बांग्लादेश को सब सिखाने के लिए उसके साथ अपने व्यापारिक और राजनयिक संबंध को तोड़ ही सकती है। भारत अभी भी तो इतना ही कर ले तो भी बांग्लादेश घुटनों पर आ जायेगा। बांग्लादेश के सामने भी पाकिस्तान का उदाहरण है किजिसके साथ भारत ने अपने व्यवसायिक संबंध तोड़ लिये तो वहां की पूरी अर्थव्यवस्था चौपट हो गई और महंगाई में लोगों का जीना मुहाल कर दिया। पाकिस्तान को तो खैर चीन का सहयोग भी मिल रहा है। जिसकी वजह से वहां भूखमरी के हालात पैदा नहीं हुए है। लेकिन बांग्लादेश तो भूखो मरने पर बाध्य हो जायेगा। बहरहाल बांग्लादेश में हिंसा का तांडव बहुत हुआ अब वहां हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा रूकनी ही चाहिए और इसके लिए भारत को कड़े से कड़े कदम जल्द से जल्द उठाने चाहिए। ममता बनर्जी की मांग के अनुसार भारत को यह मामला संयुक्त राष्ट्र में ले जाना चाहिए और बांग्लादेश मे संयुक्त की शांति सेना भेजने की मांग पूरजोर ढंग से उठानी चाहिए तभी बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा बंद होगी।

प्रेरक प्रसंग

भारत रत्न प्राप्त डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को तमिलनाडु के एक गाँव धनुषकोडी में हुआ था। इनके पिता, मछुआरों को किराए पर नाव देते थे। कलाम ने अपनी पढ़ाई के लिए धन की पूर्ति हेतु अखबार बेचने का कार्य भी किया। डॉ. कलाम ने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया। उनका जीवन सदा संघर्षशील रहने वाले एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसने कभी हार नहीं मानी तथा देशहित में अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए, सदा उत्कृष्टता के पथ पर चलते रहे। 71 वर्ष की आयु में भी वे अथक परिश्रम करते हुए भारत को सुपर पावर बनाने की ओर प्रयासरत थे। भारत रत्न डॉ. अब्दुल कलाम भारत के 11वें राष्ट्रपति बने। वे भारत रत्न से सम्मानित होने वाले तीसरे राष्ट्रपति हैं। भारत के मिसाइल कार्यक्रम के जनक, डॉ. कलाम ने देश को 'अग्नि' एवं 'पृथ्वी' जैसी मिसाइलें देकर, चीन एवं पाकिस्तान को इनकी रेंज में लाकर, दुनिया को चौंका दिया। एक बार एयरफोर्स के पायलट के साक्षात्कार में 9वें नम्बर पर आने के कारण (कुल आठ प्रत्याशियों का चयन करना था) उन्हें निराश होना पड़ा था। वे ऋषिकेश बाबा शिबानन्द के पास चले गए एवं अपनी व्यथा उन्हें सुनाई।

बाबा ने उन्हें कहा :-

Accept your destiny and go ahead with your life. You are not destined to become an Airforce Pilot. What you are destined to become is not revealed now but it is predetermined. Forget this failure, as it was essential to lead you to your e&istence. Become one with yourself, my son. Surrender yourself to the wish of God.

बाबा शिवानन्द का कहने का अर्थ यह था कि असफलता से निराश होने की आवश्यकता नहीं। यह असफलता आपकी दूसरी सफलताओं के द्वार खोल सकती है। तुम्हें जीवन में कहाँ पहुँचना है, इसका पता नहीं। आप कर्म करो, ईश्वर पर विश्वास करो। डॉ. कलाम का जीवन, हर उस नवयुवक के लिए आदर्श प्रेरणा स्रोत है, जो अपने जीवन में एक असफलता मिलने पर ही निराश हो जाते हैं। डॉ. कलाम ने अपने सारे जीवन में निःस्वार्थ सेवा कार्य किया। उनका राष्ट्र प्रेम और उनका देशभक्ति का ज़ज्बा हर भारतीय के लिए सबक एवं प्रेरणा का पुंज है और हमेशा रहेगा।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:56, सूर्यास्तः 05:20
चन्द्रोदयः 26:17, चन्द्रास्तः 13:56
अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः हेमन्त, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : मार्गशीर्ष, पक्षः शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : उत्तराषाढा योग : प्रीति, प्रकथमः करण वणिज (11:39 तक, द्वितीय करण : विष्टि (25:01 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : कन्या मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:43 से 12:25, अमृत काल 17:16 से 19:04, विजय मुहूर्त 13:48 से 14:30, गोधूलि मुहूर्त 17:14 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या 17:17 से 18:39, निशिता मुहूर्त 23:37 से 24:31, राहुकाल 12:00 से 13:30, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 10:46 से 12:04, दुर्मुहूर्त 12:25 से 13:06, होमाहुति राहु, दिशाशूल पूर्व, नक्षत्र शूल उत्तर (25:24 तक), अग्निवास पृथ्वी (25:01 तक), भद्रावास पाताल (11:39 से 25:01)

मुख्यमंत्री का चुनाव हाई कमान अथवा विधायक दल "कौन" नहीं कर पा रहा है?

नेता का चुनाव व प्रक्रिया! कहीं भाजपा का कांग्रेसीकरण तो नहीं?

राजीव खंडेलवाल

मततलब विधायक दल की बैठक बुलाकर, पर्यवेक्षक गण एक-एक विधायकों से उनका मत लिखित में लेकर और फिर कांग्रेस हाई कमान की इच्छा अनुसार निर्देशित किये व्यक्ति का नाम विजयी घोषित कर अथवा विधायक दल कांग्रेस हाई कमान को नेता चुनने का अधिकार देकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की औपचारिकता को पूर्ण करना मान लिया जाता रहा द्य मतलब न्यूनतम लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाने की नौटंकी जरूर की जाती थी। परंतु "पर उपदेश कुशल बहुतेरे" की उक्ति को चरितार्थ करने वाली भाजपा उक्त नौटंकी को भी दर किनार कर दिल्ली से लिखित में नाम लिखकर लाई पर्ची को मुख्यमंत्री पद के रहे दावेदारों से ही पर्ची खुलवाकर नाम पढ़वा कर दावेदारों को जलील कर, नए मुख्यमंत्री का चुनाव नहीं चयन पिछले कुछ समय से भाजपा द्वारा किया जाकर उस कांग्रेस को जिसने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र को हासिये में ढकेल दिया था, की जवाबी कार्रवाई के रूप में लोकतंत्र को इस तरह से मजबूत कर रही है? देश के लोकतंत्र व संवैधानिक मर्यादाओं की यह दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक स्थिति है।

अप्रत्याशित बहुमत! तो अप्रत्याशित देरी?! फिर हाय तौबा क्यों?

अभी तक कई मामलों को लेकर मध्य प्रदेश को अजब प्रदेश गजब-प्रदेश की संज्ञा दी जाती रही है। एम पी अजब है, सबसे गजब है। परंतु विधायक दल के नेता (मुख्यमंत्री) के चुनाव को लेकर महाराष्ट्र ने मध्य प्रदेश की उक्त टैगलाइन पर बाजी मार ली है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में आपको कभी ऐसा याद नहीं आता होगा कि विधायक दल का नेता चुने बिना शपथ समारोह की तारीख, समय, स्थल, मंच सब कुछ तय हो गया हो। अभी तक तो विधायक दल की बैठक ही नहीं हो पाई है, जो एक बार 2 तारीख को बुलाई जाकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कारण स्थगित कर दी गई। महाराष्ट्र शायद इस मामले में केंद्रीय नेतृत्व जहां नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुने बिना एनडीए का नेता चुन लिया गया था अथवा अमेरिका का अनुसरण कर रहा है, जहां शपथ ग्रहण की तारीख संवैधानिक रूप से 20 जनवरी स्थाई रूप से निश्चित रहती है। महाराष्ट्र में युति के घटक राकांपा और शिवसेना के विधायक दल की बैठक होकर उनके नेता चुने जा चुके हैं। परंतु भाजपा विधायक दल का नेता अभी तक नहीं चुना गया है। कल होने वाली विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में नेता चुना जाएगा जो महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री होगा।

सब कुछ निश्चित होने के बावजूद इतनी अनिश्चितता क्यों?

प्रश्न यह है कि चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने पर 24 नवंबर को परिणाम आने के बाद 5 वर्ष की अवधि समाप्त होने के पूर्व 26 नवंबर तक मुख्यमंत्री पद की शपथ न होने पर संवैधानिक संकट खड़ा होने की आशंका मीडिया में व्यक्त की जा रही थी। महाआघाड़ी के बहुमत मिलने के आशा/आशंका के कुछ एग्जिट पोल के चलते मुख्यमंत्री पद को लेकर घटक दलों में परस्पर झगड़े के चलते इतनी कम अवधि में नेता न चुने जाने की स्थिति में राष्ट्रपति शासन लागू करने की आशंका तक व्यक्त की गई थी, जिसकी चर्चा आज नदारद है। शायद इसलिए कि कुछ संवैधानिक विशेषज्ञों के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा के पिछले इतिहासों को देखते हुए विधानसभा के कार्यकाल की 5 साल से ज्यादा की अवधि (दो शपथ ग्रहण के बीच की अवधि) के रहे हैं। प्रश्न यह है महाराष्ट्र में ऐतिहासिक, अप्रत्याशित, प्रचंड बहुमत युति (एनडीए) के मिलने, किसी भी विपक्षी दल को मान्यता प्राप्त विपक्षी नेता लायक विधायकों की संख्या का न मिलना, तथाकथित संवैधानिक संकट सामने होने के, व 10 दिन व्यतीत हो जाने के बावजूद विधायक दल के नेता का चुना न जाना "सब कुछ ठीक है" की राजनीतिक स्थिति पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगता है? शायद लगता है, लेकिन कहें किस से। "रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय"! खासकर इस स्थिति को देखते हुए कि कल होने वाले विधायक दल के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस का नेता के रूप में चुना जाना तय है द्य विधायक दल के नेता के चुने जाने में हो रही देरी की स्थिति क्या बीजेपी हाईकमान के कमजोर होने का संकेत है, अथवा एकनाथ शिंदे को "कंकर बीनते हीरा मिलने" अर्थात उम्मीद से ज्यादा बहुमत मिलने पर उनकी सौदेबाजी की स्थिति का मजबूत होना है? इन बातों का खुलासा तो बाद की राजनीतिक घटनाओं से ही निकल कर आ पाएंगी द्य दरअसल महायुति का हर घटक दल यह मान कर चल रहा है कि "उसी के खोदने से गंगा आयी है"। यही कारण है कि "कोठी में चावल और घर में उपवास" जैसी स्थिति बन गयी है।

भाजपा का पार्टी विद द डिफरेंस का नारा! धरातल पर कितना?

"पार्टी विद द डिफरेंस" का नारा देकर कांग्रेस को सत्ताच्युत कर सत्ता में आने वाली भाजपा ने वास्तव में क्या डिफरेंस (अंतर) व डिफरेंट पार्टी दोनों को समाप्त कर दिया है ? शायद इसीलिए राजनीतिक हलकों में यह कहा जाता है कि जिस तरह से विभिन्न प्रदेशों में भाजपा के मुख्यमंत्रीयों के चुनाव हो रहे हैं, खासकर पिछले 5 वर्षों में, उससे न केवल भाजपा का तेजी से कांग्रेसीकरण हो रहा है, बल्कि वह उससे दो कदम और आगे बढ़ गई है द्य सच है "कोतवाल को कोतवाली ही सिखाती है"। जनसंघ से लेकर भाजपा तक कांग्रेस हाई कमान कल्चर की कड़ी आलोचक रही भाजपा पर्ची के द्वारा मुख्यमंत्री का चुनाव करने का नया तरीका ईजाद कर इस मुद्दे पर जनता की नजरों में शर्मसार रही कांग्रेस को सिर ऊंचा उठाने का सुनहरा अवसर भाजपा ने प्रदान कर दिया द्य परंतु कांग्रेस बीजेपी समान प्राप्त सुनहरे अवसरों को भुनाने में प्रायः असफल ही रही है द्य तथापि कांग्रेस इस मामले में नौटंकी जरूर करती रही है ।

मततलब विधायक दल की बैठक बुलाकर, पर्यवेक्षक गण एक-एक विधायकों से उनका मत लिखित में लेकर और फिर कांग्रेस हाई कमान की इच्छा अनुसार निर्देशित किये व्यक्ति का नाम विजयी घोषित कर अथवा विधायक दल कांग्रेस हाई कमान को नेता चुनने का अधिकार देकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की औपचारिकता को पूर्ण करना मान लिया जाता रहा द्य मतलब न्यूनतम लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाने की नौटंकी जरूर की जाती थी। परंतु "पर उपदेश कुशल बहुतेरे" की उक्ति को चरितार्थ करने वाली भाजपा उक्त नौटंकी को भी दर किनार कर दिल्ली से लिखित में नाम लिखकर लाई पर्ची को मुख्यमंत्री पद के रहे दावेदारों से ही पर्ची खुलवाकर नाम पढ़वा कर दावेदारों को जलील कर, नए मुख्यमंत्री का चुनाव नहीं चयन पिछले कुछ समय से भाजपा द्वारा किया जाकर उस कांग्रेस को जिसने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र को हांसिये में ढकेल दिया था, की जवाबी कार्रवाई के रूप में लोकतंत्र को इस तरह से मजबूत कर रही है? देश के लोकतंत्र व संवैधानिक मर्यादाओं की यह दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक स्थिति है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1829 में आज ही के दिन वायसराय लॉर्ड विलियम बैन्टिक ने सती प्रथा खत्म की थी। 1860 में 4 दिसंबर के दिन ही गोवा के मारगाव के अगस्टिनो लॉरेंसो ने पेरिस यूनिवर्सिटी से केमेस्ट्री में डॉक्टरेट की उपाधि ली थी। 1959 में आज ही के दिन भारत और नेपाल के बीच गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर साइन किए गए थे। 1971 में आज ही के दिन भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान नौसेना और कराची पर हमला किया था। 1971 में 4 दिसंबर के दिन ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच हालात खराब होने पर आपात सत्र बुलाया था। 1977 में 4 दिसंबर के दिन ही मिस्र के विरुद्ध अरब मोर्चा गठित किया गया था। 1995 में आज ही के दिन अमेरिका डेविस कप चैंपियन बना था। 1996 में 4 दिसंबर के दिन ही अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह के लिए एक और अंतरिक्ष यान 'मार्स पाथफ़ाइंडर' प्रक्षेपित किया था। 2003 में आज ही के दिन अशोक गहलोत विधानसभा क्षेत्र से 12वीं राजस्थान विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फिर से दिसंबर

फिर से दिसंबर के छोटे दिन, और लंबी रात होगी, सर्दियां चल पड़ी फिर से, चाय पर बात होगी, कुछ तुम अपनी कहना, कुछ मैं अपनी कहुंगा, अरसा हुआ मिले हुए, फिर से मुलाकात होगी, चलेगा गुफ्तगू का सिलसिला, कुछ यूं बेतहाशा कि, कुछ खबर ही ना होगी, कब शाम से रात होगी,स्वरचित-**प्रशांत श्रीवास्तव**

पुकार लो तुम

पुकार लो, तुम मुझे पुकार लो, मैं कहीं भी रहूँ, तुम पुकार लो, कौन कहेगा तुम्हें ये मेरे सिवा- उठाकर ऊंगलियों से थाम लो, धूप की तपिश, मुझसे बांट लो, रिमझिम बारिश में भी साथ लो, ठिठुरा न करो कड़ाके की ठंड में- कलम में भी होती है गर्मी ताप लो, हमदर्द हूँ तुम्हारा ये तुम जान लो, मरहम सा हूँ ये भी जरा मान लो, हौसलों से भरी होती हूँ मैं 'कलम'- कुछ कर गुजरने की बस ठान लो। - **पूनम झा 'प्रथमा'**

खास पाती

नज़र बचा के वो रोज हमसे

नज़र बचा के वो रोज हमसे ,हमारे दिल को चुरा रहे हैं करीब आने का इक बहाना वो रोज हमसे बना रहे हैं बहुत पुराना है प्यार दिल में जो आज हमने उमड़ते देखा झुकी झुकी सी नजर से अपनी वो प्यार अपना जता रहे हैं

- संजय कुमार गिरि

चारदीवारी के भीतर... हर काम के

चारदीवारी के भीतर... हर काम के लिए हाँ, हाँ करती रही स्त्री...और भीतर ही भीतर... मरती रही स्त्री.... हो कर हरे वृक्ष के समान... लेती रही.... प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में भाग.... बनाती रही भोजन... देती रही ऑक्सीजन... निज परिवार को... और स्वयं को... कार्बन डाई ऑक्साइड से... भरती रही स्त्री... सच में... भीतर ही भीतर मरती रही स्त्री... क्योंकि स्त्री... सच में तो... वृक्ष नहीं थी हरा जो कार्बन डाई ऑक्साइड से...पा जाती जीवन... उसे भी जीने के लिए चाहिए थी ऑक्सीजन...परिवार को हरा-भरा... रखने के फेर में... हेर-फेर... करती रही स्त्री और भीतर ही भीतर... मरती रही स्त्री...

- अलका अग्रवाल

जो सत्य है उसकी साहस के साथ

जो सत्य है उसकी साहस के साथ घोषणा करो। सभी सत्य सनातन है। सत्य ही आत्मा मात्र का स्वभाव है। जो शरीर से, बुद्धि से, आत्मा से कमजोर बनाये, उसे विष की भांति त्याग दो , उसमे जीवन शक्ति नहीं है। वह कभी सत्य नहीं हो सकता। सत्य तो बलवान है, पवित्रता स्वरुप है, ज्ञान स्वरुप है । सत्य तो वह है जो शक्ति दे , जो हृदय के अंधकार को दूर करे , जो हृदय में स्फूर्ति भर दे।

- मधुलिका शुक्ला

दिल मेरा अब भी तेरा एतबार कर रहा है

दिल मेरा अब भी तेरा एतबार कर रहा है,, यानि हालात-ए-बसबसे तैयार कर रहा है,, ना चाल ना चलन ना मैयार जिसका कोई,, मशविरों की वो मुझपे बौछार कर रहा है,, ज़िल्लतें, बेबसी, बदनामी तनख्वाहों में हैं,, दिल मेरे ये कैसा कारे रोजगार कर रहा है,, किससे वादे किए संग किसके फेरे लिए,, कौन उठाता घूंघट कौन दीदार कर रहा है,, क्या कहा तुमने और किन लफ्जों में कहा,, नहीं मालूम बस लहजा बेजार कर रहा है,,

- अनिल अनमोल शर्मा

हाँ, ठीक कहा तुमने सौ साल पहले मुझे

हाँ, ठीक कहा तुमने सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था आज भी है और कल भी रहेगा। हाँ, ठीक कहा तुमने हम फिर मिलेंगे अगले जन्म में फिर-फिर, बार-बार क्योंकि - इस संसार से मुक्त होने का न हमने पहले प्रयास किया न अब कर रहे हैं। हाँ, ठीक कहा तुमने हम एक-दूसरे के लिए बने हैं क्योंकि - बेहतर को जानते ही कहाँ है हम जो एक-दूसरे से मोह भंग हो हमारा। हाँ, ठीक कहा तुमने मुझे लौटाना है तुम्हें पिछला बहुत कुछ और आगे के लिए करने हैं अनेकानेक वादे जैसे कि... हम बदलेंगे ही नहीं कभी लेकिन - यह नहीं बदलना क्या मनुष्य के हाथ में है भला ? क्या कहा..? नहीं...। हाँ, यह भी ठीक कहा तुमने । - **पुष्प सैनी 'पुष्प'**

जब अमावस ने अँगड़ाई लेने

जब अमावस ने अँगड़ाई लेने से इंकार कर दिया, तो चाँद की याद में बहे ज़मीन के आँसू समंदर बन गए, सूरज का दिल पसीजा और अपनी सुनहरी केंचुली उतार फेंक, ओढ़के ठंडक की चद्दर धारण कर चाँद सा रुपहला रूप मनाने उतरा आधे समंदर में, और उसे पहचान से नवाज़ दिया

- कविता माथुर

QUIZ TIME

1) भूपर्पटी में बहुतायत में पाया जाने वाला रासायनिक तत्व कौन सा है?

2) तैमुजिन नाम का मंगोल आक्रमणकारी इतिहास में किस नाम से प्रसिद्ध है?

3) तारकुंडे समिति तथा गोस्वामी समिति का संबंध किससे है?

4) बृजमोहन बिड़ला मेमोरियल कप किस खेल से संबंधित है?

5) प्लान्ड इकोनॉमी फॉर इंडिया (1934) नामक पुस्तक का लेखक कौन था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऑक्सीजन (2) चंगेज़ खाँ (3) पुलिस व्यवस्था में सुधार से (4) गोल्फ (5) एम. विश्वेश्वरैया

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन से आप काफी आशाएं लगा कर रहेंगे परन्तु एक समय मे अधिक कार्य करने पर मतिभ्रम का शिकार बनेंगे।

वृष : आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेकर ही सभी क्षेत्र पर व्यवहार करेंगे।

मिथुन: आज के दिन भी शांति से बिताने की आवश्यकता है आज आप स्थित को भांप कर ही व्यवहार करेंगे परन्तु सामने वाला आपकी परिस्थिति का खयाल नही करेगा।

कर्क : आज का दिन पहले की तुलना में सुधार वाला रहेगा लेकिन आज धन की प्राप्ति केवल जोखिम लेकर ही हो सकेगी।

सिंह : आज के दिन आपका मन काल्पनिक दुनिया की सैर करेगा मन मे खयाली पुलाव पकाएंगे लेकिन कर्म करने में लचीले रहेंगे।

कन्या : आज के दिन आप सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने ही मन की फिर भी आज व्यवसाय से आकस्मिक लाभ होने पर स्थिति बिगड़ने नही पाएगी।

तुला : आज भी आपका हठीला स्वभाव बनते कार्यो में विलंब करेगा लोग आपसे व्यवहार तो करेंगे।

वृश्चिक : आज का दिन बीते कल की तुलना में बेहतर रहेगा। समाज से सम्मान तो मिलेगा इसके लिए व्यस्तता से समय भी निकालना पड़ेगा।

धनु : आज के दिन परिस्थितियां पहले से बेहतर बनेगी। आज आप किसी भी हालत में समझौता करने के पक्ष ने नही रहेंगे चाहे नुकसान ही क्यो ना हो।

मकर : आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाए जागृत होंगी पूजा पाठ के लिए समय तो निकालेंगे लेकिन मन टोन टोटको पर ज्यादा विश्वाश करेगा।

कुंभ : आज के दिन परिस्थितियां उलझन में डालने वाली बन रही है। आज कोई भी कार्य करने से पहले उसकी रूप रेखा अवश्य बना कर चले।

मीन : आज का दिन पिछले दिनो की अपेक्षा बेहतर रहेगा सेहत में सुधार अनुभव करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 254 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	दद्दू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचे कांग्रेसी, बोले-बारदाने की कमी

■ भूपेश-बैज समेत सीनियर नेताओं ने सोसायटियों का लिया जायजा, बोले-केंद्रों में किसान परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस आज सभी जिलों में सोसायटी चलो अभियान चलाया। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कार्यकर्ता अलग-अलग धान सोसायटी में पहुंचे।

वहां क्या स्थिति है, इसकी जानकारी ली और प्रदर्शन भी किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के खरोरा के धान खरीदी केंद्र और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में जाकर निरीक्षण किया।

धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के बाद धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा और विकास उपाध्याय ने कहा कि, धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं कट रहा है। किसानों से सूखत के नाम पर अधिक धान लिया जा रहा है। धान खरीदी केंद्रों से एक बार भी उठाव नहीं किया गया है। राज्य सरकार किसानों से धान नहीं खरीदना चाहती। किसानों को काफी परेशानी हो रही है।

इन केंद्रों का हुआ निरीक्षण

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत आज धान खरीदी केंद्र पिथौरा और राजाडेरा जिला महासमुंद का निरीक्षण किया।

बसना के पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, विधायक खल्लारी द्वारकाधीश यादव, महासमुंद कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, विनय जायसवाल और ओबीसी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर भी मौजूद थे।

किसान परेशान, बारदाने की कमी : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, यह धान खरीदी केंद्र बड़ा है। यहां पर जगह ज्यादा है। इसलिए यहां धान खरीदी जारी है, लेकिन प्रदेश के बाकी धान खरीदी केंद्रों में खरीदी बंद हो चुकी है। दूसरी बात यह है कि किसान लगातार बारदाने के लिए परेशान हो रहे हैं। अलग-अलग सोसाइटियों से आए किसान बता रहे हैं कि, बारदाने की कमी बनी हुई है। किसानों की सबसे बड़ी शिकायत तौलाई को लेकर है, जो तय मापदंड ,है उससे ज्यादा तौलाई की जा रही है। टोकन की शिकायत सभी जगह से मिल रही है। किसान टोकन के लिए लगातार सोसाइटियों के चक्कर लगा रहे हैं। अब टोकन की प्रक्रिया को ऑफलाइन शुरू कर दिया गया है। यही बात लगातार जब हम लोग कह रहे थे, तब सरकार मानने को भी तैयार नहीं थी। अब जाकर इन्हें होश आ रहा है।

सीएम साय का तंज, कहा- अच्छा है जाएं, दूर बैठकर आरोप लगाने की बजाए खरीदी केंद्र जाकर वास्तविकता जानें

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस का धान खरीदी केंद्र चलो अभियान आज से शुरू हो रहा है. इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तंज कसते हुए कहा कि अच्छा है जाएं. दूर से बैठकर ब्लेम करने की बजाए खरीदी केंद्र में जाएं. उनको वास्तविकता का पता चलेगा।

रायगढ़ में आज होने वाले विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में आज जारी होने वाली महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त को लेकर कहा कि मोदी को गारंटी में एक बड़ा वादा ये भी था कि महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपए देंगे. लगातार ये काम कर रहे हैं. हर महीने के पहले हफ़्ते में ही एक हजार देने का काम कर रहे हैं. आज दिसंबर माह की किश्त भी रायगढ़ से हितग्राहियों के खाते में अंतरित करेंगे।

इसके साथ ही जनादेश दिवस को लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज तीन दिसंबर हैं. हम इसे जनादेश दिवस के रूप में मना रहे हैं. एक साल पहले विधानसभा चुनाव का परिणाम आया था, और छत्तीसगढ़ की जनता ने, माता-बहनों ने मोदी की गारंटी पर विश्वास करके भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी. छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता को मेरा आभार.

प्रदेश में सीधे होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जब हम पंद्रह साल सरकार में थे, तब नगरीय निकाय का चुनाव सीधे मतदाताओं से ही होता था. इसे पिछली सरकार ने इनडायरेक्ट कर दिया था. अब फिर हमने डायरेक्ट कर दिया है. निश्चित रूप से इससे जनता को महापौर और नगर पंचायत अध्यक्ष चुनने का मौका मिलेगा।

■ न्यूज गैलरी

भगवत गीता के सामूहिक पाठ से गूंजा महाराष्ट्र मंडल

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक और योग समिति के तत्वावधान में चौबे कालोनी महिला केंद्र और गीता परिवार प्रणीत ने सोमवार को गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। गीता परिवार के सदस्यों की अगुवाई में सामूहिक रूप से गीता के 18 अध्याय का पाठ किया गया। इस दौरान श्लोकों के उच्चारण से महाराष्ट्र मंडल का छत्रपति शिवाजी महाराज हाल आध्यात्मिक भक्ति से गूंज उठा।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, मंडल उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल और कामकाजी महिला वसती गृह प्रभारी नमिता शेष ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आध्यात्मिक समिति की श्यामल जोशी ने बताया कि मोक्षदा एकदाशी के दिन गीता जयंती मनाई जाती है। मान्यता है कि जिस दिन भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। इस दिन मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी थी इसीलिए इस दिन को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। आज गीता जयंती महोत्सव का आयोजन महाराष्ट्र मंडल में किया गया। इस दौरान आध्यात्मिक और योग समितियों के सदस्यों के साथ अन्य महिला केंद्रों की महिलाओं की उपस्थिति प्रशंसनीय थी।

बी.एड. छात्रों के लिए कलिंगा विवि में स्वागत समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा यूनिवर्सिटी में 2 दिसंबर को बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए भव्य स्वागत समारोह आरंभ 2024 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल, परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जो उनके शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक बना। कार्यक्रम की शुरुआत तिलक और आरती जैसे पारंपरिक स्वागत से हुई, जिसमें छात्रों का आत्मीयता से अभिनंदन किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और दृष्टिकोण को दर्शाने वाली एक प्रेरणादायक वीडियो प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. संदीप गांधी (कुलसचिव), डॉ. राहुल मिश्रा (डीन, अकादमिक मामलों), डॉ. श्रृद्धा वर्मा (अध्यक्ष ,शिक्षा संकाय), और लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर (डीन, छात्र कल्याण) शामिल थे। सभी अतिथियों का औपचारिक परिचय और स्वागत किया गया।कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जो ज्ञान और प्रेरणा का प्रतीक था। डॉ. संदीप गांधी, (कुलसचिव) ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों को विश्वविद्यालय के मिशन, दृष्टिकोण और अवसरों के बारे में जानकारी दी।डॉ. राहुल मिश्रा, डीन अकादमिक ने शैक्षणिक दिशा-निर्देशों पर एक प्रेरक सत्र आयोजित किया, जिसमें छात्रों को उनकी जिम्मेदारियों और विश्वविद्यालय के नियमों के बारे में बताया गया। डॉ. श्रृद्धा वर्मा, डीन शिक्षा संकाय, ने शिक्षा विभाग का परिचय दिया और विभाग के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। खेल निदेशक डॉ. डी. कालीदोस, डॉ. लुभावनी त्रिपाठी, डॉ. सरोज नैय्यर, डॉ. संजीव कुमार यादव, सुश्री हर्षा शर्मा, श्री गुलसन कुमार बेहरा, श्री प्रीतम, सुश्री अनामिका की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ा दी। कार्यक्रम का समापन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, डीन छात्र कल्याण, के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इसके बाद सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसने छात्रों को प्रेरित और उत्साहित किया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्थानीय निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की

मतदाता सूची प्रकाशन के पूर्व सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराएं : अजय सिंह

■ शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए दिए निर्देश

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आज राज्य निर्वाचन आयोग अटल नगर नवा रायपुर कार्यालय के सभा कक्ष में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम/उप निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन कार्यों की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रायपुर संभाग के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, संभाग के सभी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव के सुचारू रूप से संचालन हेतु चुनाव की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक के माध्यम से चुनाव के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सभी अधिकारियों से शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची प्रकाशन के पूर्व सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन नामावली को सभी जिला निर्वाचन अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्वयं देखे, उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिये। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने चुनावी प्रक्रिया के दौरान होने वाली चुनौतियों और संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने, मतदाता जागरूकता बढ़ाने, और मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की समय-समय पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गए दिशानिर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की जा रही है। सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने जिलों के निर्वाचन की तैयारी की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि आप सभी अपनी तैयारीयों की समीक्षा करते रहें। गत 26 नवम्बर को बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग तथा 29 नवम्बर को दुर्ग संभाग के अधिकारियों की चुनाव तैयारी के संबंध में समीक्षा की जा चुकी है कल 4 दिसंबर को बस्तर संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने सुरक्षा उपायों और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं, कर्मचारियों की तैनाती, और निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह सुबह आरंग तहसील के मुख्यालय और खमतराई पहुंचे और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ कलेक्टर ने किसानों से बातचीत की। डॉ सिंह ने कहा कि मौसम को देखते हुए धान खरीदने के बाद धान के बोरों को पॉलीथीन से ढ़क कर रखें, ताकि धान बारिश के पानी से भीग कर खराब ना हो। उन्होंने मास्टर मीटर से खरीदे गए धान की नमी चेक की और साथ ही अपने समक्ष खरीदे जा रहे धान को इलेक्ट्रॉनिक तौल से तौलाकर देखा। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल के दर से धान खरीदी की जा रही है। केन्द्र में आ रहे सभी किसानों से इस आधार पर धान खरीदी की जाए। साथ ही उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, सीएमएचओ श्री मिथिलेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, एसडीएम पुष्पेन्द्र शर्मा, तहसीलदार सीता शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

श्री रावतपुरा सरकार विवि में अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय परिसर में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर से पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के 12 संबद्ध महाविद्यालयों के कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 15 लड़कियों और 15 लड़कों ने अपनी तीरंदाजी कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कंपाउंड राउंड, इंडियन राउंड और रिकर्व राउंड में अपनी प्रतिभा दिखाई।

मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं टीआईएसएस चांसलर प्रो. डी.पी सिंह ने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों से भेंट कर कहा कि मेरे लिए यह वास्तव में सम्मान की बात है। हम न केवल खेल की भावना के लिए बल्कि शिक्षा, ज्ञान और रचनात्मकता के आदर्शों को अपनाने के लिए भी एकत्र हुए हैं जो हमारे भविष्य को आकार देंगे। शिक्षा के मौलिक मूल्य पर जोर देते हुए कहा कि , शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों या परीक्षाओं के बारे में नहीं है; यह आने वाली दुनिया के लिए खुद को तैयार करने, आलोचनात्मक सोच, नवाचार और लगातार बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होने की क्षमता को बढ़ावा देने के बारे में है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज को किया एकजुट

■ विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सम्मान, समाज उत्थान पर जरूरी चर्चा

■ युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दया सिंह भी बैठक में शामिल हुए

रायपुर/भिलाई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक रायपुर में हुई। यह बैठक विंध्यहरण सिंह क्षत्रिय भवन सरोना व स्थानीय होटल बेबीलॉन में आयोजित की गई। इसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। क्षत्रिय भवन में 15 स्थानीय संगठनों ने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह के प्रति आस्था जताई। पूर्व सीएम, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया गया। डॉ. रमन सिंह समाज के राष्ट्रीय संरक्षक भी हैं। समाज के लोगों को जागरूक किया गया और कई जरूरी विषयों पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतापगढ़ यूपी कुंवर हरिवंश सिंह ने कहा, एक रहोगे तो सेफरहोगे, बटोगे तो कटोगे। क्षत्रियों से रियासते लेकर राजनैतिक दल हमारे समाज से सियासत न करे। पूर्व सांसद ने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बताया कि हमारे मुख्य संरक्षक को जो सम्मान मिला लेकिन समाज चाहता था कि उनके व्यक्तित्व अनुसार कद बढता कैबिनेट में केन्द्रीय व राज्यों मे क्षत्रियों की घटती संख्या भी चिंता जताई। सामूहिक एकता बहुत जरूरी है। युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अध्यक्ष दया सिंह ने कहा कि सामाजिक नेतृत्व में कुंवर हरिवंश सिह के नेतृत्व में आस्था जिन संगठनों ने व्यक्त किया उनका सम्मान बढ़ेगा। संगठन ने प्रतिभाओं का सम्मान किया। संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया कि 1 दिसंबर को नई दिल्ली कार्यकारिणी थी। आज अपने मुख्य संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह का राष्ट्रीय अध्यक्ष व युवा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पदाधिकारियों शास्वत सिंह, अजय सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष सिंह, प्रकाश सिंह संग सम्मान किया। हिन्दूत्व पर चर्चा भी की गई। संगठन शिल्पी वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिह राजू ने कहा कि हर मुद्दों पर हमें संगठन के माध्यम से अपने समाज की बात रखूंगा। हमारा समाज उपेक्षित न हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि, कुर्सी पाने व चोला का रंग बदलने का दौर है। कुछ लोग यही कर रहे हैं।

उद्बोधन... सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

सैनिकों के कल्याण के लिए मानवीय संवेदना से कार्य करें : राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आज राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 16वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्त्तव्य है। इसमे मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस दिशा में हम सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ''सशस्त्र सेना झंडा'' दिवस निधि के लिए संग्रह बढ़ाने के लिए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड एवं गृह विभाग के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। सरकार की सहायता पर ही निर्भर ना रहते हुए समुदाय को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की बैठक में लिये गये सभी निर्णयों से छत्तीसगढ़ में भूतपूर्ण सैनिक उनके लाभान्वित होंगे।

श्री डेका ने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए। बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई बिदुओं पर निर्णय लिये गये। जिसमें जवानों की भांति जूनियर कमिश्नड ऑफिसर (जे.सी.ओ.) के लिये भी पुत्री विवाह हेतु 50 हजार रूपए का आर्थिक अनुदान तथा चार्टेड एकाउटेन्ट, कंपनी सेक्टरी के व्यवसायिक पाठयक्रम का अध्ययन करने वाले बच्चों को 20 हजार रूपए एकमुश्त प्रतिवर्ष का आर्थिक अनुदान प्रदान किया जायेगा। आईटीआई प्रशिक्षण के दौरान भूतपूर्व सैनिक प्रशिक्षु को देय 5 हजार रूपए प्रति माह के स्थान पर प्रशिक्षु द्वारा संस्थान को देय वास्तविक शुल्क प्रदान किया जायेगा तथा लघु व्यवसाय हेतु देय आर्थिक अनुदान 15 हजार रूपए जो सैम्फेक्स योजनाओं में सम्मिलित नहीं थे उनको वृद्धि कर 25 हजार रूपए कर दिया गया है।

माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला पीएमश्री योजना में होगा शामिल : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की प्राचीनत्तम स्कूल माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला को पीएमश्री योजना में शामिल कराए जाने की घोषणा रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने की, ताकि यहां के बच्चों को भी गुणवत्तापरख उच्च शिक्षा मिल सके। अगले सत्र से कॉमर्स आर्ट्स साइंस मैथ्स सहित सभी संकाय की सुविधा यहां होगी. इसके लिए सभी आवश्यक प्रकिया पूरा करने के निर्देश उन्होंने शाला परिसर में ही जिला शिक्षा अधिकारी श्री खंडेलवाल को दिए। स्मार्ट कंप्यूटर रूम के उद्घाटन अवसर पर उन्होने यह भी कहा कि जल्द ही यहां स्मार्ट लाइब्रेरी भी बनेगी। माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला में नव निर्मित स्मार्ट कंप्यूटर रूम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस स्कूल की अपनी अलग ही पहचान है। यहां से पढ़कर निकले छात्रों ने अलग-अलग क्षेत्रों में नाम रौशन किया है।

स्मार्ट कंप्यूटर रूम के उद्घाटन अवसर पर कहा स्मार्ट लाइब्रेरी भी बनेगी

न्यूज गैलरी

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर नीति

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विगत दिवस 29 नवंबर अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में कार्यशाला एवं कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में आयोजित इस कार्यशाला में जानकारी दी गई है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 भारत में एक विधायी अधिनियम है जो महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाने का प्रयास है. यह अधिनियम 9 दिसंबर 2013 से लागू हुआ, इसने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1997 में जारी विशाखा दिशानिर्देशों का स्थान लिया है।

कलेक्टर जनदर्शन में 36 आवेदन प्राप्त

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से जिला प्रशासन का अवगत कराया। कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री बीएस उइके और श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आज तेन्दूपत्ता बीमा राशि प्रदाय कराने कलेक्टर दर स्वीकृत करने अवैध रूप से वाहन खड़ा कराने की शिकायत, सड़क का मरम्मत कराने से संबंधित आवेदन जिले के आवेदकों से प्राप्त हुए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवीन आवास स्वीकृत करने, अवैध कब्जा हटाने, सोलर पंप स्थापित करने, उचित मूल्य की दुकान में चना उपलब्ध कराने, पीएम आवास योजना अंतर्गत सूची वाले हितग्राहियों के खाते में राशि जमा नहीं होने की शिकायत, डिजिटल नक्शा-खसरा, एवं बी-1 में त्रुटि सुधार करवाने सहित विभिन्न मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन आज कलेक्टर जनदर्शन के दौरान आवेदन प्रस्तुत हुए। इस अवसर पर डीएफओ श्री डीपी साहू, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री हरेश मण्डावी सहित जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

रावाघाट परियोजना में ठेकेदार की मनमानी

मजदूरों को दो सौ रुपये देने का विरोध करने पर ठेकेदार ने सरपंच को धमकाया

अंतागढ़/नवप्रदेश । परियोजना में मजदूरों को दो सौ रुपये देने का विरोध करने पर संबंधित ठेकेदार ने सरपंच भैंसगाव को धमकाया जबकि आज तक हराईनार मुरमीकरण मैं मजदूरों को दो सौ रुपये दिये जाने की शिकायत पर कोई जिम्मेदार अधिकारी जांच करने नहीं पहुंचा जबकि विधायक विक्रम उसेंडी को एवं एसडीएम अन्तागढ को हराईनार के मजदूरों ने शिकायत की है ।

गौरतलब है कि रावघाट परियोजना के अंतर्गत प्रभावित गांव में मूलभूत कार्यों के निर्माण के लिए भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के द्वारा दी गई राशि का इको डवलपमेंट के नाम से वन विभाग कार्य एजेंसी ने ठेकेदार के साथ मिलकर मजदूरों के हक की कमाई को भी नही छोडा मजदूरों से कराया जाने वाले कार्य मशीन से कराया और जो मजदूरों ने काम किया उस मजदूरी में भी डाका डाल दिया। वन विभाग के द्वारा इको डवलपमेंट के कार्य आतुरबेडा से हराईनार में दो सौ रुपए मजदूरी दी गई थी जिसका उस क्षेत्र सरपंच ने विरोध किया था मजदूरी कम देने का विरोध करने पर संबंधित नारायणपुर के ठेकेदार ने सरपंच भैंसगाव को फोन से आरटीआई लगाकर क्या क्या किये हो सब निकल जायेगा सरपंच है तो नारायणपुर में आना जैसे ?शब्दो का इस्तेमाल कर धमकाया था । जिसका आडियो सरपंच भैंसगाव के पास है और सरपंच भैंसगाव ने वन विभाग के द्वारा इको डवलपमेंट कार्य में मजदूरों को दो सौ रुपये देने की शिकायत पूर्व कलेक्टर प्रियंका शुक्ला से की थी ।वर्तमान कलेक्टर को रावघाट परियोजना के लिए झाड कटाई को लेकर रावघाट थाना परिसर में हुई बैठक में भी शिकायत की गई थी। आतुरबेडा से हराईनार , आतुरबेडा से घोटिया , एवं घोटिया से गवाडी मुरमीकरण कार्य में नारायणपुर के ठेकेदार सिर्फ मुरूम खोदने के कार्य के लिए अधिकृत था लेकिन ठेकेदार ने मुरूम की खुदाई के अलावा ढुलाई परिवहन और डोजर से मुरूम को बिछाने का भी काम किया जबकि ट्रैक्टर में मुरुम लोडिंग और बिछाई का कार्य भी डोजर से करा दिया तो इको डवलपमेंट कार्य की एजेंसी वन विभाग के लोगों ने क्या किया । वन परिक्षेत्र अधिकारी अन्तागढ़ का कहना है पूरा काम ठेकेदार ने किया । और नारायणपुर के ठेकेदार का कहना है मुझे सिर्फ खुदाई का काम मिला था। अधिकारियों के कहने पर मैंने बाकी काम किया उसका क्या मस्टरोल व्हाऊचर कितने का मजदूरों के नाम से बनाया वन विभाग के लोगों ने ये मुझे नहीं मालूम । मै मशीन से मुरुम खुदाई का पैसा लिया बाकी मै नही जानता।

नारायणपुर ठेकेदार का कहना है

ठेकेदार नारायणपुर सुकरू निषाद मैंने मुरमीकरण कार्य किया मजदूरों को मशीन देखरेख और सड़क सफाई के लिए रखा था उसका दो सौ रुपये के हिसाब से मजदूरी दिया अधिकारी ने पूरा काम करने कहा तो मैने पूरा काम किया सरपंच काम में अडंगा लगा रहा था इसलिए फोन पर आरटीआई लगाने की और नारायणपुर आने की बात बोला था।

सरपंच भैंसगांव का कहना है

सरपंच भैंसगाव सोनूराम उसेंडी मेरे द्वारा इको डवलपमेंट के कार्य में दो सौ रुपये मजदूरी देने का विरोध करने पर मुझे नारायणपुर के ठेकेदार ने धमकाया था और दो सौ रूपये मजदूरी ठेकेदार के द्वारा मजदूरों को दिया गया जबकि वन विभाग का मजदूरी दर 337 रूपये है । पूरे 72 लाख के मुरमीकरण कार्य में मजदूरों को दो सौ रुपये मजदूरी दिया गया है । और मुझे ना वन विभाग ने ना ठेकेदार ने सूचना दिया जबकि सरपंच और गांव के लोगों ने ही इको डवलपमेंट कार्य योजना बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाई थी।विभाग के द्वारा ठेकेदार को सामने कर पूरा भ्रष्टाचार किया गया।

छग लोक सेवा आयोग में सफल प्रतिभागियों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा

कड़ी मेहनत और राज्य शासन की पारदर्शितापूर्ण परीक्षा प्रणाली ने दिलाई सफलता

■ **चयनित अधिकारियों ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट**

चयनित अभ्यर्थियों ने कलेक्टर क्षीरसागर से भेंट की

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2023 की सिविल सेवा भर्ती परीक्षा में जिले के चयनित अभ्यर्थियों ने आज जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने सभी चयनित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शासन की मंशानुसार दायित्वों का निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट सेवाएं देने की बात कही। इस दौरान सफल अभ्यर्थियों ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा प्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का पूरा खयाल रखा।

कांकेर/नवप्रदेश। परिश्रम का कोई विकल्प या शॉर्टकट नहीं होता, क्योंकि सही दिशा में किए गए प्रयासों को एक न एक दिन कामयाबी जरूर मिलती है। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2023 में पूरी तरह से पारदर्शिता और निष्पक्षता अपनाते हुए परीक्षाएं आयोजित की, जिसका प्रतिफल यह रहा कि योग्य और प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को सिविल सेवा में अवसर मिला। राज्य पीएसएसी-2023 की प्रतियोगी परीक्षा में ऐसे अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिन्होंने वास्तव में कठोर परिश्रम, लगन और लक्ष्य को हासिल करने के जुनून के खुद को साबित किया। साथ ही उक्त परीक्षा परिणाम ने यह सिद्ध किया कि होनहार और प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी को उसकी योग्यता के अनुकूल स्थान मिला। इस बार की परीक्षा में ऐसे अभ्यर्थियों का चयन हुआ है जो वाकई उस पद के योग्य व उपयुक्त हैं, चाहे वह किसान परिवार से हो, या मजदूर अथवा साधारण शिक्षक हो। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उनकी कड़ी मेहनत और लगन रंग लाई, जिसके सकारात्मक व सुखद परिणाम सबके सामने है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में जिले के ग्राम बारदेवरी निवासी सुश्री निधि प्रधान का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। उन्हांने बताया कि वह गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में एन्थ्रोपोलाजी विषय से स्नातक किया। सुश्री निधि ने कहा कि यह कामयाबी प्रथम प्रयास में ही मिली है और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा उक्त प्रतियोगी परीक्षा में निष्पक्षता व पारदर्शिता का विशेष तौर पर ध्यान रखा गया, इसके लिए उन्होंने आभार प्रकट किया। इसी तरह भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम मोहगांव निवासी सुश्री तनुजा बेलसरिया ने बताया कि उनका चयन महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य पीएससी की पिछली परीक्षा में आशानुरूप परिणाम नहीं आने से वह निराश व हतोत्साहित हो गई थीं, किन्तु वर्तमान राज्य सरकार ने हम अभ्यर्थियों की मेहनत को पहचाना और पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा प्रणाली लागू की, इसके लिए प्रदेश सरकार के प्रति उन्होंने आभार माना।

अधीनस्थ सेवा लेखा अधिकारी के तौर पर चयनित सुश्री दीप्ति कुजूर ने बताया कि वह प्राथमिक शाला सिंगारभाट में शिक्षक के तौर पर पदस्थ रहीं। एमएससी (कृषि) की शिक्षा प्राप्त करने वाली सुश्री कुजूर ने बताया कि पिछली प्रतियोगी परीक्षाओं में उन्हें अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिली लेकिन वर्ष 2023 की परीक्षा में आशातीत परिणाम मिले।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

विकास प्राधिकरण के बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन नियत समय पर प्रस्तुत करें

दंतेवाड़ा । आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा एनआईसी कक्ष से ऑनलाइन लिंक के द्वारा साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम विगत दिवस हुए बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए गए विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की जानकारी लिया। और कहा कि प्राधिकरण के बैठक में दिए गए निर्देश को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जिन विभागों द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास एवं सीएसआर के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए है। वे इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र भी अनिवार्य रूप से जमा कराएं। इसके साथ ही उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं पीडीएस सहित अन्य जनहित में सेवा प्रदाता प्रणाली के सुचारू रूप से संचालन हेतु निरन्तर सचेत रहे। और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने समस्त विभागों के प्रमुखों से कहा कि उनके विभागों के समक्ष हितग्राहियों के आए आवेदनों पर की गई कार्यवाही की वस्तु स्थिति के संबंध में संबंधित हितग्राहियों को अवगत कराएं। इसी प्रकार अगर प्रकरण का निराकरण नहीं हो पाने या फिर राज्य शासन से संबंधित होने के कारण विलंब की स्थिति बन रही है। तो इसका भी यथोचित कारण दर्शा कर हितग्राहियों की शंकाओं का समाधान अवश्य करें।

हर साल खपरैल बदलने की परेशानी से मिली मुक्ति

■ **प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली ग्रामीणों की तकदीर व तस्वीर**

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के सिर पर न सिर्फ छत दे रही है बल्कि विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात भी दिला रही है। इस योजना से ग्रामीणों की तकदीर व तस्वीर दोनों बदल गई है। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुड़पार निवासी श्रीमती द्रोपदी कश्यप जो प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही हैं, ने बताया कि इस योजना से कई तरह की परेशानियां दूर हुईं।

हितग्राही श्रीमती द्रोपदी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2020-21 में आवास स्वीकृत हुआ जो अब बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि

इस योजना से पक्के मकान का सपना पूरा हुआ ही, इसके अलावा बारिश के दिनों में कच्चे मकान में होने वाली सीलन, कीड़े-मकोड़ों का डर भी सताता रहता था। श्रीमती कश्यप ने बताया कि पहले कच्चा घर होने से हर साल खपरैल (कवेलू) बदलवाने का झंझट होता था। इससे पूरी तरह से अब मुक्ति मिल गई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिवार का सपना बड़े मकान का था, जो अब साकार हो गया है। श्रीमती कश्यप ने स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से 1.20 लाख रूपए मिले तथा 6 लाख रूपए का ऋण महिला संगठन से लिया। इसके अतिरिक्त कुछ रूपए बैंक से भी उधार लिए। श्रीमती द्रोपदी आज खुश हैं कि उनका और उनके परिवार का सपना पूरा हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का साधुवाद देते हुए आभार प्रकट किया। ग्राम मुड़पार (दखनी) की ही श्रीमती बिमलाबाई सरोज ने भी योजनांतर्गत पक्के आवास का निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में उनका आवास स्वीकृत हुआ और 2023 के वर्षान्त में पक्का मकान बनकर तैयार हो गया। आवास निर्माण के लिए उन्हें क्रमशः 40 हजार, 60 हजार उसके बाद 20 हजार रूपए बैंक खाते में मिले।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनीतिक दलों ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। इस तारतम्य में आज 03 दिसंबर 2024 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का आज निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनजातीय धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में मुख्यमंत्री ने की अच्छी पहल : सिरहा

■ **बैगा, गुनिया, सिरहा को 5-5 हजार रूपए की सम्मान निधि देने के निर्णय से खुशी का माहौल**

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर प्राधिकरण की बैठक में जनजातीय परंपराओं और विरासतों को सहेजने व संजोने के उद्देश्य से बैगा, गुनिया और सिरहा को हर साल 5-5 हजार रूपए की सम्मान निधि प्रदाय करने का फैसला लिया था। राज्य सरकार के इस निर्णय से जनजातीय परंपराओं के संरक्षकों में हर्ष व्याप्त है।

नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुड़पार (दखनी) के सिरहा श्री अमर सिंह कुमेटी ने बताया कि इस फैसले से एक तरह से बस्तर की जनजातीय धरोहरों को आगे बढ़ाने वालों ने खुशी व्याप्त है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 साल से सिरहा का काम कर रहे हैं तथा नाड़ी वैद्य के रूप में ग्रामीणों सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की शारीरिक एवं मानसिक बाधाओं को दूर करने का प्रयास करते हैं। श्री कुमेटी ने बताया कि इसके तहत् दैवीय शक्तियों- बूढ़ीमाता, रकतमावली, रानीमाई, गाजवाली का आह्वान कर लोगों की बाधाएं दूर करते हैं।

प्रथम पेज का शेष

बेगुनाहों को मौत की नींद ...

पुलिस के सामने कई तरह की चुनौती

हिट एंड रन के इन केस में पुलिस के सामने कई तरह की चुनौती सामने आती है। कई घटनाओं की जानकारी हादसे के कुछ घंटों बाद पुलिस को मिलती है जब तक पुलिस खोजबीन शुरु करती है तब तक आरोपी वाहन चालक जिले से बाहर जा चुका होता है तो कभी घटना का कोई चश्मदीद नहीं होता है। इससे ये पता चल सके कि किसने घटना को अंजाम दिया। बीते दो साल पांच महीने में ऐसे 129 हादसे हो चुके हैं जिनमें 50 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। जिन परिवार ने अपनों को हिट एंड रन में खोया है वे आज भी इस आस में है गुनाहगारों को सजा मिलें।

पुलिस की विवेचना में भी रह जाती है कमी

हिट एंड रन के कई ऐसे मामले सामने आते हैं जिनमें पीड़ित परिवार जांच कराना चाहते हैं। परिवारों का कहना है कि घटना के बाद उस मार्ग से गुजरे वाहनों को सीसीटीवी के फुटेज में समय के आधार पर पूछताछ या फिर जांच की जाए तो आरोपी पकड़ में आ सकते हैं।

छोटी गाडियों को टक्कर मारने के बाद भाग जाते हैं बड़े वाहनों के चालक

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। हर साल दुर्घटनाओं में वृद्धि दर्ज की जा रही है। सड़क दुर्घटना में मारे जाने वाले लोगों की संया भी बढ़ती जा रही है। अक्सर दोपहिया गाडियों को टक्कर मारने के बाद भारी गाडियों के चालक मौके से फरार हो जाते हैं। इनकी पहचान कर पकडना पुलिस के लिए हमेशा चुनौती बना रहता है। इसके पीछे बड़ा कारण किसी प्रत्यक्षदर्शी का सामने नहीं आना होता है।

लोकसभा में रार...

अपनी पार्टी के सांसदों को जाने का इशारा करते देखे गए। गांधी समेत विपक्षी सदस्य वॉकआउट करने वालों में शामिल थे। इसके बाद सांसद चल रहे प्रश्नकाल में भाग लेने के लिए वापस लौट आए।

प्रश्नकाल के अंत में, कुछ विपक्षी सदस्यों ने पीएम-किसान योजना पर एक सवाल के जवाब में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर जवाब को लेकर फिर से वॉकआउट किया।

गलवान झड़प पर विदेश मंत्री बोले

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में बताया कि जून 2020 की गलवान झड़प में 45 साल बाद पहली बार सैनिकों की जान गई और सीमा पर भारी हथियार तैनात हुए। भारत ने इस चुनौती का मजबूती से सामना किया और कूटनीतिक प्रयासों से तनाव कम करने की कोशिश की। जयशंकर ने बताया कि 1988 से भारत-चीन ने सीमा विवाद को बातचीत से सुलझाने और शांति बनाए रखने के लिए कई समझौते किए।

राज्यसभा में शीतकालीन सत्र में ...

फेंगल और वायनाड के कारण आयी आपदा, अडानी समूह , दिल्ली में प्रदूषण और बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार जैसे आठ विषयों पर सभी कामकाज रोककर चर्चा कराने की मांग की गयी है। उन्होंने कहा कि यह बड़े अफसोस की बात है कि एक नोटिस पहले से ही सार्वजनिक हो चुका है।

कानून की नजर में सब...

रही है। उन्होंने आगे कहा कि देश के नागरिकों के लिए हमारे संविधान ने जिन आदर्शों की कल्पना की थी, उन्हें पूरा करने की दिशा में ये ठोस प्रयास है। हम हमेशा से सुनते आए कि कानून की नजर में सब बराबर होते हैं लेकिन व्याहवारिक सच्चाई कुछ और होती है। कानून हर पीढ़ी के प्रति संवेदना से परिपूर्ण है।

सबसे आगे बैठेंगे पीएम मोदी...

को पहले दूसरे कॉलम में डिवीजन नंबर 58 आवंटित किया गया था, लेकिन अब उन्हें गृह मंत्री अमित शाह के बगल वाली सीट संख्या चार दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रधानमंत्री के बगल वाली डिवीजन सीट संख्या दो मिली है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव विपक्षी दीर्घा की आगे की पंक्ति में सीट संख्या 355 पर बैठेंगे। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंदोपाध्याय यादव के बगल में बैठेंगे। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को 280, कल्याण बनर्जी को 281 और सौगत रॉय को 284 नंबर की सीट दूसरी पंक्ति में आवंटित हुई हैं।

10 हजार के इनामी कमांडर...

थाना नेलसनार की टीम ने बोदली मरी नदी के किनारे से एक नक्सली जनताना सरकार सदस्य, सीएनएम कमाण्डर दशरथ हेमला फुलादी कुंजामपारा थाना मिरतुर को गिरफ्तार किया है।

नक्सलियों के नापाक मंसूबे ...

पर ग्रेहाउंड्स फोर्स ने महिला नक्सली समेत 7 नक्सलियों को मार गिराया। सुकमा से सटे तेलंगाना के मुलुगु जिले के एटुरनगरम मंडल के चलपाका वन क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी। पुलिस के जवानों ने घटनास्थल से हथियार बरामद किए गए थे। तेलंगाना ग्रेहाउंड, विशेष माओवादी विरोधी दस्ते के नेतृत्व में मुठभेड़ हुआ था। वहीं पुलिस को संदेह है कि, सभी मृतक बदरू दल के सदस्य थे।

भारी मात्रा में हथियार बरामद

जवानों ने मौके से एक-47 समेत अन्य हथियार भी बरामद किया था। रविवार सुबह से दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही थी। मामला तेलंगाना के मुलुगु जिले क्षेत्र का है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिया था। नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। लेकिन जवानों ने मुठभेड़ में उन्हें ढेर कर दिया।

दुर्घटना में पांच एमबीबीएस ...

कोट्टायम के चेन्नाडू निवासी आयुष शाजी (19), लक्षद्वीप के एंड्रोथ निवासी पीपी मोहम्मद इब्राहिम (19) और कन्नूर के पंड्याला निवासी मोहम्मद अब्दुल जब्बार (19) हैं।

जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी लेने पहुंचे पत्रकार से दुर्व्यवहार

अंतागढ़/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अंतागढ़ में पदस्थ विकाश विस्तार अधिकारी ने स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की अभद्रता और गाली गलौच, कल कलगांव में हुए जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी लेने पहुंचे थे पत्रकार, वहीं शराब के नशे में धुत्त अफसर की ज़बान पर बिल्कुल नहीं था नियंत्रण अपने ही सीनियर अधिकारी के सामने वीडियो में शराबी अफसर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को वीडियो भेज देने की धमकी देते दिखा अफसर , अफसरसाही की खनक ऐसी की कार्यालयीन समय में भी शराब पीकर अपने चैंबर में हंगामा करता दिखा और बाद में स्थिति को भांपते हुए ऑफिस से नदारद हो गया । जैसे ही स्थानीय मीडिया के अन्य साथियों की की इस खबर की खनक लगी सभी जनपद पंचायत में पहुंच जनपद सीईओ से मुलाकात की इस सम्बन्ध में चर्चा की संबंधित पर करवाई की मांग की ।

विकास विस्तार अधिकारी से आए दिन होती रहती है लोगो की बहस जनपद पंचायत के प्रांगण में मौजूद लोगों ने बताया कि आए दिन किसी न किसी से बहस होती रहती है हमेशा ही नशे में धुत रहता है वहीं मौजूद ने यह भी बताया कि चुनाव के समय भी चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इनके द्वारा गाली गलौज किया गया था जिसके बाद भी इन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई कार्यवाही न होता देख इनका हौसला और बुंलद है और आए दिन लोगों से बदतमीजी करता रहता है ।

जनपद के सीईओ का कहना है

इस सम्बन्ध में जनपद के सीईओ का कहना है कि आज तो स्थानीय मीडिया कर्मियों से शराब के नशे में जो विकास अधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार व गाली गलौज की इस सम्बन्ध में विभाग के द्वारा जिला पंचायत को कारवाही के लिए और यह से हटाने के पत्र लिखा जा रहा है क्योंकि आए दिन इनकी शिकायत आते रहता है

जनपद अध्यक्ष बद्री गावड़े का कहना है

जनपद अध्यक्ष बद्री गावड़े का कहना है विभाग के द्वारा लेटर जारी किया जा रहा है आज हुई मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार के चलते एक विभागीय बैठक कर विकास विस्तार अधिकारी को यहां से हटाने की कारवाही की जाएगी

पत्रकार संघ का कहना है

अंतागढ़ पत्रकार संघ का कहना है कि संबंधित पर कार्यवाही नहीं किया गया तो जनपद पंचायत के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

न्यूज गैलरी

जनप्रतिनिधि क्षेत्रवासियों के समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करते हैं, तो अपने आप उनके प्रति भविष्य में विश्वास बढ़ता है

35 लाख से सुधरेगी पाली क्षेत्र की अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था

पाली/नवप्रदेश। नगर पंचायत पाली क्षेत्र में विद्युत लाइन अव्यवस्थित होने की वजह से कई लोग इसके चपेट आ गए हैं। गनीमत रही कि अब तक कोई बड़ी घटना नहीं हुई, पर हमेशा खतरा बना रहता है।

समाजसेवियों द्वारा विधायक से मुलाकात कर विद्युत लाइन की समस्या से अवगत कराया गया था कि पूरे नगर पंचायत में विद्युत लाइन घर के ऊपर से गुजरी हुई है। इसकी वजह से हमेशा विद्युत के चपेट में आने का डर बना रहता है। इस पर विधायक मरकाम ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। साथ ही उचित कार्रवाई के लिए कलेक्टर से पत्राचार किया। विधायक ने जिला खनिज न्यास की बैठक में भी अव्यवस्थित विद्युत लाइन को व्यवस्थित करने के लिए जिला खनिज न्यास मद से एक करोड़ की मांग की थी। विधायक प्रतिनिधि कुलदीप सिंह मरकाम ने बताया कि विधायक मरकाम ने पिछले दिनों प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर पंचायत पाली की विद्युत लाइन के संबंध में कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराते हुए मांग किया था।

कलेक्टर ने आश्वस्त कराया कि जल्द ही प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही विद्युत लाइन समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला खनिज न्यास मद से 35 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्य विद्युत विभाग द्वारा बहुत जल्द किया जाएगा।

नगर पंचायत पाली के वार्ड क्रमांक पांच निवासी रवि शंकर सोनी, गुहाराम प्रजापति, विवेक डिक्सेना ने विधायक द्वारा की गई पहल से विद्युत लाइन व्यवस्थित करने के लिए स्वीकृति मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीतिक दल कोई भी हो, यदि जनप्रतिनिधि क्षेत्र वासियों के समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करते हैं, तो अपने आप उनके प्रति भविष्य में विश्वास बढ़ता है।

विद्युत लाइन के लिए मिली स्वीकृति

सीएमओ नगर पंचायत पाली सीएमओ पुर्णेंदु तिवारी ने कहा कि विधायक प्रतिनिधि कुलदीप सिंह मरकाम ने जानकारी दी है कि विद्युत लाइन व्यवस्थित करने के लिए 35 लाख की स्वीकृति मिल चुका है।

सुधार कार्य से व्यवस्थित होगी विद्युत लाइन-रामचंद्र डिक्सेना नगरवासी

रामचंद्र डिक्सेना कहते हैं कि नगर पंचायत पाली की अव्यवस्थित विद्युत लाइन सुधर जाने से खतरा कम हो गया है। इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हैं।पाली पंचायत के लिए यह उल्लेखनीय कार्यसावित्री श्रीवासनगर पंचायत पाली की पार्षद सावित्री श्रीवास कहती है कि विधायक द्वारा किया गया पहल नगर पंचायत पाली के लिए उल्लेखनीय कार्य है। नगर वासी उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी इसी प्रकार से विधायक का सहयोग बना रहेगा।

रामचंद्र डिक्सेना कहते हैं कि नगर पंचायत पाली की अव्यवस्थित विद्युत लाइन सुधर जाने से खतरा कम हो गया है। इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हैं।पाली पंचायत के लिए यह उल्लेखनीय कार्यसावित्री श्रीवासनगर पंचायत पाली की पार्षद सावित्री श्रीवास कहती है कि विधायक द्वारा किया गया पहल नगर पंचायत पाली के लिए उल्लेखनीय कार्य है। नगर वासी उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी इसी प्रकार से विधायक का सहयोग बना रहेगा।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्रदान किया पेंशन प्राधिकार पत्र

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने 30 नवम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 9 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई-शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ रहने की कामना की। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी के सहायक वर्ग 2 श्रीमती सुषमा जाधव, भृत्य श्री मानसिंह ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के व्याख्याता श्री लक्ष्मण राव मगर, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला कुरूद श्री रमेश कुमार सोनवानी, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला नगरी श्री रोहितलाल धनंजय, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली श्री ऋषिकांत सिन्हा, व्याख्याता सलोनी श्री धनश्याम साहू, लेखापाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव श्री रूप कुमार सिन्हा और उच्च श्रेणी शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखारा श्री नन्द कुमार साहू शामिल हैं।

शासकीय महाविद्यालयों में अध्यक्षों की नियुक्ति का आदेश

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले के शासकीय महाविद्यालयों मे जनभागीदारी अध्यक्षों की नियुक्ति आदेश आखिरकार जारी कर दिए गए । प्रभारी मंत्री की अनुशंसा के बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले के सभी महाविद्यालयों मे जनभागीदारी अध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी किए है । शहर के रानी रश्मिदेवी शासकीय महाविद्यालय मे पूर्व पार्षद विकेश गुप्ता को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । इसी तरह नवीन कन्या महाविद्यालय में पार्षद मोनिका रजक, शासकीय महाविद्यालय ठेलकाडीह मे दिनेश ठाकुर, शा महाविद्यालय बाजार अतरिया मे राजेन्द्र ताम्रकार वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय छुईखदान मे महेश नारकर देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में यतीश कूंजाम दुर्गावती महाविद्यालय साल्हेवारा में महेन्द्र यादव और नवीन शा महाविद्यालय जालबांधा में जयप्रकाश साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है

शराब लेने पहुंचे युवक ने जेबकटी का विरोध किया तो मारा चाकू, हालत गंभीर

■ शराब दुकान में रोजाना पाकेटमार जेब कर रहे साफ

खैरागढ़/नवप्रदेश । शहर के धरमपुरा स्थित सरकारी शराब दुकान में शराब लेने पहुँचा युवक पाकेटमारी के चक्कर में चाकूबाजी का शिकार हो गया । युवक को गंभीर हालत मे स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया है । घटना रविवार देर शाम की है । ब्लाक का दैहान निवासी 26 वर्षीय युवक संजय वर्मा शराब खरीदने शराब दुकान पहुँचा था । भीड़ के चलते वहाँ पाकेटमार ने उसकी पाकेट मार दी इसकी जानकारी होने पर संजय ने संदेह में एक युवक पर पाकेटमारी करने का विरोध किया । लेकिन उसके साथ खड़े अन्य युवक ने मारपीट करते संजय पर चाकू से हमला कर दिया । हमले से घायल संजय संभल नही पाया घटना के बाद आरोपी सहित तीन युवक मौके से फरार हो गए । मौजूद लोगो की मदद से घायल संजय को सिविल अस्पताल लाया गया । जहाँ उसका इलाज के बाद राजनांदगांव रिफर किया गया । संजय के पीठ पेठ मे चाकू के गहरे जख्म है ।

धरमपूरा स्थित शराब दुकान मे रोजाना पाकेटमारी की घटनाएं हो रही है । शहर के ही कूछ पाकेटमार रोजाना शराब दुकान मे शाम होते ही पहुँचे ग्राहकों की जेब काट रहे है । इसका विरोध होने और पकड़ाए जाने पर इस तरह की चाकूबाजी और ब्लेड चलाने से बाज नही आ रहे है । पाकेटमार दुकान मे भीड़भाड़ का सबसे ज्यादा फायदा उठाते है इस दौरान कोई सुरक्षा व्यवस्था और बिजली की पर्याप्त रोशनी नही होने के चलते पाकेटमारी कर कई आरोपी मारपीट और इस तरह के हमले कर मौके से फरार हो जाते है । कई ग्राहक इसके चलते अपनी लंबी रकम गंवा चुके है । लेकिन आबकारी और पुलिस विभाग कोई कार्यवाही करने से कतरा रहा है । मामले की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी मे जूटी है । रविवार शाम को हूई चाकूबाजी की घटना के बाद घायल संजय की सूध लेने विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन सिविल अस्पताल पहुँचे और संजय के इलाज के दौरान चिकित्सकों सहित स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मौके पर मौजूद रहे । इलाज के बाद संजय के रिफर होने के दौरान भी देवांगन ने आवश्यक व्यवस्था बनाने सहयोग किया और शराब दुकान मे लगातार बढ़ रही पाकेटमारी की घटना पर चिंता जताई । देवांगन ने कहा कि आबकारी और पुलिस विभाग के अधिकारियों से

घायल की सूध लेने पहुंचे मनराखन

रविवार शाम को हूई चाकूबाजी की घटना के बाद घायल संजय की सूध लेने विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन सिविल अस्पताल पहुँचे और संजय के इलाज के दौरान चिकित्सकों सहित स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मौके पर मौजूद रहे । इलाज के बाद संजय के रिफर होने के दौरान भी देवांगन ने आवश्यक व्यवस्था बनाने सहयोग किया और शराब दुकान मे लगातार बढ़ रही पाकेटमारी की घटना पर चिंता जताई । देवांगन ने कहा कि आबकारी और पुलिस विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर मामले मे आवश्यक कार्यवाही कराई जाएगी ।

25 हज़ार तक ऋण बिना किसी औपचारिकता के

रंजना साहू ने प्रदेश की महिलाओं की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार

■ महतारी शक्ति ऋण योजना प्रदेश की महतारियों को सशक्त बनाने का बनेगा मज़बूत माध्यम : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय की ओर से छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए एक और योजना शुरू कर दी गई है,महतारी वंदन के बाद महिलाओं के हाथों को मज़बूत करने बड़ी पहल करते हुए महतारी शक्ति ऋण योजना की पहल की जा रही है जिसके तहत महिलाओं को स्वरोज़गार के लिए 25 हज़ार का ऋण बिना किसी औपचारिकता के उपलब्ध कराया जाएगा,इधर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की महिलाओं की ओर से आभार करते हुए धन्यवाद किया,श्रीमती साहू ने बताया मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश की प्रत्येक महिलाओं के प्रति जो प्रतिबद्धता है जहाँ महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 रू की सहयोग राशि महिलाओं के खाते में भेज कर उनके उत्थानार्थ बड़े भाई की भूमिका निभा रहे हैं वहीं अब हमारी मातृशक्ति को स्वरोज़गार देने महतारी शक्ति ऋण योजना लाकर उन्हें उनके पैरों पर ओज मज़बूती से खड़े होने का बल दे रहे हैं,जिन महिलाओं का ग्रामीण बैंक में खाता है उन्हें बिना किसी औपचारिकता के यह ऋण का लाभ मिल सकेगा जिसके तहत उन्हें 25 हज़ार रू का ऋण मिलेगा जिससे वे अपना स्वयं का रोज़गार प्रारंभ कर अपने जीवन को आसान बना सकेंगी यह निर्णय प्रदेश की महतारियों सशक्त बनाने का मज़बूत कारण बनेगा।

पालिका में पदस्थ रहे दीपक दुबे की सेवानिवृति पर कर्मियों ने दी विदाई

खैरागढ़/नवप्रदेश । नगरपालिका मे पदस्थ रहे लिपिक दीपक दुबे की सेवानिवृति पर पालिका प्रशासन ने सादे समारोह का आयोजन कर दुबे को भावभीनी बिदाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । पालिका सभागार मे आयोजित बिदाई समारोह मे सीएमओ प्रमोद शुक्ला, मनोज शुक्ला, राजेश तिवारी, टोडर सिंह, लेखापाल दुष्यंत कुमार सहित पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे । शांत और कार्य के प्रति गंभीर माने जाने वाले दीपक दुबे की सेवानिवृति पर सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने पालिका परिवार की ओर से उन्हे शाल श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सुदीर्घायु जीवन, कुशल स्वास्थ्य की कामना करते उनकी कार्यशैली को याद करते कहा कि उन्होने लंबे समय तक पालिका मे अपनी सेवाए दी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन मोहन खंडेलवाल का कांग्रेसियों ने मनाया जन्मदिन

धमतरी/नवप्रदेश। 1 दिसंबर को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन मोहन खंडेलवाल का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ उनके निज निवास में महिमा सागर वार्ड विंध्यवासिनी मंदिर के पास मनाया गया 82 साल के हुए वरिष्ठ नेता खंडेलवाल के जन्मदिन पर कांग्रेस नेताओं ने उनके घर जाकर जन्मदिन की बधाई और दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी । खंडेलवाल जी के इस 83 वें जन्मदिन पर धमतरी विधायक ओंकार साहू समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता , जिलाध्यक्ष शरद लोहाना जी,पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, विजय देवांगन धमतरी नगर निगम के महापौर , निशु चंद्राकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष,गोपाल शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी , अरविन्द दोषी वरिष्ठ कांग्रेसी , कविता बाबर जिला पंचायत सभापति ,तारणी चंद्राकर जिला पंचायत सभापति,आंनद पवार पूर्व पीसीसी सचिव , आकाश गोलछा ब्लॉक अध्यक्ष शहर -1 , योगेश शर्मा ब्लॉक कुमार , श्रीकांत तिवारी,धर्मेन्द्र पटेल साथ अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओ नें बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया।

रासेयो फरसियां में सात दिवसीय विशेष शिविर में एड्स पर परिचर्चा

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियाँ द्वारा ग्राम संबलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर आयोजित है। शिविर में एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता डॉ. डी. एन. सोम सिविल अस्पताल नगरी ने बताया कि छूने, गले लगाने, हाथ मिलाने, या किसी के साथ खाना खाने से नहीं फैलता। एचआईवी वायरस केवल खून, वीर्य और स्तनपान से बच्चों में हो सकता है। एचआईवी संक्रमित मां से बच्चे में वायरस पहुंचने का खतरा होता है, हालांकि इसे रोका भी जा सकता है। यदि गर्भवती महिला में एचआईवी संक्रमण का पता चलता है, तो उसे दवाइयां देकर बच्चे को संक्रमण से सुरक्षित किया जा सकता है।एचआईवी संक्रमण होने के बाद भी एड्स से बचा जा सकता है।

अध्ययनों से पता चलता है कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी की मदद से लंबे और स्वस्थ जीवन जी सकता है। समय पर दवा लेने और सही खान-पान से प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाए रखना आसान होता है और रोग के कारण होने वाली जटिलताएं कम हो सकती हैं। अक्सर लोगों को इस सवाल को लेकर भ्रमित देखा गया है। सुपरवाइजर एम. एन. सोम ने बताया कि एचआईवी संक्रमण कई प्रकार के हो सकते हैं इसलिए पुनः संक्रमण और इसकी गंभीरता का जोखिम हमेशा बना रहता है। यदि महिला और पुरुष दोनों एचआईवी संक्रमित हैं तो भी उन्हें सुरक्षात्मक उपायों को प्रयोग में लाते रहना चाहिए।

विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं रेडरिबन की सहसंयोजक प्रो.लोकेष्वरी राठिया के निर्देशन में दिनांक 02.12.2024 को महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देष्य विद्यार्थियों को एड्स के प्रति सुरक्षा एवं बचाव जागरुक किया गया । मुख्य अतिथि डॉ.डी.एन.सोम ब्लाक चिकित्सा अधिकारी नगर ने बताया कि एड्स का अर्थ समझाते हुए बताया कि यह वास्तव में बीमारी ना होकर सिंड्रोम अर्थात बीमारियो का समूह है जो व्यक्ति के प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर कर देता है जिससे व्यक्ति कई बीमारियों से लड़ने मे असमर्थ हो जाता है । एड्स असुरक्षित रक्तदान के द्वारा, संक्रमित सुई के अलावा वर्तमान मे प्रचलित टैटू के द्वारा फैलता है । उन्होने एड्स की जांच तथा उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए एड्स पीड़ित व्यक्तियों के प्रति समता व सहानूभुति का भाव रखने हेतु विद्यार्थियो को प्रेरित किया । प्राचार्य महोदया ने समाज में फैले एड्स जुड़े भ्रांतियो को दूर कर स्वयं जागरुक होने एवं अपने आसपास के लोगो को भी जागरुक करन का संदेष दिया । इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिता जैसे निंबध, भाशण एवं पोस्टर आयोजित की गई जिनके विजयी प्रतिभागी कु.भूमिजा, रोषन दीवान एवं कु.वेणुका देवांगन को पुरस्कृत किया गया। मंच का संचालन सुश्री नेहा राजन द्वारा किया गया तथा मुख्य वक्ता डॉ.डी.एन.सोम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202411201000028
अ-27/2024-25

उद्घोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधारमण पिता रघुनंदन प्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम सुरडोंगर तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदकगणों के नाम पर ग्राम सुरडोंगर प.ह.नं. 13 सुरडोंगर रा.नि.मं. केशकाल स्थित भूमि खसरा नं. 23/6, 29/11/क, 23/3/क कुल ख.नं. 03 रकबा क्रमशः 1.0480, 0.2780, 0.2530 कुल रकबा 1.5790 हे. की कृषि भूमि राधारमण पिता रघुनंदन प्रसाद, आरूही पिता सुभाष, उषा पति सुरेश , तनवी, निकिता पिता सुरेश, निष्ठा पिता सुभाष, मीना, रानू, सुशील पिता राधारमण, शारदा पति सुभाष जाति ब्राम्हण के नाम पर राजस्व अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक एवं अनावेदक के मध्य बराबर भागों में बंटवारा कराना चाहते हैं। बंटवारा करवाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 06/12/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
केशकाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202411201000027
अ-27/2024-25

उद्घोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधारमण पिता रघुनंदन प्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम सुरडोंगर तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदकगणों के नाम पर ग्राम केशकाल प.ह.नं. 17 केशकाल रा.नि.मं. केशकाल स्थित भूमि खसरा नं. 30/6/क 96/4, 96/5 कुल ख.नं. 03 रकबा क्रमशः 1.0680, 0.0200, 0.0240 कुल रकबा 1.1120 हे. की कृषि भूमि राधारमण पिता रघुनंदन प्रसाद, आरूही पिता सुभाष, उषा पति सुरेश, तनवी, निकिता पिता सुरेश, निष्ठा पिता सुभाष, मीना, रानू, सुशील पिता राधारमण, शारदा पति सुभाष जाति ब्राम्हण के नाम पर राजस्व अभिलेख में संयुक्त खाता में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक एवं अनावेदक के मध्य बराबर भागों में बंटवारा कराना चाहते हैं। बंटवारा करवाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 06/12/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
केशकाल

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र./न.पा./लो.नि.वि./2024-25 मुंगेली, दिनांक // 2024

// तृतीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय. राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	रिमार्क
162141	वार्ड क्र. 06 परमहंस गेट से खर्राघाट तक सी.सी. सड़क (रिनिवल कोट) निर्माण कार्य	25.85	19500	03 माह	सक्षम श्रेणी

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
2. ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना क्र. 162141 में बीड सब्मिट करने की अंतिम तिथि 11.12.2024 को समय शाम 05.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सब्मिट करने की अंतिम तिथि 13.12.2024 समय दोपहर 03.30 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 13.12.2024 समय शाम 05.30 बजे तक निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/1043/न.पा.प./लो.नि.वि./2024-25 कवर्धा, दिनांक 2/12/2024

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित निर्माण/विकास कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य विवरण	कुल अनु. लागत राशि (लाख में)	नि.प्र. प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 03,07,09, 15,17,18 एवं 24 में सी.सी. रोड/नाली निर्माण एवं अन्य निर्माण से संबंधित कुल 13 कार्य	38.87 लाख	19.12.2024

2- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नरग पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

पता :- पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कमरा क. 18, कलेक्टोरेट के सामने,
Phone No. 07752-250593, Email ID-eebil-phe-cg@gov.in

निविदा आमंत्रण की मैनुअल प्रक्रिया सूचना निविदा क्रमांक 16/ले.शा./लो.स्वा.यां./खण्ड/2024-25
बिलासपुर दिनांक 29/11/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गम सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	लागत (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र करने की अंतिम तिथि
1	माननीय उच्च न्यायालय परिसर एवं आवासीय परिसर बिलासपुर में GI/UPVC Pipe	4.49	16.12.2024
2	माननीय उच्च न्यायालय परिसर एवं आवासीय परिसर बिलासपुर में CPVC/CI Pipe Line के मरम्मत / बदलने का कार्य।	4.88	
3	माननीय उच्च न्यायालय परिसर एवं आवासीय परिसर बिलासपुर में हार्सपॉवर के सबमर्सिबल पम्प, ओपनवेल पम्प, सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प (किर्लोसकर, केएसबी, कलामा, सीआरआई, टेक्समो मेक) प्रदाय कर स्थापित करने का कार्य।	4.91	
4	माननीय उच्च न्यायालय परिसर एवं आवासीय परिसर बिलासपुर में हार्सपॉवर के सबमर्सिबल पम्प एवं कंट्रोल पैनल (किर्लोसकर, केएसबी, कलामा, सीआरआई, टेक्समो मेक) प्रदाय कर स्थापित का कार्य।	4.83	

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से दिनांक 13.12.2024 तक प्राप्त की जा सकती है।

जी- 242504255/2

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालयीन आदेश

आदेश क्रमांक/व.ले.लि/2024-25 बिलासपुर, दिनांक ....

निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि/2024-25 दिनांक 19.09.2024 निविदा सिस्टम क्र. 158773 खारंग जलाशय योजना अन्तर्गत पाराघाट माईनर नहर के आर. डी. 765 मी. से 1315 मी. तक आर.सी.सी. बैरल का निर्माण कार्य, (प्रथम आमंत्रण) राशि रूपये 153.94 लाख को अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन नं. जी 242502647/दिनांक 21.09.2024

जी-242504272/8

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 04/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 02.12.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 23-12-2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - सलिहापारा जलाशय के गहरीकरण, मुख्य बांध, हेड स्लूस, वेस्ट वियर का जीर्णोद्धार कार्य एवं मुख्य नहर के आर.डी. 1860 मी. से 2250 मी. तक सीमेंट कांक्रीट चैनल, 02 नग व्ही.आर.बी., 02 नग सी.डी. वर्क्स तथा 01 नग फाल का निर्माण कार्य एवं 02 नग व्ही.आर.बी. मरम्मत तथा 04 नग आउटलेट का निर्माण कार्य।

(सिस्टम निविदा क्र. 162057)

अनुमानित लागत - **रु. 210.52 लाख**

(टीप :- निविदा जल संसाधन विभाग के एस. ओ. आर. अगस्त 2022 के अनुसार आमंत्रित है।)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09-12-2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी- 242504283/6

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,
कोरबा (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

रायगढ़ में होगी 4 दिसम्बर से अग्निवीर फिजिकल टेस्ट

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया है कि अग्निवीर थल सेना भर्ती के अंतर्गत कार्यालय अग्निवीर सेना भर्ती रायपुर द्वारा 04 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ के स्टेडियम में कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई उत्तीर्ण आवेदकों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद के लिए 07 दिसम्बर और अग्निवीर टेक्निकल, कलर्क एवं ट्रेडमेन के पदों के लिए 11 दिसम्बर 2024 को शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई है। सेना भर्ती में भाग लेने वाले आवेदकों के लिए ठहरने, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने वाले जिले के समस्त अभ्यर्थियों से कहा है कि वे तिथि एवं समय पर निर्धारित स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

7 दिसम्बर को मनाया जाएगा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन उमेद सिंह चारण ने बताया कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के जो जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं, उनका पुण्य स्मरण करने हेतु उनके सम्मान में प्रतिवर्ष सम्पूर्ण देश में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस पुनीत कार्य हेतु इस बहुमूल्य दिन को याद कर उन्होंने सभी नागरिकों से स्वेच्छा से झण्डा दिवस पर दान कर इस पवित्र कार्य में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की है। यह दान की राशि से वीर नारियों के पुर्नवास, आश्रितों एवं दिव्यांग, अपंग हुए जवान और सैनिकों के कल्याण हेतु खर्च की जाती है। दान हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, अम्बिकापुर से सम्पर्क किया जा सकता है। यह दान राशि आयकर से पूर्ण रूप से मुक्त है।

कूटरचना कर 13 एकड़ भूमि अपने नाम करा लिया दर्ज

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा राजस्व अभिलेखों में कूट रचना कर नाम दर्ज कराने वाले एवं फर्जी पट्टा के प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए थे। इसी कड़ी में तहसील सामरी के ग्राम बाटा स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 644 व 699 कुल रकबा 5.212 हे. (12.879 एकड़) के राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ व कूट रचना कर ग्राम बाटा के ही निवासी यूसुफ अंसारी पिता मोहम्मद अली के द्वारा अपने नाम पर दर्ज करा लिया गया था। शिकायत प्राप्त होने पर करुण डहरिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी द्वारा प्रकरण दर्ज कर विधिवत सुनवाई की गई। जांच तथा सुनवाई में यह पाया गया कि युसूफ अंसारी के द्वारा उक्त भूमि पर अवैध कब्जा तथा राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ कर उक्त भूमि को अपने नाम दर्ज करा लिया गया है।

जेल में कैदी की पिटाई, पैसे मांगने की शिकायत

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका के रूप में शुरू की सुनवाई, डीजी जेल से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सेंट्रल जेल में अवैध गतिविधियों के अलावा अनियमितता और सारगंढ़ उपजेल में कैदियों की पिटाई,जेल कर्मियों द्वारा पैसे की मांग की शिकायत को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए पीआईएल के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने डीजी जेल को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करे का निर्देश दिया है। पीआईएल की अगली सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच ने 15 जनवरी की तिथि तय कर दी है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने प्रदेश के दो जेलों में चल रही अवैध गतिविधियों व जेल कर्मियों की मनमानी को लेकर मीडिया में प्रकाशित खबरों को स्वतः संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। सारगंढ़ उप जेल में तो अपने आप में बड़ी घटना घटी,जब जेल कर्मियों ने जेल में बंद कैदियों से पैसे की उगाही करना शुरू कर दिया। पैसा ना देने पर मारपीट भी करने लगे। इसी तरह का एक मामला छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में सारगंढ उप जेल में बंद कैदियों के परिजनों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से दायर किया है। याचिका में बताया है कि जेल में उनके परिजन बंद है। जेल कर्मियों द्वारा पैसे की मांग की जाती है, ना देने पर मारपीट के साथ ही प्रताड़ना दी जाती है। जेल कर्मियों को परिजनों ने फोन पे और अन्य वालेट के माध्यम से दिए आनलाइन

ट्रांजेक्शन का हिसाब भी हाई कोर्ट के सामने रखा है। बीते सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने डीजी जेल को नोटिस जारी कर इस संबंध में जवाब मांगा था। डीजी जेल में मामले की जांच के लिए जांच टीम बनाने की जानकारी कोर्ट को दी थी। कोर्ट ने शासन से पूछा, दोषी जेल कर्मियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से पैरवी के लिए उपस्थित उप महाधिवक्ता से डिवीजन बेंच ने पूछा कि दोषी जेल कर्मियों के खिलाफ राज्य शासन ने क्या कार्रवाई की है। इस पर उप महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जांच के लिए गठित कमेटी द्वारा जांच की जा रही है। छह को शोकाज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। विभागीय जांच जारी है। इस पर डिवीजन बेंच ने आरोपी जेल कर्मियों की जांच जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है।

कांग्रेस का धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान

धान का उठाव न होना षड़यंत्र- शैलेश
किसान टोकन के लिए भटक रहे - डॉ ध्रुव

पेंड्रा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत आज जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त प्रभारी बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, मरवाही के पूर्व विधायक डॉक्टर के. के. ध्रुव, जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव के द्वारा नवागांव सोसायटी, कृषि उपज मंडी पेंड्रा धान खरीदी का निरीक्षण किया गया जहां पर भारी अव्यवस्था के बीच धान खरीदी की जा रही है।

धान खरीदी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं। 3100 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने का वादा भाजपा सरकार के द्वारा किया गया था लेकिन वर्तमान में मात्र 2300 का भुगतान किया जा रहा है। धान खरीदी में सरकार पूरी तरफ फेल हो चुकी है। सरकार धान खरीदी से बच रही है तरह-तरह के हथ कंडे

अपना करके किसानों के घरों में चेकिंग की जा रही है किसानों को धान बेचने से रोका जा रहा है।

हजारों क्विंटल धान मंडी खुले में पड़ा हुआ है जिसका उठाव राइस मिलर द्वारा नहीं किया जा रहा है जिसके कारण खरीदी केंद्र में जगह नहीं है और धान खरीदी पूरी तरह प्रभावित हो रही है।दो दिन के अंदर जिला जीपीएम में धान खरीदी केंद्र से धन को उठाव नहीं होता है तो जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। आज धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, पूर्व विधायक डॉक्टर के. के. ध्रुव जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, महामंत्री पुष्पराज सिंह, संतोष ठाकुर, पवन केशरवानी, राकेश जालान,अनिल सिंह ठाकुर प्रशांत श्रीवास, श्रीकान्त,शिवांश दुबे वीरेंद्र मिश्रा,गिरजरानी पोट्टम, बलदेव यादव,निलेश गुर्जर,रेखा तिवारी आदि मौजूद रहे।

ट्रक का अगला टायर फटने से वाहन पलटा

लखनपुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 में स्थित ग्राम केवरा के पास मंगलवार की सुबह ट्रक का अगला टायर फटने से ट्रक नियंत्रित होकर स्ट्रीट लाइट खंबे को ठोकर मारते हुए सड़क पर पलट गया। गनीमत ट्रक में सवार चालक और क्लीनर बाल बाल बच गये। जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम 9396 का चालक रायपुर से पशु आहार लोड कर बिहार जाने निकले थे। जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम केवरा के पास पहुंचे चालक साइड का अगला टायर फट गया और ट्रक अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रक स्ट्रीट लाइट खंबे को ठोकर मारते हुए सड़क पर पलट गई । घटना के बाद नेशनल हाईवे में एक तरफ से सड़क में आवागमन बंद हो गया। जाम की स्थिति निर्मित हो गई। वही दूसरी ओर से वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी तब कहीं जाकर आवागमन सुचारू हो सका।

विश्व दिव्यांग दिवस : दिव्यांग मतदाताओं को किया सम्मानित

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा के निर्देशन तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी रेना जमील के मार्गदर्शन में 3 दिसंबर विश्व दिव्यांगजन दिवस पर जिले के सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं को पौधा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर उनके बाड़ियों में वृक्षारोपण कर उन्हें मतदाता सूची में उनके नाम अंकित होने के साथ सक्षम एप्लीकेशन की जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में कुल 571962 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 8618 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत है। उन्होंने बताया की भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है जिसमें दिव्यांगजन मतदाता संबंधित सेवाएं जैसे नाम जोड़ना, सुधार आदि का फॉर्म भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त दिव्यांग मतदाता मतदान केन्द्र में

प्राप्त होने वाली सेवाओं, किसी प्रकार की शिकायत के लिए उक्त एप्लीकेशन का प्रयोग कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांग मतदाता जो सामान्य मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं वो अपनी दिव्यांगता पंजीयन भी उक्त एप्लीकेशन के प्रयोग से कर सकते हैं। इसके अलावा भी मतदाता वोटर पोर्टल तथा वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से मतदाता सेवा प्राप्त कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया की समय-समय पर समाज कल्याण विभाग के समन्वय से दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हांकन किया जाता है। मतदान के समय भी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान केन्द्रों को दिव्यांग मतदाताओं के अनुरूप तथा रैंप की उपलब्धता, व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में विश्व दिव्यांग दिवस पर जनपद पंचायत बलरामपुर के प्रांगण में दिव्यांगजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 120 दिव्यांगजनों उपस्थित हुए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्री विनय पैकरा, उपाध्यक्ष भानूप्रकाश दीक्षित, गणमान्य नागरिक अजीत सिंह, अजय गुप्ता ने उपस्थित दिव्यांगजनों को शॉल, श्रीफल एवं फूलमाला देकर सम्मानित किया। उप संचालक समाज कल्याण चन्द्रमा यादव ने उपस्थित लोगों को दिव्यांगजनों के अधिकार एवं शासन से प्राप्त होने वाली सुविधाओं के संबंध में बताया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के लिए खेल-कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं विजेता दिव्यांगजनों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत भी किया गया।

नेशनल लोक अदालत 14 को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक संपादन हेतु खंडपीठ की स्थापना की गई है। जिसमें कलेक्टर, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी होंगे तथा प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर सरगुजा ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्रातंर्गत विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 14 दिसम्बर 2024 को राजस्व दाण्डिक, भू-अर्जन, आर.बी.सी. 6-4 व विविध प्रकरणों का निराकरण करने निर्देशित किया है।

महतारी वंदन योजना की राशि से महिलाएं बन रहीं हैं मजबूत

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिन छोटी-मोटी जरूरतों के लिए पहले महिलाओं को बार-बार अपने बजट में जोड़-तोड़ करनी पड़ती थी, अब महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली 1 हजार रुपए की सहायता राशि से वे पूरी हो रहीं हैं। यही नहीं, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्र में भी महिलाएं इस राशि का उपयोग कर सामाजिक-आर्थिक रुप से सशक्त हो रही, और ऐसी महिलाओं की कहानी रोजाना हमें देखने मिल रही है। ऐसी ही एक कहानी अम्बिकापुर के खालपारा की ममता दास की है। ममता बताती हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत उनके खाते में हर महीने 1 हजार रुपए आते हैं। ये

राशि मेरे लिए बहुत अहम है, क्योंकि यह मेरे होने वाले शिशु के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आधार साबित होगा। इस राशि से पोषणयुक्त आहार लेकर ममता अपने मजबूत भविष्य की नींव रख रहीं हैं। ममता ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं, पति मेहनत मजदूरी करते हैं, छोटी-सी आय में जीवनयापन हो रहा है, पर मैं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाना चाहती हूं, इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य एवं खान-पान का पूरा ध्यान रखती हूं। फल, सब्जी, दूध आदि पोषणयुक्त आहार महतारी वंदन योजना की राशि से खरीदकर मैं स्वयं अपने स्वास्थ्य एवं पोषण का ध्यान रख रही हूं, ताकि होने वाला बच्चा स्वस्थ एवं तंदरूस्त हो। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता ने मातृशक्ति को आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ाया है।

सिर्फ चार डॉक्टरों के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन

लखनपुर/नवप्रदेश। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई सालों से डाक्टरों की कमी बनी हुई है। चार डाक्टरों के भरोसे किसी तरह से खींचतान कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का काम चल रहा है। साथ ही महिला डॉक्टर की भी कमी बनी हुई है।

डाक्टरों के अभाव में लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बिमार होकर रह गया है। जबकि अस्पताल में महिला डाक्टर सहित 8-9 की नितांत आवश्यकता है। दरअसल अस्पताल में पदस्थ डॉ पी0 एस0 मार्को की पदोन्नति के बाद से वह जिला में सीएमएचओ के पद पर आसीन हो गये हैं। इस

तरह से अस्पताल में पदस्थ कुल 5 डाक्टरों में से एक निकल गए । शेष बचे चार डाक्टरों के उपर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का टीका हुआ है। किसी तरह से संतुलन बना कर व्यवस्था चल रहा है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर में अनुभवी विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति किये कराये जाने बात कही थी। लेकिन प्रदेश में सता परिवर्तन होने के साथ ही पूर्व अम्बिकापुर विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री सिंह देव का कथन अधुरा रह गया। कुछ महीने पहले वर्तमान अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने दौरान जीवन दीप समिति के बैठक में बात को दोहराते हुए क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में लखनपुर अस्पताल में डाक्टरों की संख्या बढ़ाते हुए नियुक्त कराए जाने के आश्वासन दिए हैं। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की नियुक्ति नहीं हो पाने कारण पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अस्पताल में डाक्टरों की कमी के वजह से अस्पताल की तत्कालिन व्यवस्था चरमरा गई है। डाक्टरों की कमी को देखते हुए क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है ताकि बिमार मरीजों को अनुभवी डाक्टरों का सलाह के साथ इलाज मिल सके।

महोत्सव | माता परमेश्वरी महोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ मूर्ति की स्थापना

सात दिवसीय परमेश्वरी महोत्सव में जुटे जिलेभर के श्रद्धालु

मुंगेली/नवप्रदेश। देवांगन समाज की ईष्ट देवी माता परमेश्वरी विराजमान हो गई है। सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा के पश्चात मूर्ति की स्थापना किया गया। इस दौरान देवांगन समाज अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता सहित समाज के लोगों ने माता परमेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर समाज की सुख, शांति व खुशहाली की कामना करते माता परमेश्वरी महोत्सव पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा भट्ट बाड़ा ने निकालकर मुंगेली के हदय स्थल पडाव चौक होते हुए पंडरिया रोड़ पुराना पानी टँकी स्थित माता अंगारमोती मंदिर पहुँचे और वहां माता की पूजा अर्चना कर खर्रीपारा स्थित शंकर मन्दिर, काली मंदिर और शीतला मन्दिर में नारियल भेंट करते हुए आशीर्वाद लिया। तदुपरांत बायपास रोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँचे। इस दौरान देवांगन समाज के युवा टीम अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, प्रदेश देवांगन समाज मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन यूट्यूबर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। मुंगेली के ग्राम बरेला से माता की मूर्ति लेकर माता परमेश्वरी चौक पहुँचे।

इस दौरान समाज के लोगों ने पूजा अर्चना कर माता परमेश्वरी चौक से भट्ट बाड़ा तक पुष्प वर्षा से स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँचे। माता परमेश्वरी की आगमन को देख सभी के चेहरे खिल उठे और सभी ने

माता के समक्ष सिर झुकाकर आशीर्वाद मांगा। समाज के लोगों ने कहा कि माता परमेश्वरी के आगमन को लेकर हमें सालों से इंतजार रहता है। महोत्सव को हम एक त्यौहार के रूप में मनाते है। महोत्सव में एक दूसरे से भेंट मुलाकात भी हो जाते हैं। सात दिवसीय महोत्सव में केंद्रीय एवं राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, श्रम, उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन, स्थानीय विधायक पुन्नू लाल मोहले और धरसीवा विधायक अनुज शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि माता की दर्शन करने पहुचेंगे। सात दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के एक से बढ़कर एक कलाकारों का एक मंची कार्यक्रम होगा। जिसमें महोत्सव के दूसरा दिन 03 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गीत तोला गाड़ा-गाड़ा जोहार दाई जैसे सुपरहिट गीत के गायक हिरेश सिन्हा एवं जागेश्वरी सिन्हा का कार्यक्रम, महोत्सव के तीसरा दिन 04 दिसम्बर को बच्चों द्वारा डांस प्रतियोगिता, 05 दिसम्बर को पंडित शिवकुमार तिवारी का कार्यक्रम, 06 दिसम्बर को मोर पथरा के देवता जैसे अनेकों गीतों से झूमने के लिए मजबूर कर देने वाले भजन गायक देवेश शर्मा का कार्यक्रम आयोजित होगी। इसी तरह 07 दिसम्बर को भव्य महाआरती और 08 दिसम्बर को सुबह बाइक रैली, दोपहर 02 बजे से शोभायात्रा रहेगी।

जिले में 70 हजार क्विंटल धान की खरीदी

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 49 सहकारी समितियों के अंतर्गत 49 धान उर्पाजन बनाए गए हैं। चालू सीजन में धान बेचने के लिए 50660 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में 03 दिसम्बर तक 45 समितियों में कुल 66941.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बादा में 518.40, कुसमी में 612, कामेश्वरनगर में 1227.60, कोदवा 384.80, भेंडरी 534, चांदो में 553.20, जमड़ी में 6352, जिगड़ी में 54.80, जोकापाट में 120.80, डूमरपान में 1019.60, डिण्डो में 2337.20, डीपाडीह में 65.20, डोंगरो में 241.60, गाजर में 721.20, त्रिकुण्डा में 4590.40, बगरा में 2824.40, तातापानी में 3193.60, धंधापुर में 352.40, डौरा में 1047.20, पस्ता में 313.60, बड़कागांव में 2151.60, बरतीकला में 2792, बरदर में 1802, आरा में 273.60, बरियों में 880, वाड्रफनगर में 1532, स्याही में 2433.20, विरेन्द्रनगर में 1706.40, सरना में 3770, एवं सामरी में 82.80 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गई है।

न्यूज गैलरी

विधानसभा सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 से 20 दिसम्बर 2024 तक आहूत किया गया है। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित/अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आवश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि की जानकारी निर्धारित समयावधि में शासन को प्रेषित किये जाने हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन मोबाइल नम्बर 97533-10969 को नोडल अधिकारी तथा प्रभारी अधीक्षक जिला कार्यालय संजय कुमार मरई मोबाइल नम्बर 79746-61996 को विधानसभा सेल प्रभारी नियुक्त किया गया है।

विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 से 20 दिसम्बर 2024 तक आहूत है। इस संबंध में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के द्वारा 02 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक विधानसभा के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्रावधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय या मुख्यालय में रहेंगे। अति आवश्यक कार्य या अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा एवं जिला स्तर के अधिकारी के अवकाश हेतु कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।

स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर पदोन्नति आदेश जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने बताया कि विभागीय भर्ती नियम 2013 संशोधन नियम 2020 में प्रावधान अनुसार ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष) एम.पी.एच.डब्ल्यू.(पुरूष/वरिष्ठ सेनेटेरियन/फिजियोथैरेपी टेक्निशियन डाईंग केडर) के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को स्वास्थ्य शिक्षक (हेल्थ एजुकेटर), सेनेटेरियन-कम-हेल्थ एजुकेटर के पद पर एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, एम.पी.एच.डब्ल्यू. (पुरुष/महिला), ड्रेसर वर्ग-1 को नेत्र सहायक अधिकारी के पद पर तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक-महिला, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता महिला को स्टॉफ परिचारिका(स्टाफ नर्स) के पद पर पदोन्नति हेतु दिनांक 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में दर्शाने वाली अंतिम वरिष्ठता सूची व अंतिम चयन सूची, अंतिम प्रतिक्षा सूची तथा दावा आपत्ति निराकरण सूची का प्रकाशन किया गया है, जिसका अवलोकन कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के निर्धारित सूचना पटल तथा जिले की शासकीय वेबसाईट www.surguja.gov.in से डाऊनलोड कर अवलोकन किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण जियो टैगिंग के साथ जल्द पूर्ण कराएं

धान खरीदी में किसानों को न हो असुविधा, नोडल अधिकारी व्यवस्था पर रखें नजर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में आज समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राहुल देव ने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की और तय समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवास की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पुराने स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य को जियो टैग के साथ तेजी से पूर्ण करने और नए स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति से अवगत कराने के लिए कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता, मानक एवं मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाने के लिये संचालित परख योजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिले में इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सत्यापन में गड़बड़ी पाए जाने पर लापरवाही बरतने वाले संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। किसानों की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें और धान खरीदी के दौरान उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत सभी नगरीय निकायों के वार्डों में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कैम्प के आयोजन हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाने के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कैम्प में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत शतप्रतिशत पात्र लोगों को कवर करने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने एमएसटीसी पोर्टल में पुराने वाहनों की नीलामी हेतु एंट्री की जानकारी ली और शीघ्र एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग को समय-सीमा के बाहर के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाता विभाजन, त्रुटि सुधार, व्यपवर्तन, सीमांकन, विवादित नामांतरण के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए कहा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को समय-समय पर अपने क्षेत्र का भ्रमण करने, कानून व्यवस्था की समीक्षा करने और कोटवारों से सतत सम्पर्क बनाए रखने, अवैध प्लाटिंग और सरकारी संपत्ति को अनधिकृत रूप से उपयोग करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लखपति दीदी योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। महिलाओं को लखपती दीदी बनाने में संबंधित विभाग व जिला समन्वयक गंभीरतापूर्वक कार्य करें। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि जिले में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार इस कार्य में संलिप्त लोगों को चिन्हांकित किया जाए और उनके

पेंशन के लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने बैठक में पेंशन के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और सभी विभाग प्रमुखों को अधिकारी-कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्राधिकार पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेंशन के लिए सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। जो आदमी लंबे समय तक शासकीय सेवा दिया है, वो पेंशन के लिए भटके, ये उचित नहीं है। रिटायरमेंट के बाद सबसे महत्वपूर्ण पेंशन ही है। इसे गंभीरता से करें।

बारदानों की किल्लत से किसान परेशान

बाजार में फटे-पुराने बारदानों की भी अनाप-शनाप कीमत

सेतगंगा/मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में बारदाने की किल्लत को लेकर किसान परेशान है। शासन द्वारा विभिन्न केन्द्रो में 14 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया है। बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था नही होने के चलते किसान बारदाने की व्यवस्था करने में जुटे हुए है। फटे-पुराने बारदानों के भी बाजार में मांग बढ़ गई है। बाजारों में अनाप-शनाप कीमतों पर बारदानें बिक रहे है।

सेतगंगा फास्टरपुर परिक्षेत्र के अनेक किसानो ने बताया कि उन्हे धान उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाना नही मिल पा रहा है। जिसके कारण उन्हे खुले बाजार से पुराने जूट के बोरे ऊंचे भाव में खरीद कर संग्रहण केन्द्र तक अपना धान ले जाना पड़ रहा है। जो बारदाने पहले 12-13 रूपए नग में बिक रहा था अब वह एकतरफा जंप लेते हुये 20-25 रूपए में धड़ल्ले से बिक रहा है। जिले के अनेक धान उपार्जन केन्द्रो में एक ओर जहॉ कुछ पर्याप्त मात्रा में बारदाना मौजूद होने का दावा किया जा रहा है वही सिंगारपुर, तरवरपुर, विचारपुर सहित अनेक धान खरीदी केन्द्रो में किल्लत के चलते किसानो से 50 फिसदी बारदाना स्वयं का लाने पर ही धान खरीदी का प्रस्ताव दिया जा रहा है। इस तरह धान खरीदी केन्द्रो में उहापोह की स्थिति निर्मित हो गया है। सेतगंगा परिक्षेत्र आधा दर्जन से अधिक छोटे बड़े बारदाना दुकानो में किसानो की भीड़ लगी हुई है। दीपावली के पहले बारदाना का स्टॉक रखने वाले बारदाना व्यापारी खुलकर अब बाजार में सौदेबाजी के साथ ऊंचे रेट पर बारदाना बेच रहे है। जो बारदाना पहले 12-13 रूपए नग में बिक रहा था। अब वह एक तरफा जंप लेते हुये 20-25 रूपए नग धडल्ले से बिक रहा है। फटे-पुराने बारदानों की भी पूछ-परख बढ़ गई है। धान खरीदी केन्द्रो में बारदाना की किल्लत के वजह से राजनांदगांव सहित भाटापारा में बारदाना व्यापारियों के यहां भीड़ लगी हुई है। मुंगेली सहित ग्रामीण क्षेत्रो के व्यापारी राजनांदगांव, भाटापारा से बारदाना खरीदकर किसानो को बेच रहे है। जगह-जगह बारदाने की दुकान लगाकर खुलेआम ऊंचे दर पर जूट बारदाने की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे है। अनेक युवक व व्यापारी जो कल तक दूसरे व्यवसाय में रहते थे वे अब बारदाना व्यापार में कूद पड़े है। नगद में धडल्ले से किसानो को बारदाना बेचकर मालामाल हो रहे है। इस तरह मुंगेली नगर सहित सेतगंगा फास्टरपुर परिक्षेत्र में संपूर्ण बाजार में बारदाना बाजार काफी उछाल पर है। अनेक व्यापारी बारदाना सप्लाई को लेकर पूरे तन्मयता से जूटे हुये है।

पीएमश्री स्कूल में चला एड्स जागरुकता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्वाला प्रसाद कौशिक के मार्गदर्शन में 01 दिसंबर 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में 2 दिसम्बर को जागरूकता पखवाड़ा के तहत् व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विश्व एड्स दिवस 2024 का थीम अपने अधिकारों को समझिये और अपने लिए सही रास्ता चुनिये के संबंध में उपस्थित विद्यार्थियों को मेडिकल ऑफिसर डॉ. श्वेता शतपथी एवं डॉ. मोराज जायसवाल द्वारा एड्स फैलने के कारण, बचाव एवं रोकथाम के उपाय के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। एचआईवी पीड़ित व्यक्तियों के साथ बिना भेदभाव के सामान्य जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही एड्स जागरूकता के संबंध में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में प्राची पटेल, आकांक्षा सोनवानी, गायत्री साहू, प्रिया मानिकपुरी, भूमिका, मानसी यादव, आरिया, दामिनी साहू, शिवानी, चुरावन, ऋषु साहू, वीर सिंग, आर्यन कुलमित्र एवं किशन यादव को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्यगत सावधानियों से हम गंभीर बीमारियों से बच सकते है। हमें अपने आस-पास को किसी भी बीमारी के कारण एवं बचाव के विषय में यथासंभव इनसे जागरूक करना चाहिए।

प्रकाश पर्व पर सतनामी समाज ने निकाली शोभायात्रा

मुंगेली/नवप्रदेश। अखिल भारतीय सतनाम सेना व सतनामी समाज द्वारा गुरु प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्य सतनाम शोभायात्रा का हुआ। आयोजन सतनामी समाज के मार्गदर्शक, राजागुरु, धर्मगुरु राजा गुरु बालदास साहेब के नगर आगमन से प्रदेश स्तरीय सतनाम शोभायात्रा का शंखनाद किया।

धर्मगुरु राजा गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में जेष्ठ भ्राता गुरु ढालदास साहेब, सतधारी गुरु सोमेश बाबा व अखिल भारतीय सतनाम सेना प्रदेश अध्यक्ष आरंग विधायक अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब घोड़ा एवं रथ में सवार होकर मानव समाज एवं संत समाज का अभिवादन स्वीकार कर शुभाशीष प्रदान किया। सतनाम भवन के पास स्थित शेतखाम में पूजा अर्चना कर बाबा गुरु घासीदास से समस्त मानव समाज के सुख, समृद्धि एवं वैभव जीवन की कामना की। मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर समाजजनों को गुरुवाणी के माध्यम से आर्शीवचन प्रदान कर गुरु प्रकाश पर्व प्रारंभ की बधाई दी। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज का नाम रोशन करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी। सतनाम सेना के कार्य एवं विचारों से प्रभावित होकर सैकड़ों की संख्या में हुए शामिल कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए समस्त सतनामी समाज एवं अखिल भारतीय सतनाम सेना मुंगेली के सभी पदाधिकारीगण रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, राजमहंत, कवल सतनामी, जिला महंत, जैता सतनामी सतनाम सेना के पदाधिकारी, जिला प्रभारी रेखचंद सतनामी, जिला अध्यक्ष प्रमोद सतनामी, कोषाध्यक्ष जय सतनामी, विजय सतनामी, देवेंद्र सतनामी, चंद्रपाल सतनामी, दीपक सतनामी, पृथ्वीपाल (हैप्पी) सतनामी समाज के पदाधिकारी, सदस्यगण, समाजजन एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी निलेश सतनामी ने दी।

प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में प्रशासनिक कार्य व्यवस्था के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा/राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा आगामी आदेश पर्यन्त वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ कार्य विभाजन एवं कार्याबंटन आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेना जमील को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही कलेक्टर के द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का निर्वहन करेंगी।

जल जीवन मिशन के कार्यों में न हो लापरवाही

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल ने पीएचई विभाग, बिजली विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर पंचायत को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि शासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का कार्य जिले में चल रहा है, जहां कई गांवों में कार्य पूर्ण कर पानी की सप्लाई की जा रही है और कई गांवों में पानी सप्लाई में दिक्कत आ रही है। इस योजना को लेकर कई शिकायत जिला प्रशासन को मिल रही थी, जिसको देखते हुए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों एवं ठेकेदारों ने जल जीवन मिशन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए प्रगति लाने की बात कही। इस अवसर पर तहसीलदार कुणाल पांडे, जनपद पंचायत के कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी, पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राना सहित कर्मचारी व ठेकेदार शामिल हुए।

धान का वाजिब दाम मिलने से किसान खुश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पूरे प्रदेश में धान खरीदी जारी है। धान खरीदी केवल एक शासकीय काम या दायित्व नहीं है, इससे लाखों किसानों की उम्मीद भी जुड़ी रहती है। सरकार ने अपने वादे के अनुरूप गत खरीदी वर्ष में जब किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब दाम दिया, तो किसानों में राहत और खुशी का माहौल रहा। कृषक उन्नति जैसी योजना से एकमुश्त आदान राशि खाते में आने से किसी ने अपना कर्ज चुकाया तो किसी ने अपना घर बनाया। इस बार फिर किसान उत्साह के साथ धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछली बार पूरा दाम मिला था, इस साल भी मिलेगा। गांव असोला के रहने वाले किसान तीजा राम ने बताया कि उनकी 7 एकड़ जमीन है, जिसपर खेती का काम करते हैं। कुछ धान अपना खाने के लिए भी रखते हैं, और बाकी धान को बेच देते हैं। पिछली बार उन्होंने 100 क्विंटल धान बेचा था, जिसकी सही और बेहतर कीमत मिली। बुजुर्ग किसान तीजा राम खुश होकर बताते हैं कि कृषक उन्नति योजना के तहत आदान राशि मिली तो उन्होंने घर के लिए मोटर साइकिल खरीदी। सरकार अब 21 क्विंटल प्रति एकड़ के फैसले के साथ धान खरीदी कर रही है, जो किसानों के हित बहुत ही अच्छा है। वे छत्तीसगढ़ी में हंसते हुए कहते हैं कि पार साल मिले रीहिस पैसा, मोदी के गारंटी पूरा होत हे, ए दारी घलों विष्णुदेव सरकार दीही, मुख्यमंत्री ल धन्य धन्यवाद हे। इसी तरह मानिक प्रकाशपुर के किसान महेंद्र राम मिंज बताते हैं कि पिछले साल उन्होंने 116 क्विंटल से ज्यादा धान विक्रय किया था जिसका उन्हें समर्थन मूल्य के अनुरूप वाजिब दाम मिला। धान विक्रय पर राशि मिली और फिर कृषक उन्नति योजना के तहत आदान राशि भी मिली जिससे सरकार ने जो वादा किसानों से किया था, जो गारंटी दी थी, वो पूरी हुई, और हमें पता है कि इस बार भी राशि समय पर मिल जाएगी। धान खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम भी लगाए गए हैं। जहां किसान दस हजार तक की राशि निकाल सकते हैं, तो व्यवस्था तो सरकार ने बेहद अच्छी की है। वे कहते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के लिए बड़ा निर्णय लिया है। हमारे प्रदेश में धान का सर्वाधिक 3100 रूपए क्विंटल कीमत मिल रहा है, जो अन्य किसी जगह में नहीं है। सरकार द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ में धान खरीदने का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

आयोजन

व्यापार मेले में देर रात तक झूमते रहे श्रोता

व्यापार मेले में कोलकाता-मुंबई की बैंड ने दी शानदार प्रस्तुति

मुंगेली/नवप्रदेश। व्यापार मेला का समापन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कोलकाता ब्लीज डांस टूप कोलकाता मुंबई की बैंड की टीम द्वारा शानदार प्रस्तुति हुई। बैंड द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे गीत और डांस पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। बैंड का लोगों ने खूब आनंद उठाया।

छठवें और आखिरी दिन दोपहर के कार्यक्रम में व्यंजन सजाओ प्रतियोगिता संपन्न हुआ। व्यंजन प्रतियोगिता में श्रीमती अजीत कौर प्रथम, पूर्वी एवं भावना पोपटानी द्वितीय, कशिश एंड पूर्वी राजेश तृतीय रहीं। व्यंजन प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में एकता करतानी, विनया सिंह एवं कृति जैन रही। सायं 7 बजे से मुंगेली श्री बॉडी बिल्डिंग कार्यक्रम आरंभ हुआ। जिसमें 28 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाई। मुंगेली श्री प्रतियोगिता में विजेंद्र नागरे, राजेंद्र पटेल एवं कमल साहू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुंगेली श्री प्रतियोगिता के निर्णायक तेजा सिंह साहू, प्रफुल्ल साहू, जितेंद्र सिंह राजपूत एवं आशीष तिवारी रहे। व्यापार मेला के समापन दिवस के अतिथि के रूप में मुंगेली व्यापार मेला के संरक्षकगण रहे। स्टार्स ऑफ टुमारो के अध्यक्ष महावीर सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा मुंगेली व्यापार मेला केवल हमारा नहीं अपितु शहर और मुंगेली जिले का आयोजन है और आप सबकी सहभागिता से ही यह सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। मुंगेली व्यापार मेला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए टीम के संयोजक रामपाल सिंह ने कहा मुंगेली व्यापार मेला, व्यापार के साथ-साथ बड़े शहरों के आयोजन को अपने नगर में उपलब्ध कराने का रहा है। साथ ही नई प्रतिभाओं को मंच देकर आगे बढ़ाने का उद्देश्य है और आप सबके सहयोग से हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर स्टार्स ऑफ टुमारो टीम के सचिव विनोद यादव ने मुंगेली नगर के लोगो साथ-साथ शासन, प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की बात रखी। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि श्रीकांत गोवर्धन ने कहा कि मुंगेली व्यापार मेला अपने बड़े रूप में आ चुका है। इस अवसर पर न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल लोरमी के डायरेक्टर राजेंद्र पाटकर ने कहा मुंगेली व्यापार मेला वास्तव में प्रशंसनीय और शानदार आयोजन है।

विधायक मद से कई कार्य स्वीकृत

सक्ती/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र सक्ती में विधायक एवँ नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने प्रवास के दौरान विभिन्न ग्रामो में जन प्रतिनिधियों ग्रामीणों के मांग पर विधायक निधि से लाख रुपये स्वीकृत किया है उक्त संबंध में जिला कलेक्टर कार्यालय एवँ शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवास के दौरान डॉ महंत को ग्रामीणों एवँ पंचायत प्रतिनिधियों पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं के मांग पर विभिन्न निर्माण कार्य हेतु लाखो रुपये की स्वीकृति प्रदान करते हुए विधायक निधि से स्वीकृति करने जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया हैं जिसमे प्रमुख रूप से विधानसभा क्षेत्र सकती जनपद पंचायत सकती के अंतर्गत ग्राम सिघनसरा में छत दार चबूतरा 2 लाख रुपए ग्राम हरदा में मुक्ति धाम प्रतीक्षालय ग्राम पासीद में मुक्तिधाम सा प्रतीक्षालय 490000 पतेरा पाली खुर्द रंगमंच निर्माण 2लाख रेडा छतदार चबूतरा 2लाख रगजा छतदार चबूतरा 2लाख जोरदार चबूतरा 2लाख विकासखंड बलौदा में ग्राम कोसमन्दा पथरी निर्माण 150 लाख स्वीकृत की गई है।

तीरंदाजों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बड़ी सौगात

तीरंदाजी प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए एसईसीएल ने सीएसआर से दिया ढाई करोड़ का अनुदान

■ **उप मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री एवं खेल मंत्री ने युवाओं को दी बधाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले धनुर्धारियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ा तोहफा दिया है। प्रदेश के मुखिया के आदेश पर एसईसीएल ने तीरंदाजों की प्रतिभा के समग्र विकास के लिए ढाई करोड़ का अनुदान दिया है। सीएसआर मद से उन्होंने यह राशि मंजूर की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के बिलासपुर जिला स्थित कोटा विकासखण्ड के ग्राम शिवतराई को को तीरंदाजों का केन्द्र कहा जाता है। शिवतराई से अब तक दर्जनों तीरंदाज देश और प्रदेश में बिलासपुर का नाम रौशन किया है। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव में और खासकर आदिवासी क्षेत्रों के विकास और उनमें छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाने के लिए पीएम जनमन योजना की शुरूआत की है। योजना का मूल उद्देश्य आदिवासी क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को न केवल बाहर लाना बल्कि सम्मान और अधिकार दिलाना है। इसी क्रम में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के आदेश और निर्देश पर जिला प्रशासन कोटा ब्लॉक के आदिवासी क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन को लेकर बहुत गंभीर है। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू एवं खेल मंत्री टंकराम ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बिलासपुर सहित राज्य के युवाओं को बधाई दी है।

28 बालक-बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षणरत

बहतराई तीरंदाजी अकादमी में वर्तमान में 28 बालक-बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षणरत हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित कर रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों के पास 5 रिकर्व एवं इण्डियन राउण्ड के ही खेल उपकरण उपलब्ध थे। एसईसीएल के सहयोग से अब खिलाड़ियों को रिकर्व और कम्पाउण्ड के अत्याधुनिक उपकरण प्राप्त हो सकेंगे। खिलाड़ियो की शूटिंग तकनीक को और अधिक विकसित करने के लिए वीडियो एनालिसिस एवं साफ्टवेयर का क्रय भी किया जायेगा, जिससे खिलाड़ियों की गुणवत्ता बढ़ेगी और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे।

अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तीर कमान की होगी खरीदी

इस क्रम में शिवतराई को ध्यान में रखते हुए तीरंदाजों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप एसईसीएल ने जिले के प्रतिभावान युवाओं के लिए ढाई करोड़ का अनुदान दिया है। इन रूपयों से शिवतराई एवं बहतराई स्थित तीरंदाजी अकादमी में तीरंदाजों को अतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तीर कमान की खरीदी होगी। खिलाड़ियों के खेल को नयी दिशा मिलेगी। साथ ही प्रशिक्षण यात्रा भत्ता भी दिया जायेगा। इसके अलावा कम्प्यूटर, स्टेशनरी, फर्निचर के लिए भी राशि की सुविधा होगी।

■ **न्यूज गैलरी**

चयनित सूबेदार, सब-इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक अमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। चन्द्रा एकेडमी बिलासपुर के तत्वावधान में ईशिका पार्क (बंधवा तालाब) में आयोजित किया गया सब-इंस्पेक्टर संवर्ग के विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक अमर अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।ज्ञात हो कि चन्द्रा एकेडमी द गाइड वर्ष 2017 से संचालित राज्य सिविल सेवा परीक्षा के साथ-साथ, व्यापम, एस.आई.. एस.एस.सी., रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली एक प्रतिष्ठित संस्थान है।यहाँ न्यूनतम शुल्क में बेहतरीन शिक्षा प्रदान किया जाता है साथ-ही-साथ निःशुल्क कैरियर गाइडेंस भी दिया जाता है। चन्द्रा एकेडमी से जुड़कर हजारों प्रतिभागियों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। चन्द्रा एकेडमी रोजगार एवं युवा कल्याण के मुद्दों को उठाने में लगातार अग्रसर है।चन्द्रा एकेडमी राज्य सेवा परीक्षा सहित समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वाधिक सलेक्शन देने वाली संस्थान है, यह संस्थान उत्कृष्ट परिणाम देने हेतु प्रतिबद्ध है।

मेडिकल कालेजों में वित्तीय सुविधाओं की दिशा में बड़ा कदम

प्रबंधकारिणी समिति को 2 करोड़ तक के अनुमोदन का अधिकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विष्णु के सुशासन में राज्य सरकार जनहित में लगातार नीतिगत निर्णय ले रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दिशा में प्रयास करते हुए अपने सुझाव सामने रखे थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्वशासी सोसायटियों की बैठक में आज चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों के वित्तीय विकेंद्रीकरण के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण एवं जनहित के निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों से महाविद्यालय स्तर पर स्वशासी सोसायटियों का सुदृढिकरण होगा, आवश्यक कार्यों के लिए शासन पर निर्भरता कम होगी, अतिआवश्यक कार्य समय सीमा पर संपन्न हो सकेंगे और तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर ही हो जाएगी। चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध अस्पतालो के लिए अतिआवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदी मरम्मत एवं रखरखाव, कन्ज्यूमेबल सामग्री इत्यादि की तात्कालिक उपचार के लिए आवश्यकता पड़ती रहती है। लेकिन मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों के पास इन्हें खरीदने अथवा मरम्मत के लिए बहुत ही सीमित शक्तियों का प्रावधान था। इसकी वजह से इन्हें शासन स्तर के निर्णय पर निर्भर रहना पड़ता था। ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व से चला आ रहा था । राज्य गठन के बाद पहली बार वित्तीय अधिकारों के नियम मे संशोधन किया जा रहा है। पहले मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों को 1 लाख रूपए से उपर के लघु निर्माण, मरम्मत, दवा खरीदी इत्यादि कार्यों के लिए मंत्रालय स्तर पर फाइल भेजनी पड़ती थी। नए निर्णय से अब इनके पास 10 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार होगा। इसके लिए शासन स्तर से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी।

स्वशासी सोसायटियों का पुनर्गठन

राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी सोसायटियों का गठन महाविद्यालय की स्थापना के साथ अलग अलग समय पर हुआ है। इन सोसायटियों के लिए कोई एक निर्धारित गाइड लाइन या नियमावली का निर्धारण नहीं किया गया है और इनमें एकरूपता नहीं है। इन सोसायटियों को होने वाली आय व्यय के अनुमोदन के लिए भी कोई मानकीकरण प्रक्रिया नहीं है। इनमें एकरूपता लाने के लिए माडल स्वशासी सोसायटियों का ड्राफ्ट प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुमोदित कर जारी किया गया है। पूर्व में सिर्फ सामान्य सभा को ही अधिकार प्राप्त थे, लेकिन नए ड्राफ्ट के अनुसार सामान्य सभा के अधिकारों का विस्तार करते हुए प्रबंधकारिणी समिति और वित्त समिति के अधिकारों में बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के अनुसार सामान्य सभा को पूर्ण अधिकार के साथ ही अब प्रबंधकारिणी समिति को प्रति कार्य 2 करोड़ रूपए तक अनुमोदन का अधिकार होगा, पहले ये अधिकार नहीं था।

दिव्यांगजन दिवस पर सहायक उपकरण और पुरस्कार वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान मौजूद थे। यह आयोजन समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रद्धा एस मैथ्यू, एलिम्को जबलपुर के मैनेजर नितीन माहौर एवं प्रभारी श्री प्रतीक खण्डेलवाल भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के आसंदी से जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान ने कहा कि दिव्यांगजन खेल, शिक्षा, अभिनय से लेकर हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ एवं पुनर्वास हेतु राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण तथा हित में निरंतर तथा बेहतर कार्य कर रही है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों 133 दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण दिया गया। इसमें 60 हितग्राहियों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल, 29 को ट्रायसायकल, 13 को श्रवण यंत्र, 20 को व्हीलचेयर, 8 को बैसाखी, 8 को वाकिंग छड़ी, 6 को सुगम्य केन, 5 को कृत्रिम अंग, 3 को स्मार्ट फोन, 5 को कैलिपर्स एवं 3 हितग्राहियों को रोलेटर वाकर सहायक उपकरण का वितरण जनरल इन्शुरेन्स कम्पनी के सीएसआर मद से किया गया।

बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देना क्रूरता : हाईकोर्ट

■ **तलाक की याचिका मंजूर**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देना क्रूरता के समान है। जब ऐसी बात को दोहराया जाता है संकेत या इशारा, कोई भी जीवनसाथी शांति से नहीं रह सकता। मामले में पति ने पर्याप्त सामग्री रखी है जो दर्शाता है कि पत्नी बार-बार आत्महत्या की धमकियाँ देती थी और एक बार छत से कूदकर कर आत्महत्या करने की कोशिश की। क्रूरता जीवनसाथी के प्रति व्यवहार को दर्शाती है इतनी क्रूरता कि उसके मन में उचित आशंका पैदा हो जाए दूसरे पक्ष के साथ रहना उसके लिए हानिकारक या हानिकारक होगा। पत्नी के कृत्य ऐसी गुणवत्ता या परिमाण के हैं और परिणाम के रूप में दर्द, पीड़ा और पीड़ा का कारण बनता है । पति के वैवाहिक कानून में क्रूरता के समान है।दुर्ग जिला निवासी याचिकाकर्ता पति की 28 दिसम्बर 2015 को बालोद निवासी युवती के साथ चर्च में शादी हुआ। शादी के बाद पति-पत्नी साथ रहने लगे। पत्नी शादी के बाद निजी कॉलेज में जॉब करने लगी। उसे 22000 रु वेतन मिलता था, जिसमें से 10000 हजार रुपये अपने माता पिता को भेजती थी। पति ने इस पर कभी आपत्ति नहीं किया था। पत्नी कुछ दिन अपने भाई को साथ रखी थी। भाई किसी कारण से वापस चला गया। इसके बाद पत्नी का व्यवहार बदल गया। बात बात में वह आत्महत्या करने की धमकियां देने लगी। पहली बार उसने रसोई में घुस कर दरवाजा बंद गैस चालू कर जल मरने की धमकी दी। दूसरे बार अत्यधिक मात्रा में नशीला कफ सिरफ पी कर खुदकुशी की कोशिश की। इसके बाद एक बार वह छत से कूद कर आत्महत्या का प्रयास किया। इस पर पति ने परिवार न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन दिया। न्यायालय से आवेदन खारिज होने पर पति ने हाई कोर्ट में अपील पेश की। वही पत्नी ने भी वैवाहिक अधिकार के बहाली हेतु याचिका पेश की। दोनों की याचिका में जस्टिस रजनी दुबे एवं संजय कुमार जायसवाल की डीबी में सुनवाई हुई। सुनवाई उपरांत कोर्ट ने अपने आदेश में कहा बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देना क्रूरता के समान है। जब ऐसी बात को दोहराया जाता है संकेत या इशारा, कोई भी जीवनसाथी शांति से नहीं रह सकता। मामले में पति ने पर्याप्त सामग्री रखी है जो दर्शाता है कि पत्नी बार-बार आत्महत्या की धमकियाँ देती थी और एक बार छत से कूदकर कर आत्महत्या करने की कोशिश की. क्रूरता जीवनसाथी के प्रति व्यवहार को दर्शाती है इतनी क्रूरता कि उसके मन में उचित आशंका पैदा हो जाए दूसरे पक्ष के साथ रहना उसके लिए हानिकारक होगा।

---

60 से अधिक उम्र वाले भाजपा जिलाध्यक्ष दौड़ से बाहर

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व के तहत मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता जिला निर्वाचन प्रभारी अनुराग सिह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने सदस्यता अभियान में 60 लाख सदस्य बनाकर पूरे देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बिलासपुर जिले ने भी प्रदेश में सर्वाधिक सदस्यता प्राप्त कर अपनी अलग पहचान बनाई है।

ई-रिक्शा की बैटरी व ड्रोन कैमरा चोर गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ई रिक्शा का बैट्री चार्जर एवं ड्रोन कैमरा चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दो अलग-अलग प्रकरणों में चोरी गई 101300 रू. आरोपी के कब्जे से बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार तेजस्वी वर्मा ने 2 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने दोस्तों के साथ बंगालीपारा में किराये के रूम में रहता है, जाब की तैयारी कर रहा है साथ ही पार्ट टाइम विडियो शूटिंग का कार्य करता है कि 01 दिसंबर के रात्रि खाना खाकर सो गये थे, 4-5 लोग एक साथ रहने के कारण दरवाजा बंद नहीं किये थे जो सुबह करीब 9 बजे सोकर उठे तो देखे कि टेबल में रखे सोनी कंपनी का कैमरा एवं ड्रोन कैमरा तथा इलेक्ट्रॉनिक ईविंग

मशीन कुल कीमती करीब 95300/- नहीं था, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अप.क्र. 1497/2024 धारा 305 बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पतासाजी में लिया गया। इसी प्रकार प्रार्थी राजू जैन ने 2 दिसंबर को ही रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ई-रिक्शा चलाता है, प्रतिदिन की भांति वह अपने ई रिकशा को घर के सामने लॉक कर खड़ी किया था, जो आज सुबह करीब 7 बजे ई रिक्शा को सफाई कर रहा था तब देखा कि रिक्शा के बैट्री चार्जर किमती 6000/- रू. का नहीं था,कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, उक्त रिपोर्ट पर अप.क्र. 1498/24 धारा 305 बीएनएस दर्ज कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी विवेचना में लिया जाकर आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों का फूटेज का अवलोकन करने पर संदेही विकास पाण्डेय के रूप में पहचान हुआ जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह (भा.पु.से) को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किये।

शिविर लगाकर वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासन की महत्वकांक्षी योजना जिसके अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, जिससे उनको पांच लाख का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। इस आयु वर्ग के लिये पात्रता आधार कार्ड में उम्र 70 वर्ष होना चाहिए एवं राशन कार्ड की अनिवार्यता इस वर्ग के लिये हटा दी गई है। पूर्व में जिन 70 वर्ष के नागरिको का आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उनको भी ई-केवाईसी कराना पड़ेगा जिससे उनके पूर्व में बने कार्ड को इस योजना में शामिल किया जा सके। जिसके तारतम्य में

5 लाख तक के इलाज का मिलेगा लाभ

आज कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी के निर्देशानुसार आज ट्रेनिंग सेंटर में स्वास्थ्य पेंशनधारको के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया था जिसमें 110 लोगो का (70 वर्ष) के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा ई- केवाईसी कर लाभ लिया गया, 110 लोगो का कार्ड बनाया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वा अधिकारी द्वारा अपील करते हुये चिंहांकित सेंटर जिला अस्पताल बिलासपुर, समस्त सामुदायिक स्वा केन्द्र, (बिल्हा, मस्तूरी,कोटा, तखतपुर, रतनपुर) समस्त शहरी प्राथमिक स्वा केन्द्र (बंधवापारा,राजकिशोर नगर, गांधी चौक) में प्रतिदिन कार्ड बनाया जा रहा है, इन स्थानो मे जाकर वरिष्ठ नागरिको ई-केवाईसी कराकर योजना का लाभ लेंवे। साथ ही वार्डों में शिविर के लिये कलेक्टर एवं निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में योजना बनाई जा रही है।

बैंक मैनेजर के खिलाफ पोल्ट्री संचालक ने दिया धरना

मस्तूरी/नवप्रदेश। मस्तूरी क्षेत्र के पोल्ट्री फ़ार्म संचालक ने एसबीआई बैंक के मैनेजर पर लोन दिलाने के नाम पर हजारो की देशी मुर्गी खाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौपकर धरना प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी थी इसी कड़ी में आज रूपचंद मनहर पिता होरी लाल बैंक के सामने धरना देने पहुचे, धरना प्रदर्शन से सकते में आये बैंक मैनेजर 10 दिनों की छुट्टी लेकर रफूचक्कर हो गया वही पीड़ित के धरना देने से दिनभर एसडीएम, तहसीलदार व पटवारी परेशान रहे आखिरकार एसडीएम

ने पीड़ित को 10 दिनों में लोन दिलाने व खाए गए देशी मुर्गियों के पैसे दिलाने का आश्वासन पीड़ित को दिया। इस मामले को लेकर जब प्रभारी शाखा प्रबंधक से चर्चा की गई तो उन्होंने बैंक मैनेजर के छुट्टी से वापस आने पर उचित जानकारी मिलने की बात कही गई।

राजस्व विवाद

राजस्व अधिकारी निर्देशों की उड़ा रहे धज्जियां

भूमि सीमांकन विवाद से किसानों की बढ़ी परेशानी, कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के तहसील बोदरी में भूमि सीमांकन को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है। ग्राम पंचायत प.ह.नं. 3 रा.नि.मं. स्थित भूमि खसरा नंबर 1561/1 और 1561/3 में पिछले कुछ महीनों से किसानों को मानसिक और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसान परिवारों ने इस मामले में प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में आकर पीड़ित किसानों ने अपनी समस्या बताई। पीड़ित देवी प्रसाद कौशिक और कृष्णा केवट पति साखन केवट ने बताया कि भूमि खसरा नंबर 1561/1 का पहले रकबा 3.88 एकड़ था, जो कि लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिग्रहित किया गया था। इसके बाद इस भूमि का शेष रकबा 2.76 एकड़ वर्तमान में मनमोहन कौशिक के नाम पर दर्ज है। वहीं, खसरा नंबर 1561/3 में रकबा 0.44 एकड़ था, जिसमें से 0.28 एकड़ भूमि भी लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है। शेष भूमि 0.16 एकड़ खेदूराम के नाम पर दर्ज है।मौजूदा समय में, समीपस्थ कृषि भूमि के स्वामी अमितेष आगरे ने खसरा नंबर 1560/1 और 1560/2 में सीमांकन कराने का प्रयास किया है,

लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण सीमांकन प्रक्रिया में देरी हो रही है। किसानों ने यह भी बताया कि उन्हें सीमांकन से संबंधित जानकारी नहीं मिल पा रही है। तहसीलदार से सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके साथ ही, एस.डी.एम. बिल्हा के कार्यालय में भी मुआवजे की जानकारी के लिए जब किसानों ने आवेदन किया।

किसानों को बिना सूचना दिए पंचनामा

हाल ही में 11 दिसंबर 2023 को सीमांकन रिपोर्ट तैयार की गई, लेकिन किसानों को बिना सूचना के ही पंचनामा तैयार कर दिया गया, जिससे किसानों में नाराजगी फैल गई। बाद में, किसानों ने 23 जनवरी 2024 को तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज की जिसमें आज तक कार्रवाई न होने का आरोप लगाया। इस मामले में किसानों का आरोप है कि खसरा नंबर 1561/1, 1561/3 और अन्य अधिग्रहित भूमि में अमितेष आगरे द्वारा अवैध कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।

न्यूज गैलरी

महिंद्रा इलेक्ट्रिक के खिलाफ अदालत पहुंची इंडिगो, ट्रेडमार्क उल्लंघन का लगाया आरोप

नई दिल्ली। एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के खिलाफ अपने नए इलेक्ट्रिक वाहन 6E में 6E शब्द के इस्तेमाल को लेकर मुकदमा दायर किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर मुकदमे में ट्रेडमार्क उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। इंडिगो एयरलाइन ने मंगलवार को महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के खिलाफ अपने नए इलेक्ट्रिक वाहन BE 6E में 6ई शब्द के इस्तेमाल को लेकर मुकदमा दायर किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर मुकदमे में ट्रेडमार्क उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को यह मामला न्यायमूर्ति अमित बंसल के समक्ष कुछ समय के लिए रखा गया, लेकिन न्यायाधीश ने खुद को इससे अलग कर लिया। अब मामले में अगली सुनवाई 9 दिसंबर को निर्धारित की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इंडिगो के वकील संदीप सेठी ने अदालत को बताया कि महिंद्रा ने इस मामले पर चर्चा करने के लिए एयरलाइन से संपर्क किया था। इंडिगो अपने कॉलसाइन और अपने ब्रांड के एक प्रमुख भाग के रूप में 6E का उपयोग करता है, जिसमें 6E प्राइम और 6E फ्लेक्स जैसी सेवाएं शामिल हैं।

छापेमारी: 31.22 करोड़ रुपए की सावधि जमा व बैंक गारंटी फ्रीज, लग्जरी कारें जब्त

नई दिल्ली। एजेंसी की ओर से ओरिस समूह की कंपनियों के नाम पर 31.22 करोड़ रुपए की विभिन्न सावधि जमा और बैंक गारंटी को जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा, प्रमोटरों से संबंधित बैंक खाते और लॉकर फ्रीज कर दिए गए और ओरिस समूह के एक निदेशक और प्रमोटर के आवास से मर्सिडीज, पोर्श, बीएमडब्ल्यू आदि चार लग्जरी कारें जब्त की गईं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय परिसर में कार्रवाई करते हुए गुप्त लॉकरों से बरामद कई दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। एजेंसी की ओर से ओरिस समूह की कंपनियों के नाम पर 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा और बैंक गारंटी को जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा, प्रमोटरों से संबंधित बैंक खाते और लॉकर फ्रीज कर दिए गए और ओरिस समूह के एक निदेशक और प्रमोटर के आवास से मर्सिडीज, पोर्श, बीएमडब्ल्यू आदि चार लग्जरी कारें जब्त की गईं। यह जब्ती 500 करोड़ रुपये से अधिक के रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों और प्रमोटरों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता आदि और थ्री सी शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर और निदेशक निर्मल सिंह उप्पल, विधुर भारद्वाज के खिलाफ दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र में की गई।

यह फंड स्ट्रेटजी इक्विटी, गोल्ड और डेटा आर्बिट्रेज के बीच होगा आवंटित

सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक आरओटीएटीई रणनीति के साथ अभिनव मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लॉन्च

मुंबई। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 4 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और 18 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 है। यह फंड स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस रणनीति के अनुसार, जब शेयर बाजार में तेजी होती है तो फंड मुख्य रूप से इक्विटी मोड में घूमने की क्षमता रखता है, जब शेयर बाजार में गिरावट आती है लेकिन सोना बेहतर प्रदर्शन कर रहा होता है तो गोल्ड मोड में और जब शेयर और सोना दोनों गिर रहे होते हैं तो डेट/आर्बिट्रेज मोड में घूमने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्थिर रिटर्न देने और निवेशक की संपत्ति की रक्षा करने का प्रयास करता है।

एसेट आवंटन में लचीलापन देते हुए, यह फंड विभिन्न श्रेणियों में निवेश करने के लिए गतिशील दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसके तहत, इक्विटी में 20-80%, डेट इंस्ट्रूमेंट्स में 10-70% और गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में 10-70% के बीच आवंटन क्षमता है।

यह कमोडिटी डेरिवेटिव्स में 30% तक और InvITs में 10% तक निवेश कर सकता है। जबकि पारंपरिक निवेश फंड अक्सर सोने और अन्य कमोडिटीज उद्योग के स्थिर जोखिम को बनाए रखते हैं, जो आमतौर पर 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक होता है। सैमको का मल्टी

एसेट एलोकेशन फंड मजबूत अपट्रेंड अवधि के दौरान सोने में 70% तक का महत्वपूर्ण आवंटन करने की अनुमति देता है।

इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, ÷सैमको में, हम गतिशील निवेश शक्ति में विश्वास करते हैं। हमारा फंड पारंपरिक स्थिर आवंटन रणनीतियों के विपरीत, रीयल टाइम बाजार स्थिति के अनुकूल डिज़ाइन किए गए अद्वितीय क्र.ह्र.ञ्.ञ.श्व. मॉडल पर आधारित है। बाजार रुझान और अस्थिरता के आधार पर परिसंपत्ति वर्गों में पुनर्वितरण करके, हमारा लक्ष्य लगातार प्रदर्शन प्रदान करना है। मंदी के दौरान निवेशकों की सुरक्षा करते हुए तेजी के दौरान अवसरों को अधिकतम करना हमारा लक्ष्य है। यह स्ट्रेटजी ही आज के लगातार विकसित होते बाजार परिदृश्य को नेविगेट करने की कुंजी है।

4 पैसे टूटकर 84.76 के स्तर पर पहुंचा

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर

नई दिल्ली। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निरंतर निकासी से निवेशकों की धारणा हुई मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 4 पैसे गिरकर 84.76 रुपये प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निरंतर निकासी से निवेशकों की धारणा हुई मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 4 पैसे गिरकर 84.76 रुपये प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट मुख्य रूप से डोनाल्ड ट्रम्प की ब्रिक्स मुद्रा पर बयानबाजी, यूरोजोन में राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर घरेलू आर्थिक संकेतक और विदेशी पोर्टफोलियो में निरंतर निकासी के कारण हुई। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को धमकी दी कि यदि क्क्रढ्ढष्ट

समूह के देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने का प्रयास करेंगे तो उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। इसके अलावा, बाजार सहभागी 6 दिसंबर को आने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति से भी संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें संभवतः मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.75 पर खुला और एक सीमित दायरे में घूमते हुए 84.76 के सर्वकालिक निम्नतम स्तर को छू गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 4 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे गिरकर 84.72 के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर बंद हुआ। डॉलर सूचकांक, जो छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापता है, 0.07 प्रतिशत बढ़कर 106.51 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.18 प्रतिशत बढ़कर 71.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इस बीच, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को संसद में कहा कि मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद रुपया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में से एक बना हुआ है, जो भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद का संकेत है। उन्होंने कहा कि रुपये के अवमूल्यन का एक मुख्य कारण अमेरिकी डॉलर की व्यापक मजबूती है। उन्होंने कहा, ÷वर्ष 2024 के दौरान, 19 नवंबर 2024 तक डॉलर सूचकांक में लगभग 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हाल ही में, डॉलर सूचकांक 22 नवंबर 2024 को 108.07 के स्तर को छू गया, जो एक वर्ष से अधिक समय में इसका उच्चतम स्तर है, जिससे उभरते बाजार की मुद्राओं पर दबाव बढ़ रहा है।

दूसरी छमाही में फिर से उछाल का अनुमान

मॉर्गन स्टेनली ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाया

दिल्ली। मॉर्गन स्टेनली की ओर से सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही में विकास में मंदी के बाद भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को डाउनग्रेड किया गया है। 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि साल-दर-साल (YoY) धीमी होकर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो मार्च 2023 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है।

बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने चालू वित्त वर्ष (स्नङ्घ25) के लिए भारत के जीडीपी विकास अनुमान को 6.7 प्रतिशत के अपने पहले के अनुमान से संशोधित कर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही में विकास में मंदी के बाद जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को डाउनग्रेड किया गया है। 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि साल-दर-साल (ङ्घशङ्घ) धीमी होकर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो मार्च 2023 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है। यह पिछली तिमाही में दर्ज 6.7 प्रतिशत की वृद्धि से काफी कम थी और मॉर्गन स्टेनली के 6.3 प्रतिशत के पूर्वानुमान और 6.5 प्रतिशत के आम सहमति के अनुमान से भी कम थी। निजी खपत और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) दोनों में मंदी स्पष्ट थी। दूसरी ओर, सेवा क्षेत्र ने लचीलापन दिखाया, जो 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि उद्योग क्षेत्र 3.9 प्रतिशत पर पिछड़ गया, जिसमें विनिर्माण और बिजली क्षेत्र उल्लेखनीय रूप से पिछड़ गए। इस मंदी के बावजूद, मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि विकास के निचले स्तर पर पहुंचने की संभावना है और वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में फिर से उछाल का अनुमान है। रिपोर्ट में अक्टूबर और नवंबर में विकास में सुधार के संकेतों पर प्रकाश डाला गया है, जो एक मजबूत त्यौहारी और शादियों के मौसम से प्रेरित है, और वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि औसतन 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

शीर्ष-8 शहरों में 11 फीसदी तक बढ़े मकानों के दाम

नई दिल्ली। रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत मांग और बाजार की सकारात्मक धारणा के कारण सितंबर तिमाही में मकानों की औसत कीमत बढ़कर 11,000 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है। दिल्ली-एनसीआर में दाम 8,655 रुपये प्रति वर्ग फीट से 32 फीसदी बढ़कर 11,438 रुपये प्रति वर्ग फीट पहुंच गया। मजबूत मांग के कारण देश के शीर्ष-8 शहरों में चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में मकानों की कीमतें सालाना आधार पर 11 फीसदी तक बढ़ गई हैं।

दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक 32 फीसदी की तेजी आई है। क्रेडाई, कोलियर्स और लियासेस फोरास की संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 के बाद से मकानों की औसत कीमतें लगातार 15वीं तिमाही बढ़ी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत मांग और बाजार की सकारात्मक धारणा के कारण सितंबर तिमाही में मकानों की औसत कीमत बढ़कर 11,000 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है। दिल्ली-एनसीआर में दाम 8,655 रुपये प्रति वर्ग फीट से 32 फीसदी बढ़कर 11,438 रुपये प्रति वर्ग फीट पहुंच गया। चेन्नई में सबसे कम दो फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। बंगलूरू में मकानों के दाम 24 फीसदी, अहमदाबाद में 16 फीसदी, पुणे में 10 फीसदी, मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में चार फीसदी बढ़े हैं। हैदराबाद और कोलकाता में औसत कीमत तीन-तीन फीसदी बढ़ी है।

रियल एस्टेट में एआईएफ निवेश 75,500 करोड़

वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की ओर से भारतीय रियल एस्टेट में कुल निवेश 75,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एआईएफ का सभी क्षेत्र की तुलना में यह सबसे अधिक निवेश है। सेबी के अनुसार, पहली छमाही में एआईएफ के कुल 4.49 लाख करोड़ में से रियल एस्टेट में 17 फीसदी निवेश आया है। पिछले साल यह 68,540 करोड़ रहा था।

सेंसेक्स में 120 अंक की बढ़त, निफ्टी 24,300 पर

मुंबई। शुरुआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 300.98 अंक चढ़कर 80,549.06 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई का निफ्टी 101.85 अंक चढ़कर 24,377.90 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील में सर्वाधिक लाभ रहा। घरेलू शेयर बाजार में कारोबार में तेजी देखी गई है। सुबह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही हरे निशान पर खुले। जहां सेंसेक्स कल के बंद के मुकाबले 120 अंक ऊपर चढ़कर 80,350 तक के आंकड़े पर पहुंच गया, वहीं निफ्टी भी 33 अंक ऊपर खुला और 24,309 तक पहुंच गया।

ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप हांगकांग में छत्तीसगढ़ की बेटी दिव्या ने जीता कांस्य पदक

सेमीफाइनल में रेड कार्नर से हॉगकॉग की खिलाड़ी होई ई वॉन्ग से हुआ मुकाबला

रायपुर/नवप्रदेश। ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप हॉगकॉग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं छत्तीसगढ कि बेटी दिव्या अग्रवाल ने काँस्य पदक अपने नाम कर अपने देश भारत व राज्य छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।

आईओसी से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई संस्था आईएफएमए और एशियाई संस्था एफएएमए के तत्वावधान में हॉगकॉग में आयोजित ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप में यूनाइटेड म्यू थाई

एसोसिएशन इण्डिया के माध्यम से भारत का प्रतिनिधित्व कर रही ब्लू कॉर्नर से रायपुर (छत्तीसगढ़) की कु. दिव्या अग्रवाल का सेमीफाइनल में रेड कार्नर से हॉगकॉग की खिलाड़ी होई ई वॉन्ग (Hoi yi Wong) से मुकाबला हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि फाइनल प्रवेश के लिए जोर आजमाइश करते बगैर चेस्ट गार्ड के खेले जाने वाले फुल कॉन्टैक्ट गेम में दोनों महिला खिलाड़ियों ने पूरा जोर लगा दिया। पंच, किक, नी, एल्बो के विभिन्न अनवरत वार करते हुए दोनों खिलाड़ी जबरदस्त खेल रहे थे। किन्तु भारत की दिव्या अग्रवाल को दो कॉउंट मिलने के बाद प्लेयर सेफ्टी पॉवर का उपयोग करते हुए सेन्टर रेफरी ने मुकाबला वही रोक हॉगकॉग की खिलाड़ी को विजेता घोषित किया और दिव्या अग्रवाल को काँस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

गडकरी बोले- प्रदूषण के कारण दिल्ली नहीं आना चाहते

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत 22 लाख करोड़ रुपये मूल्य के जीवाश्म ईंधन का आयात करता है, जो अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण है। गडकरी ने दिल्ली के वायु प्रदूषण पर भी टिप्पणी की। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर से परेशान केंद्रीय मंत्री एवं नागपुर से सांसद नितिन गडकरी ने मंगलवार को स्वीकार किया कि उन्हें राष्ट्रीय राजधानी आने का मन नहीं करता, क्योंकि यहां उन्हें अक्सर संक्रमण हो जाता है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि दिल्ली शहर ऐसा है कि ''मुझे यहां रहना पसंद नहीं है। यहां प्रदूषण के कारण मुझे संक्रमण हो जाता है।'' उन्होंने कहा, हर बार दिल्ली में आता हुआ, ऐसा लगता है कि (दिल्ली) जाना चाहिए की नहीं। इतना भयानक प्रदूषण है (हर बार, दिल्ली आते समय, मैं सोचता हूं कि मुझे जाना चाहिए या नहीं क्योंकि प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है। गडकरी ने सुझाव दिया कि प्रदूषण कम करने का सबसे अच्छा तरीका जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करना है। दिल्लीवासियों को मंगलवार को वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार महसूस हुआ और सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 274 रहा, जो

लगातार तीसरे दिन राहत भरा रहा। दिल्लीवासियों के लिए दिसंबर की शुरुआत में सांस लेना नवंबर की तुलना में अपेक्षाकृत आसान रहा है, क्योंकि नवंबर के अधिकांश दिनों में हवा जहरीली बनी रही थी। गडकरी ने कहा कि भारत 22 लाख करोड़ रुपये मूल्य के जीवाश्म ईंधन का आयात करता है, जो अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''हम वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देकर जीवाश्म ईंधन के आयात को कम कर सकते हैं।'' अपने बेबाक विचारों के लिए मशहूर गडकरी ने कहा कि भारत के सामने सबसे बड़ी समस्या गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी है, इसलिए आने वाले समय में सरकार को आर्थिक और सामाजिक समानता हासिल करना सुनिश्चित करना होगा।

रिपोर्ट | **व्यस्त त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद श्रम बाजार ठंडा पड़ गया**

नवंबर में बेरोजगारों की संख्या 34 लाख घटी, पांच लाख को ही मिला रोजगार

दिल्ली। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यस्त त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद श्रम बाजार ठंडा पड़ गया। नवंबर में करीब 29 लाख लोगों ने श्रम बाजार छोड़ दिया। अक्टूबर में देश में 3.97 करोड़ बेरोजगार थे, जिनकी संख्या नवंबर में करीब 34 लाख घटकर 3.62 करोड़ रह गई। देश में बेरोजगारी दर अक्टूबर में 8.7 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद नवंबर, 2024 में घटकर 8 फीसदी रह गई। इस दौरान बेरोजगारों की संख्या में 34 लाख की बड़ी गिरावट देखने को मिली, जबकि रोजगार सिर्फ पांच लाख लोगों को ही मिला। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले माह घटने के बावजूद बेरोजगारी दर अब भी अधिक है। नवंबर लगातार दूसरा महीना रहा, जब बेरोजगारी दर 8 फीसदी या उससे अधिक रही है। दिसंबर में भी इसके उच्च स्तर पर रहने का अनुमान है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यस्त त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद श्रम बाजार ठंडा पड़ गया। नवंबर में करीब 29 लाख लोगों ने श्रम बाजार छोड़ दिया। अक्टूबर में देश में 3.97 करोड़ बेरोजगार थे, जिनकी संख्या नवंबर में करीब 34 लाख घटकर 3.62 करोड़ रह गई। एक व्यक्ति को बेरोजगार तब माना जाता है, जब उसे रोजगार नहीं मिल पाता है, लेकिन वह सक्रिय रूप से काम की तलाश करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 34 लाख लोगों में से करीब 30 लाख ने रोजगार की तलाश बंद कर दी। हालांकि, ये 30 लाख लोग दिसंबर में रोजगार की तलाश में आसानी से श्रमबल में वापस आ सकते हैं। इनमें से करीब 10 लाख लोग बेरोजगारों की श्रेणी में आ गए हैं। इसका मतलब है कि वे काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सक्रिय रूप से रोजगार नहीं ढूंढ़ रहे हैं। दिसंबर में श्रमबल में वृद्धि होने के कारण श्रम बाजारों पर अतिरिक्त रोजगार

देने का दबाव होगा। रोजगार बढ़ने के बावजूद दिसंबर में बेरोजगारी दर 8 फीसदी से अधिक रह सकती है। सीएमआईई के मुताबिक, श्रमबल भागीदारी दर (एलपीआर) अक्तूबर के 41.2 फीसदी से घटकर 40.8 फीसदी रह गई। नवंबर में एलपीआर में हल्की कमी सामान्य है और यह गिरावट मौसमी हो सकती है। दिसंबर में एलपीआर मौसमी वृद्धि की उम्मीद है। पिछले महीने रोजगार मिलने की दर में मामूली गिरावट देखने को मिली और यह अक्तूबर के 37.56 फीसदी से घटकर 37.55 फीसदी रह गई। रोजगार मिलने की दर में यह लगातार चौथे महीने गिरावट है। अगस्त में यह दर 38 फीसदी रही थी।

ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी से बाजार में तीसरे दिन भी तेजी

नई दिल्ली। बीएसई का सेंसेक्स 597.67 अंक या 0.74 प्रतिशत उछलकर 80,845.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 701.02 अंक या 0.87 प्रतिशत बढ़कर 80,949.10 अंक पर पहुंचा।

एनएसई निफ्टी 181.10 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 24,457.15 अंक पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच मंगलवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे सत्र में तेजी रही। मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स 597.67 अंक या 0.74 प्रतिशत उछलकर 80,845.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 701.02 अंक या 0.87 प्रतिशत बढ़कर 80,949.10 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 181.10 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 24,457.15 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया तीन पैसे चढ़कर 84.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर। सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में करीब 6 फीसदी की तेजी आई।

अंबिकापुर और जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए 48 करोड़ रुपए की राशि मंजूर

जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए 20.40 करोड़ स्वीकृत, सुरक्षा और सुविधाएं बढ़ेंगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एक और कदम उठाते हुए जगदलपुर एयरपोर्ट के सुधार कार्यों के लिए 20.40 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है।

यहां एयरस्ट्रिप को उन्नत बनाया जाएगा, जिससे एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। आपातकालीन परिस्थितियों में विमानों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए आइसोलेशन बे बनाया जाएगा। एयरपोर्ट तक पहुंचने वाली सड़कों को चौड़ा किया जाएगा, जिससे यातायात में सुगमता आएगी। एयरपोर्ट के चारों ओर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वायर फेंसिंग का निर्माण होगा।

इन सुधार कार्यों से जगदलपुर एयरपोर्ट की कार्यक्षमता और सुरक्षा मानकों में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह कदम राज्य में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और सुदृढ़ करेगा, जिससे यात्रियों और एयरलाइंस को बेहतर अनुभव मिलेगा।

अंबिकापुर एयरपोर्ट का सुधरेगा बुनियादी ढांचा

छत्तीसगढ़ सरकार ने एअर कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 27.92 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। यह राशि एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और संचालन क्षमता को बेहतर बनाने

में खर्च की जाएगी। इन सुधारों से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और एयरपोर्ट संचालन अधिक कुशल बनेगा। अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय व्यापार, पर्यटन और परिवहन क्षेत्र को नई गति मिलेगी। राज्य सरकार का यह कदम छत्तीसगढ़ को बेहतर हवाई संपर्क प्रदान करने के लक्ष्य का हिस्सा है।

न्यूज़ गैलरी

एनीकट निर्माण कार्य के लिए 4.95 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने सरगुजा जिले के विकासखंड लुण्ड्रा के ग्राम असकला में गागर नदी पर एनीकट एवं काजवे के निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 95 लाख 73 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के निर्माण निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन एवं सोलर संयंत्र और पाईप डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के माध्यम से करीब 175 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ एवं रबी की फसलों के लिए क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। सिंचाई योजना के निर्माण कार्य को करने के लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

रासेयो शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम

भटगांव-रायपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसी विशेष शिविर का आयोजन ग्राम भटगांव में21.11.24से 27.11.24 किया गया। इसमें कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी के संयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, गीत, नृत्य संगीत, कविता, प्रहसन मूक अभिनय, मिमिक्री एवं शानदार गीत गजल के माध्यम से रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गेश देवांगन सरपंच भटगांव अध्यक्ष टी.आर.नागवंशी प्राचार्य खरतुली और विशिष्ट अतिथि मुकेश देवांगन पंच ,दिनेश पांडे एच एम भटगांव रामचंद्र देवांगन पंच , विदेशी साहू पंच, शिक्षक चेतन साहू, संजय कुमार सिन्हा, राम सिंह मांडवी, रामकुमार विश्वकर्मा भूपेंद्र दास मानिकपुरी, एसएमसी सदस्य पूनम साहू ,नंदिनी साहू कार्यक्रम का सफल मंच संचालन व्याख्याता सुरेश साहू द्वारा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकेत साहू , त्रिलोचन देवांगन, प्रशांत गिरी , अनिल साहू ने सहयोग प्रदान किया। स्वयं सेवकों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देकर दर्शकों को मंत्र मुग्धकर दिया एवं दर्शकों ने इस कार्यक्रम का देर रात तक लुत्फ उठाया।

कलेक्टर ने एसडीएम, जनपद और तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह आज एसडीएम, जनपद और तहसील कार्यालयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जनपद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान मनरेगा शाखा, खनिज शाखा, निर्माण शाखा और प्रधामंत्री आवास शाखा के पंजी का निरीक्षण किया और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। कार्यालय में आए हुए प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से मुलाकात की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन्हें नियमानुसार योजना का लाभ दिया जाए। तहसील और एसडीएम कार्यालय निरीक्षण के दौरान कोर्ट में गए और पुराने प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय पर निराकरण करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, सीएमएचओ श्री मिथिलेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय खंडेलवाल, एसडीएम श्री पुष्पेन्द्र शर्मा, तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सरेआम शराब पीते 73 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते अलग-अलग थाना क्षेत्र से 73 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने रावनभाठा, नेवरा पुलिस , अभनपुर, पुरानी बस्ती से धराए। इसी तरह उरला, गंज, खम्हारडीह, मौदहापारा , टिकरापारा, देवेन्द्र, आजाद चौक, सरस्वती नगर, गुढ़ियारी क्षेत्र में कार्रवाई हुई है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। शिवानंद नगर खमतराई में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोहन साहू 27 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 सी 5832 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नशीली दवा विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई, पुलिस की टीम ने मारा छापा

बिना चिकित्सकीय पर्ची से नशीली दवाओं की हो रही थी बिक्री

रायपुर/नवप्रदेश। नशीली दवा की बिक्री के खिलाफ राजधानी में सोमवार को बड़ी कार्रवाई हुई। पुलिस और प्रशासन को लगातार शिकायत मिल रही थी कि राजधानी के अधिकतर मेडिकल स्टोर्स पर नशीली दवाओं की बिक्री की जा रही है। कलेक्टर-एसएसपी की नाराजगी के बाद शहर के अलग-अलग इलाकों के 30 मेडिकल स्टोर्स पर छापेमार कार्रवाई की गई। औषधि विभाग एवं पुलिस के करीब 50 अधिकारियों की 11 संयुक्त टीम ने दुकानों में छापे मारे। जांच के दौरान रायपुरा स्थित जय दुर्गा मेडिकल स्टोर्स में बिना प्रिस्क्रिप्शन नारकोटिक्स दवाई बेची जा रही थी।

विभाग ने उसके खिलाफ कार्रवाई की। चंगोराभाठा में स्थित दिनेश मेडिकल स्टोर्स, खरोरा के श्री मेडिकल स्टोर्स व गुजरात मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाइयां जब्त की गई। मेडिकल स्टोर्स के संचालक इन दवाइयों की बिक्री को लेकर कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। इसके बाद औषधि विभाग के अफसरों ने चारों मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा अन्य दुकानों में औषधि नियमावली का उल्लंघन पाया गया। इन सभी दुकान संचालकों को स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है।

गौरतलब है कि औषधि विभाग की ओर से नशीली दवाओं की बिक्री के खिलाफ पिछले 6 महीने में जिले के 52 मेडिकल स्टोर्स को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। इनमें 33 मेडिकल संचालकों के लाइसेंस निलंबित और पांच के निरस्त किए गए। अफसरों का दावा है कि नशीली दवाओं के प्रतिबंध के लिए छापामार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

26 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर

गरियाबंद-रायपुर। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले तैनात किए गए नए एसपी निखिल राखेचा ने ज्वाइन करते ही एक्शन मोड में आ गए हैं. उन्होंने सोमवार देर रात जिले के 26 पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर का आदेश जारी कर दिया. इनमें एक एएसआई, 6 प्रधान आरक्षक, 18 आरक्षक और 1 डीसीपी रैंक का अधिकारी शामिल हैं। गरियाबंद जिले के नए एसपी निखिल राखेचा ने देर रात जारी आदेश में कुल 26 पुलिस कर्मियों को ट्रांसफर का आदेश जारी किया है. माना जा रहा है कि नए एसपी राखेचा ने जिले में तैनात पुलिस कर्मियों के काम में कसावट लाने के लिए ट्रांसफर का आदेश जारी किया है।

स्कूल की महिला एकाउंटेंट ने 6 लाख से अधिक का किया गबन

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी स्थित महावीर स्कूल के महिला एकाउंटेंट ने स्कूल की फीस 6 लाख 17206 रुपए का गबन कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी विरेन्द्र महेश्वरी 56 वर्ष गुढ़ियारी पड़ाव का रहने वाला है। प्रार्थी का गुढ़ियारी में महावीर स्कूल है। जिसमें आरोपिया सविता साहू 24 वर्ष एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि आरोपिया सविता बच्चों की स्कूल फीस 6 लाख 17206 रुपए को बैंक में जमा ना कर स्वयं उपयोग कर लिया। गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

उपसरपंच पर गोली चलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर-रायपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के शंकरगढ निवासी कृषक व उपसरपंच पर गोली चलाने की घटना में एक और गिरफ्तारी हुई है। घटना में प्रयुक्त पिस्टल 40 हजार रुपये में बिक्री करने वाले आरोपित ग्राम नवाडीह थाना पाटन पलामू निवासी अभिषेक तिवारी (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल चार आरोपितों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जमीन संबंधी पुराने विवाद पर किसान को गोली मारी गई थी।

शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परेवा निवासी वासुदेव यादव (55) पर 19 अक्टूबर की शाम बाइक सवार युवकों ने गोली मारी थी। घटना के समय वे टमाटर के खेत से बाइक से लौट रहे थे। किसान को तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया था। वासुदेव यादव को गोली मारने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने कुछ दिनों में ही पिस्टल उपलब्ध कराने व वारदात को अंजाम देने में सहयोग करने वाले दो-दो सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में जमीन विवाद की रंजिश में गोली मारने की बात सामने आई थी।पुलिस ने शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा निवासी सुकेश यादव (22) ,ग्राम गिरजापुर निवासी संतोष पैंकरा उर्फ बोखा (25) ,उसके बड़े भाई विश्वनाथ पैंकरा (28) तथा झारखंड के डाल्टनगंज सिंचाई कॉलोनी निवासी अश्विनी चौबे (28) को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, चार खाली कारतूस, एक मैग्जीन, दो जिंदा कारतूस, दो बाइक व एक मोबाइल जब्त किया था।आरोपितों को जेल भेजने के साथ पुलिस की जांच जारी थी। पुलिस जांच में पता चला था कि आरोपितों को अभिषेक तिवारी ने पिस्टल उपलब्ध कराया था। सुकेश यादव, संतोष पैकरा, अश्विनी चौबे ने डाल्टेनगंज में आरोपित अभिषेक तिवारी से संपर्क कर 40 हजार में पिस्टल खरीदा था। आरोपित अभिषेक तिवारी को 20 हजार रुपये नकद दिया गया था। शेष 20 हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर किया गया था। आरोपित अभिषेक तिवारी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

०००

बालको सुरक्षा संकल्प के 3 वर्ष पूरे सुरक्षा संस्कृति को मिली मजबूती

कोरबा/नवप्रदेश। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी मासिक सुरक्षा पहल 'सुरक्षा संकल्प0 के तीन साल पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों दोनों की भागीदारी शामिल है, जिसने संयंत्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिणामस्वरूप संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा मानकों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

दिसंबर 2021 से आरंभ सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग, कॉउंसिलिंग, मॉनिटिरिंग और त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करने में निहित सुरक्षा संस्कृति का पोषण करना है। प्रत्येक महीने के पहले दिन आयोजित होने वाले व्यापक प्रशिक्षण सत्रों ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर रचनात्मक परिवर्तन

लाने के लिए प्रेरित करते हुए सुरक्षा-प्रथम व्यवहार को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगातार तीसरने वर्ष में आयोजित 36वें प्रशिक्षण में 1500 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों ने हिस्सा लिया। सभी इस पहल के माध्यम से सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में तीन वर्षों के समर्पित प्रयासों का जश्न मना रहे थे।

सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया

सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई विभिन्न प्रकार की थीम को शामिल करता है। कंपनी सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित करने के साथ विभिन्न टीमों के भीतर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया है। पुरस्कृत व्यक्ति अपने विभागों के भीतर सुरक्षा जागरूकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखाई है और दूसरों को कार्यस्थल में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी में हम जीरो हार्म के अपने दृष्टिकोण का पालन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करते हैं। सुरक्षा संकल्प0 एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक रहा है जो हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भलाई को प्राथमिकता देने के साथ एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करता है।

उद्योग मंत्री निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन बुधवार 4 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे अटल नगर नवा रायपुर में नीति आयोग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित प्रदेश की नई औद्योगिक नीति पर आधारित निर्यात प्रोत्साहन एवं निवेश हेतु स्टेकहोल्डर कनेक्ट कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम नवा रायपुर के रेस्टो सीजी 04 सेक्टर 19 में आयोजित होगा। इसके पश्चात् उद्योग मंत्री अपरान्ह 3 बजे मुख्यमंत्री जी के साथ निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने एवं छत्तीसगढ़ के उद्योगों को वैश्विक बाजार के लिए तैयार करने संबंधी पैनल चर्चा में शामिल होंगे।

अंधेकत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

कबाड़ चुनने वाले युवक ने आपसी रंजिश को लेकर की थी हत्या

कोरबा/नवप्रदेश। शहर के ट्रांसपोर्टनगर क्षेत्र में मोटर गैरेज संचालक के अंधे कत्ल के मामले में पुलिस की विशेष टीम ने सफलता हासिल करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गैरेज संचालक के आए दिन गाली-गलौच व मारपीट की वजह से आरोपी ने उसकी हत्या की थी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि 19 नवंबर को प्रार्थी सुखनंदन बंजारे पिता नटवर बंजारे उम्र 32 साल सा0 केनापाली थाना डभरा जिला सक्ती हाल मुकाम राजेश गैरेज टीपी नगर

कोरबा जिला कोरबा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि आहत खेमलाल बंजारे पिता नटवर बंजारे उम्र 45 साल सा0 केनापाली थाना डभरा जिला सक्ती हाल मुकाम रामू गैरेज टीपी नगर कोरबा जिला कोरबा इसका मंझला बड़ा भाई है, जो काफी सालों से गांव छोडकर कोरबा टीपी नगर में रहकर रामू साहू के साथ मिलकर गैरेज का काम करता है तथा गैरेज में ही रहता एवं सोता है।18 नवंबर को सायं करीब 4 बजे खेमलाल ने इसे गैरेज आकर बताया था कि वह यूनियन बैंक में खाता खोलवाया है और अपने गैरेज चला गया था उसके बाद 19 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे जब यह चाय पीने देवांगन होटल के पास आया था तब यादव पान ठेला वाले ने बताया कि तरुण गैरेज के पास मर्डर हो गया है तब वहां जाकर देखा तो इसका बड़ा भाई खेमलाल बंजारे की हत्या करने की नीयत से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सिर में टॉयलेट सीट पटक कर मारा गया है, जिसे सिर में गंभीर चोंट आया है एवं बेहोशी की हालत में तथा मरने की कगार पर है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कमाक 719/2024 धारा 109 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और इसके निराकरण के निर्देष दिए। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देष दिए। जनदर्षन में ई-रिक्षा सिटी लाइफ युवा समिति ने इलेक्ट्रॉनिक ऑटोरिक्षा चार्जिंग पॉइंट बनाने की मांग की। मुड़ापार के संजय कुमार राज ने अपनी बहन की मृत्यु पश्चात प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत राशि दिलाने, ग्राम अखरापाली के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय

राजमार्ग में प्रभावित आंगनबाड़ी को पुनः बनाने पहाड़ी कोरवा, शनिचरी बाई ने स्थानांतरण कराने, जपेली के छतराम ने सीमांकन के आवेदन दिए । इसी तरह अन्य ग्रामीणों ने भी कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्षन में कलेक्टर के समक्ष उपचार, प्रधानमंत्री आवास, आर्थिक सहायता, बेजा कब्जा हटाने, अतिक्रमण की षिकायत, आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्षन में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने प्राप्त सभी आवेदनों का समय पर निराकरण के निर्देष दिए हैं।

समीक्षा बैठक... *कहा-टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण समयसीमा में सुनिश्चित करें*

आयुक्त ने लगाई अफसरों की क्लॉस

कोरबा/नवप्रदेश। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि टी.एल.प्रकरणों तथा जनशिकायतों से जुड़े मामलों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाए तथा जनसेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यो का संपादन सर्व-प्राथमिकता के साथ हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण के प्रति उदासीनता एवं लेट-लतीफी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदारी तय की जा कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर टी.एल. प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनचैपाल, कलेक्टर जन चैपाल, पृष्ठांकित महत्वपूर्ण पत्रों, पी.जी.एन. प्रकरणों, जनशिकायतों आदि के निराकरण व उन पर की गई कार्यवाही तथा लंबित प्रकरणों की बिन्दुवार, विभागवार समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्टर टी.एल., मुख्यमंत्री जनचैपाल, निगम की टी.एल., पृष्ठांकित महत्वपूर्ण पत्रों, पी.जी.एम.प्रकरणों, जनशिकायतों आदि से संबंधित प्रकरणों का

निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें साथ ही यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि जनसेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़े निगम के कार्य सर्व-प्राथमिकता के साथ संपादित कराए जाएं ताकि आमजन को मूलभूत जरूरतों की पूर्ति सुगमता के साथ होती रहे, उन्हें अनावश्यक परेशानी न हों। बैठक में आयुक्त श्री पाण्डेय ने निदान, सूचना के अधिकार, सिटी बस संचालन, वाटर हार्वेस्टिंग, राजस्व वसूली, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न विषयों व निगम से संबंधित सेवाओं व सुविधाओं पर किए जा रहे कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कार्यो में अपेक्षित कसावट लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा

बैठक के दौरान आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, निगम मद, सांसद मद, प्रभारी मंत्री मद, सी.एस.आर.मद, विधायक, महापौर, पार्षद व एल्डरमेन मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के तहत किए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए।

आयुष्मान कार्ड बनाने चलेगा विशेष अभियान

कोरबा/नवप्रदेश। नगर निगम कोरबा क्षेत्र में आयुष्मान व वयवंदन योजना के कार्ड बनाए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा, इस हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में राशन वितरण केन्द्रों व अन्य निर्धारित स्थलों पर शिविर लगाए जाएंगे, साथ ही 70 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले नागरिकों के कार्ड निर्माण हेतु टीमें उनके घर भी पहुंचेगी।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सर्वसंबंधितों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना वयवंदन योजना के अंतर्गत 70 वर्ष व इससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठजनों को 05 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने का प्रावधान है, इसके लिए सभी हितग्राहियों का के.वाई.सी. कर उनका वयवंदन कार्ड बनाया जाना हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि वार्डवार हितग्राहियों को सूचीबद्ध करते हुए शतप्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड व वयवंदन योजना के कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654